

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

■ रायपुर,गुरुवार 22 अगस्त 2024 ■ भाद्र कृष्ण पक्ष-03 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-144 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 23 अगस्त 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

phone: 0771-2543112


## संक्षेप




आज बहुला चौथ व्रत

### एयर इंडिया फ्लाइट में बम की धमकी, सेफ लैंडिंग

**मुंबई 22 अगस्त।** मुंबई से उड़ान भरने वाली एयर इंडिया फ्लाइट में गुरुवार सुबह बम रखे जाने की धमकी दी गई। इसके बाद सुरक्षा की दृष्टि से विमान को तुरंत केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतारा गया। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने फुल इमरजेंसी घोषित करते हुए फ्लाइट से सभी 135 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला और इस विमान को एक अलग स्थान पर ले जाया गया, जहां बम निरोधक दस्ता इसकी जांच कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बम की धमकी मिलने पर तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर सुबह 8 बजे फ्लाइट की सेफ लैंडिंग कराई गई। सूत्रों के अनुसार, पायलट ने धमकी की सूचना सुबह 7:30 बजे दी थी, जिसके बाद एयरपोर्ट पर 7:36 बजे इमरजेंसी घोषित की गई। सभी यात्रियों को सुबह 8.44 बजे तक सुरक्षित निकाल लिया गया। इस घटना में किसी तरह से जान माल के नुकसान की खबर नहीं है। एयरपोर्ट की सामान्य गतिविधियां बेरोकटोक जारी हैं। बम की धमकी किसने और कहां से दी, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

### नगरीय प्रशासन विभाग में बड़ा फेरबदल

**रायपुर 22 अगस्त।** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने 166 अधिकारियों और कर्मचारियों की नवीन पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। विभाग द्वारा मंत्रालय से इस संबंध में चार अलग-अलग आदेश जारी किए गए हैं। स्थानांतरित अधिकारियों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी से लेकर मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक, स्वच्छता निरीक्षक, राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, लेखापाल, सहायक ग्रेड-2, कैशियर, सफाई दरोगा, वाहन चालक, पंप अटेंडेंट और सफाई कामगार शामिल हैं।

### अलकायदा से प्रेरित आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश

**नई दिल्ली।** झारखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के पुलिस बलों के साथ एक संयुक्त अभियान में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने अल-कायदा से प्रभावित एक आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। मॉड्यूल का नेतृत्व रांची से डॉ. इश्तियाक कर रहा था और कथित तौर पर देश भर में कई आतंकी हमलों की योजना बना रहा था। राजस्थान के भिवाड़ी में हथियार प्रशिक्षण के दौरान छह संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि झारखंड और उत्तर प्रदेश में आठ और संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। कथित तौर पर आतंकी मॉड्यूल देश भर में कई हमलों को अंजाम देने की योजना बना रहा था। समूह के सदस्यों ने विभिन्न स्थानों पर हथियारों का प्रशिक्षण प्राप्त किया था। ऑपरेशन के तहत, राजस्थान के भिवाड़ी में छह संदिग्ध आतंकवादियों को हथियार प्रशिक्षण के दौरान गिरफ्तार किया गया। साथ ही झारखंड और उत्तर प्रदेश से आठ संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। दिल्ली पुलिस ने छापेमारी के दौरान हथियार, गोला-बारूद और साहित्य बरामद किया, जो अभी भी जारी है। स्पेशल सेल ने संभावित आतंकवादी गतिविधियों को विफल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण सफलता मिली।

# सबूतों से छेड़छाड़, देर से एफआईआर: सीबीआई

## कोलाकाता केस में जज ने कहा- 30 साल में ऐसा नहीं देखा

■ **नई दिल्ली 22 अगस्त**

कोलकाता की डॉक्टर के रेप और मर्डर केस की जांच कर रही सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर दी है। एजेंसी ने अदालत में सुनवाई के दौरान बंगाल पुलिस और सरकार पर आरोपों की झड़ी लगा दी। अदालत ने कहा कि घटनास्थल से छेड़छाड़ की गई है। ऐसी स्थिति में जांच शुरू कर पाना भी मुश्किल है।

कोलकाता की डॉक्टर के रेप और मर्डर केस की जांच कर रही सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर दी है। एजेंसी ने अदालत में सुनवाई के दौरान बंगाल पुलिस और सरकार पर आरोपों की झड़ी लगा दी। अदालत ने कहा कि घटनास्थल से छेड़छाड़ की गई है। इसके चलते कुछ सबूत भी खत्म होने का संकट है। हालत ऐसी है कि जांच शुरू कर पाना भी एक चुनौती है। सीबीआई का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, पहली एफआईआर पीड़िता के अंतिम संस्कार के बाद रात को 11:45 बजे दर्ज हुई। पहले पैरेंट्स को बताया गया कि आपकी बेटी ने सुसाइड कर लिया है। फिर मौत बताया। इसके बाद जब पीड़िता के दोस्तों ने वीडियोग्राफी की बात कही तो ऐसा नहीं किया गया। ऐसा साफ लगता है कि इस केस में कुछ गड़बड़ी हुई है।

इस केस की सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच का रवैया भी सख्त दिखा। अदालत ने



बंगाल सरकार के वकील कपिल सिब्बल से पूछा कि कब पता चला कि यह अप्राकृतिक मौत का मामला लगता है। इस पर कपिल सिब्बल ने कहा कि दोपहर 1:45 मिनट पर यह दर्ज किया गया। इसके बाद ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट का फैसला लिया गया।

इस दौरान जस्टिस जेबी पारदीवाला ने यह भी कहा कि मैंने 30 सालों में ऐसी घटना नहीं देखी। उन्होंने कहा कि पुलिस ने इस मामले में सही प्रक्रिया का पालन ही नहीं किया।कोर्ट ने यह भी कहा कि जब सुबह के वक्त ही पता चल गया कि यह अप्राकृतिक जांच का मामला है तो फिर क्राइम सीन को चिह्नित करके घेराबंदी करने में देरी क्यों की गई। इस पर कपिल सिब्बल ने कहा कि ऐसा नहीं है। पूरे क्राइम सीन की वीडियोग्राफी भी कराई गई थी।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने इस दौरान यह भी कहा कि डॉक्टरों को काम पर लौट जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि डॉक्टरों को कई बार लगातार 36 घंटे तक काम करना पड़ता है। इसके अलावा खराब परिस्थितियों में भी काम करते हैं। चीफ जस्टिस ने कहा, 'कृपया डॉक्टरों को भरोसा दिलाएं कि हम उनके लिए चिंतित हैं कि उन्हें 36 घंटे काम करना पड़ता है। हम सभी के परिवार में लोग हैं और रिश्तेदार हैं और हम लोग भी सरकारी अस्पताल जाते हैं। एक बार मैं सरकारी अस्पताल के फर्श पर भी सोया, जब एक रिश्तेदार बीमार थे। हमने देखा कि कैसे डॉक्टरों को 36 घंटे तक भी लगातार काम करना पड़ता है।'

### डॉक्टरों से फिर से काम शुरू करने का आह्वान

न्यायालय ने प्रदर्शनकारी डॉक्टरों से काम पर लौटने का आग्रह किया और इस बात पर जोर दिया कि उनकी चिंताओं को गंभीरता से लिया जा रहा है। 9 अगस्त को अस्पताल के सेमिनार हॉल में प्रशिक्षु डॉक्टर का शव मिलने के बाद राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया, जिसके परिणामस्वरूप एक संदिग्ध की गिरफ्तारी हुई और 13 अगस्त को मामला सीबीआई को स्थानांतरित कर दिया गया।

### डॉक्टर के साथ नहीं हुआ गैंगरेप: सीबीआई

सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता बलात्कार-हत्या मामले का स्वत- संज्ञान लेते हुए 22 अगस्त को सीबीआई को अपनी जांच पर एक स्थिति रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा था। सीबीआई को अस्पताल में भीड़ की बर्बरता की भी जांच करनी थी और सभी विवरण प्रदान करने थे। सीबीआई ने इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की है। कोलकाता की प्रशिक्षु डॉक्टर की हत्या के मामले में अब तक की गई सीबीआई की जांच से संकेत मिला है कि उसके साथ सामूहिक बलात्कार नहीं हुआ था। सीबीआई को 13 अगस्त को जांच सौंपी गई थी। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 31 वर्षीय डॉक्टर के बलात्कार और हत्या में एक व्यक्ति संजय रॉय की संलिप्तता पाई गई है।

# स्वास्थ्य मंत्री ने सरकारी अस्पतालों का किया औचक निरीक्षण



**रायपुर 22 अगस्त।** लगातार मिल रही शिकायतों के बाद राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल आज प्रदेश के सबसे बड़े अस्पताल का औचक निरीक्षण करने निकले. शिकायतों में डॉक्टरों और अन्य स्टाफ के समय पर अस्पताल नहीं पहुंचने और सफाई व्यवस्था की कमी की बात सामने आई थी. मंत्री जायसवाल ने सबसे पहले मेकाहारा अस्पताल का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने मरीजों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया. सफाई में लापरवाही पाए जाने पर उन्होंने कॉल मी सर्विस सफाई कंपनी को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया. इसके बाद, स्वास्थ्य मंत्री दाऊ कल्याण सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, जिला अस्पताल पंडरी, और प्रसव हॉस्पिटल काली बाड़ी का भी निरीक्षण करने निकले. इस दौरान उन्होंने अस्पतालों में सफाई, सुरक्षा और मरीजों की सुविधाओं का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान मंत्री जायसवाल ने सफाई, सुरक्षा, किचन खाना, ड्यूटी टाइमिंग को लेकर जानकारी ली. वहीं हॉस्टल में सुविधा बढ़ाने के लिए PWD के अधिकारियों को निर्देश दिए.

निरीक्षण के बाद स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने अस्पतालों के संबंधित अधिकारियों को अपने बंगले पर बैठक के लिए बुलाया है. इस बैठक में मेकाहारा के अधीक्षक, मेडिकल कॉलेज के डीन, हॉस्टल अधीक्षक, PWD के अधिकारी, और अन्य संबंधित अधिकारी शामिल होंगे, जहां मंत्री अधिकारियों की क्लास लेंगे. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अस्पताल में तैनात स्टाफ की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है. हर जगह CCTV कैमरे लगाए गए हैं, जहां नहीं है वहां लगाने के निर्देश दे रहे हैं. अस्पतालों में सुरक्षा बढ़ाने के लिए सेना से रिटायर्ड जवानों को तैनात किया जाएगा और बंदूकधारी सुरक्षाकर्मियों को भी नियुक्त किया जाएगा।

# रेलवे ट्रैक पर बैठकर मोबाइल देख रहे दो लोगों के कटे पैर

**बिलासपुर 22 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में एक दर्दनाक हादसा हुआ है. रेलवे ट्रैक पर बैठकर मोबाइल देख रहे दो लोग ट्रेन की चपेट में आ गए और अपने पैर गवां बैठे. दोनों को गंभीर हालत में सिम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है. यह घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र की है. बताया जा रहा है कि एक युवक और अधेड़ मोबाइल देखने में इतने डूब गए थे कि ट्रेन आने से हड़बड़ाए दोनों लोगों को संभलकर भागने का मौका नहीं मिला. ट्रेन उनके पैर से गुजर गई, जिससे दोनों के पैर कट गए. बता दें कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र के वसुंधरा नगर में रहने वाले सतीश मनहर और सुनील दीवाकर सहित अन्य युवक बुधवार की रात वसुंधरा नगर स्थित अमेरी फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर बैठकर मोबाइल देखते हुए आपस में बाचतीत कर रहे थे. इसी दौरान अचानक एक्सप्रेस ट्रेन तेज रफ्तार से आई. मोबाइल देख रहे अधेड़ और युवक को ट्रेन आने की भनक तक नहीं लगी. जब तक वो संभल पाते और अपने आप को बचाने की कोशिश करते, लेकिन दोनों ट्रेन की चपेट में आ गए. जानकारी के मुताबिक जब एक्सप्रेस ट्रेन आई, तब वहां कई युवक बैठे थे. उन्होंने दूर से ट्रेन को देख लिया और अपने साथियों को आवाज देकर भागने के लिए बोला।

# कांग्रेस विधायक 23 को करेंगे राजभवन मार्च

**रायपुर 22 अगस्त।** विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस का तीखा विरोध पूरे प्रदेश में हो रहा है। कल कांग्रेस के विधायक राज्यपाल रामेन डेका से मुलाकात करेंगे। जानकारी के मुताबिक 23 अगस्त को राजभवन मार्च कर कांग्रेस विधायक राज्यपाल से मुलाकात करेंगे और शिकायत दर्ज करायेंगे। इस दौरान विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी को लेकर तथ्यों को भी रखा जायेगा। जानकारी के मुताबिक नेताप्रतिपक्ष चरणदास महंत के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक राजभवन जायेंगे।

आपको बता दें कि 24 अगस्त को कांग्रेस प्रदेश भर में देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन करेगी। इससे पहले वो राजभवन मार्च करेगी। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि विधायक यादव को झूठे आरोप में फंसाया गया है। किसी भी हालत में विधायक यादव के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। कांग्रेस ने प्रदर्शन के लिए जिला स्तर पर वरिष्ठ नेताओं की जवाबदारी तय कर दी है। रायपुर शहर व ग्रामीण के लिए धनेंद्र साहू, सत्यनारायण शर्मा, शिवकुमार डहरिया व इंद्र साव है। सक्ति के लिए रामकुमार यादव व बालेश्वर साहू, दुर्ग शहर-ग्रामीण व भिलाई के लिए रविंद्र चौबे, अरूण वोरा को प्रभारी बनाया गया है।

इसी तरह सरगुजा के लिए टीएस सिंहदेव, महासमुंद में द्वारिकाधीश यादव, चातुरी नंद, विनोद चंद्राकर प्रभारी है। जगदलपुर एवं बस्तर ग्रामीण के लिए लखेश्वर बघेल,धमतरी में ओंकार साहू व गुरुमुख सिंह होरा, राजनांदगांव में दलेश्वर साहू, बालोद में अनिला भेड़िया-संगीता सिन्हा प्रभारी हैं।

कोरबा शहर व ग्रामीण के लिए जयसिंह अग्रवाल व फूल सिंह राठिया, सूरजपुर में प्रेमसिंह टेकाम, बिलासपुर शहर व ग्रामीण के लिए अटल श्रीवास्तव व रश्मि सिंह ठाकुर तथा कांकेर जिले के लिए कुंवर सिंह निषाद व संतराम नेताम को प्रभारी बनाया गया है।

# जम्मू -कश्मीर के लोगों का प्रतिनिधित्व जरूरी: राहुल

**श्रीनगर 22 अगस्त।** विधानसभा चुनाव के पहले चरण से पहले विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे घाटी पहुंचे। राहुल और खड़गे का श्रीनगर दौरा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्हें स्थानीय राजनीतिक दलों के साथ चुनाव-पूर्व गठबंधन की संभावना तलाशने की उम्मीद है। हालांकि कांग्रेस मुख्य रूप से एनसी के साथ गठबंधन की तलाश में है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि अगर एनसी के साथ गठबंधन नहीं हो पाता है तो उन्होंने अपने दरवाजे खुले रखे हैं।

वहीं, श्रीनगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को लोकसभा नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आप कार्यकर्ता नहीं हैं, आप परिवार हैं। जैसे ही हमें पता चला कि चुनाव होने वाले हैं, हमने सबसे पहले यहां जम्मू-कश्मीर आने का फैसला किया क्योंकि हम हर राज्य के लोगों को संदेश देना चाहते हैं कि हमारे लिए जम्मू-कश्मीर के लोगों का प्रतिनिधित्व और उनका राज्य का दर्जा सबसे महत्वपूर्ण है।



भारत के इतिहास में, आजादी के बाद कई केंद्र शासित प्रदेशों को राज्य में बदल दिया गया है, लेकिन सिर्फ एक ही उदाहरण है जब राज्य का दर्जा छीनकर केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया हो।

राहुल ने कहा कि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ और हम यह संदेश देना चाहते हैं कि जम्मू-कश्मीर के लोगों का प्रतिनिधित्व महत्वपूर्ण है, यह हमारे लिए महत्वपूर्ण है और यह देश के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मैं लोकतंत्र की रक्षा पूरे देश में करता हूं लेकिन मेरे लिए जम्मू और कश्मीर के लोगों के दिल के दर्द को मिटाना ही लक्ष्य है। जो आपको सहना पड़ता है, जिस डर में आप जीते हो, जो दुख आपको होता है उसे मैं, मल्लिकार्जुन खड़गे, पूरी कांग्रेस पार्टी हमेशा के लिए मिटाना चाहते हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि नफरत को मोहब्बत से हराएंगे।

उन्होंने कहा कि जैसे ही हमें पता चला कि चुनाव होने वाले हैं तो मल्लिकार्जुन खड़गे और हम मिले और हमने तय किया कि हमें सबसे पहले जम्मू-कश्मीर आना चाहिए। हम जम्मू और कश्मीर के लोगों और हिंदुस्तान के हर राज्य के लोगों को ये संदेश देना चाहते हैं कि हमारे लिए जम्मू और कश्मीर के लोगों का प्रतिनिधित्व व राज्य का दर्जा सबसे जरूरी चीज है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान के इतिहास में आजादी के बाद कई बार केंद्रीय शासित प्रदेश को राज्य में बदला गया है लेकिन एक ही उदाहरण है जब राज्य का दर्जा छीनकर केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया है। हम यह संदेश देना चाहते हैं कि जम्मू और कश्मीर के लोगों का प्रतिनिधित्व हमारे लिए और देश के लोगों के लिए जरूरी है इसलिए हम यहां पहले आए हैं।

# मोदी की तारीफ करने पर पत्नी का जलाया चेहरा, दिया तीन तलाक

**कानपुर 22 अगस्त।** अयोध्या में मुस्लिम महिला को मोदी-योगी की तारीफ करना महंगा पड़ गया। शौहर ने पत्नी को पहले जलाया, फिर तीन तलाक दे दिया। पीड़िता ने बुरी पीटने का भी आरोप लगाया। पीड़िता ने अयोध्या और बहराइच दोनों जनपदों की पुलिस से कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। अब तक नहीं दर्ज मुकदमा हुआ। युवती ने वीडियो वायरल कर सीएम योगी से कार्रवाई की गुहार लगाई है।युवती का कहना है कि अयोध्या का विकास देखकर उसने अपने पति से मोदी-योगी की तारीफ की थी। पहले पीटा फिर घर से निकाल दिया, समझौते के बाद घर ले गया और वहां तीन तलाक दे दिया।

मरियम बेटी मोहम्मद शरीफ निवासी मोहल्ला सराय थाना जरवल रोड जनपद बहराइच की रहने वाली है। 13 दिसंबर 2023 को अयोध्या कोतवाली नगर अंतर्गत मोहल्ला दिल्ली दरवाजा के रहने वाले अरशद पुत्र इस्लाम के साथ उसका निकाह हुआ था। महिला ने बताया कि निकाह के बाद जब मैं शौहर के साथ अयोध्या जाकर वहां की सड़क लता चौक की खूबसूरती और तमाम सारे विकास कार्य देखा तो बहुत अच्छा लगा। अयोध्या की आबो हवा भी बहुत अच्छी लगी जिस पर मैंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ की और कहा कि वास्तव में योगी जी ने अयोध्या में बहुत काम किया है। इस पर मेरे शौहर आग बबूला हो गए और वहीं से मुझे अपने मायके भेज दिया। दोबारा वह फोन कर हर बार आने को मना करते थे। जब मैं अयोध्या पहुंची तो कुछ लोगों ने मेरी सुलाह कर दी।

इस दौरान जब मैं दोबारा ससुराल पहुंची तो शौहर तीन तलाक दे दिया और घर से मारपीट कर बाहर निकाल दिया। इस दौरान सास और छोटी ननद ने रोका और कहां कि इसे बाहर मत जाने दो। इस पर सभी ने मेरा हाथ पकड़ लिया और गला दबाने लगे जिससे बेहोश होने लगी। सास के कहने पर शौहर अरशद ने किचन से चूल्हे पर रखी गरम दाल लाकर मेरे ऊपर चेहरे पर फेंक दिया। मैं बुरी तरीके से झुलस गई। महिला का आरोप है कि वह चक्कर काट रही है उसको न्याय नहीं मिल रहा है।

# कांग्रेस को देश की संस्थाओं पर विश्वास नहीं: श्याम बिहारी

■ **रायपुर 22 अगस्त**

ईडी के दुरूपयोग और विपक्ष के नेताओं को फंसाने के षड्यंत्र के विरोध में आज कांग्रेस ईडी दफ्तर के बाहर प्रदर्शन करेगी. कांग्रेस के इस प्रदर्शन पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि इस देश में संविधान और कानून सबके लिए बराबर है. कोई भी कितना भी शक्तिशाली व्यक्ति क्यों न हो जांच होती है और कार्रवाई भी होती है. कांग्रेस को देश की संस्थाओं पर विश्वास ही नहीं है. इसके साथ ही उन्होंने मीडिया से बात करते हुए अन्य मुद्दों पर भी जवाब दिया.

कांग्रेस आज ईडी दफ्तर के बाहर विरोध प्रदर्शन करेगी इसपर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि इस देश में संविधान और कानून सबके लिए बराबर है. कोई भी कितना भी शक्तिशाली व्यक्ति क्यों न हो मामले की जांच होती है और कार्रवाई भी निश्चित रूप से होती है. ईडी एक स्वतंत्र एजेंसी है जो भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करती है. पुलिस भी अपना काम करती है. कांग्रेस को देश की संस्थाओं पर विश्वास ही नहीं है.




विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के खिलाफ कांग्रेस 24 अगस्त को करेगी प्रदर्शन इसपर मंत्री जायसवाल ने कहा कि बलौदाबाजार घटना के जो वीडियो और फुटेज सामने आए हैं. उसमें सभी ने देखा कि किस तरह से कांग्रेस के लोगों ने भड़काऊ भाषण दिया और बयानबाजी की, जिसके बाद इतनी बड़ी घटना छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार घटी. कांग्रेस को प्रेशर पॉलिटिक्स न करके इस पर सहयोग करना चाहिए. प्रेशर पॉलिटिक्स कांग्रेस हमेशा से करती आई है जो आगे चलके देश और समाज के लिए नुक़सानदेह होगा. गुरु घासीदास की धरती पर ऐसी घटना प्रदेश के सम्मान को घटाने वाला है. प्रदेश की जनता हमारी सरकार से खुश है. कांग्रेस मुद्दा विहीन पार्टी है सिर्फ धरना और विरोध प्रदर्शन कर अपनी ओर ध्यान आकर्षित करने का प्रयास करती है.

रायगढ़ में हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर कांग्रेस ने गठित की जांच समिति पर मंत्री श्याम बिहारी ने कहा कि प्रदेश में कोई भी आपराधिक कानून की नजर से नहीं बचेगा. अपराधियों की गिरफ्तारी तत्काल और कठोर कार्रवाई कर होती है. कांग्रेस विपक्ष में है उनको अधिकार है यह विरोध प्रदर्शन कर सकती है लेकिन यह कहा जा सकता है कि छत्तीसगढ़ में कोई भी आपराधिक तत्व हमारे माता और बहनों के खिलाफ बुरी दृष्टि रखेगा तो उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी. गृह मंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में काम चल रहा है. अपराधियों के हौसले पस्त है. कांग्रेस मुद्दा विहीन पार्टी है, वो किस दिशा में जा रहे उन्हें ही नहीं पता, ऐसे विषयों में राजनीति नहीं करनी चाहिए.

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे को लेकर मंत्री जायसवाल ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह का दौरा समय-समय पर विभिन्न राज्यों में होता है. छत्तीसगढ़ से विशेष स्नेह उनका है, उनका यहां स्वागत है. प्रदेश में विगत 7 महीना में नक्सली उन्मूलन की ओर बड़े कदम उठाए गए हैं, बड़ी सफलता मिली, आम जनता में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है. प्रदेश के लिए अमित शाह का दौरा अच्छा होगा।

# स्कूल में करंट फैलने से मचा हड़कंप

**दुर्ग 22 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले से बड़ी खबर सामने आई है. यहां तितुरडीह स्थित स्वामी आत्मानन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल में आज करंट फैलने की घटना सामने आई, जिससे हड़कंप मच गया. घटना के समय स्कूल में प्राइमरी के 300 से अधिक बच्चे पढ़ाई कर रहे थे. करंट फैलने पर शिक्षकों ने सूझबूझ से सभी बच्चों को सुरक्षित रूप से स्कूल ग्राउंड में बाहर निकाला. वहीं घटना की जानकारी मिलते ही जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे. तितुरडीह के स्वामी आत्मानन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल में हर दिन की तरह आज भी क्लास लगी. इस दौरान मॉर्निंग स्कूल में 300 से अधिक बच्चे पढ़ाई कर रहे थे. तभी स्कूल में अचानक करंट फैल गया. वहीं शिक्षकों ने तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए सभी बच्चों को स्कूल ग्राउंड में बाहर निकाला. सभी बच्चे खतरे से बाहर हैं.



परिजनों ने इस घटना पर चिंता जताते हुए स्कूल प्रबंधन से जवाब मांगा तो शिक्षकों ने कहा कि मुख्य स्विच ऑफ कर दिया गया है और स्थिति अब नियंत्रण में है. इस घटना की जानकारी लगते ही शिक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे हुए और घटना की जानकारी ले रहे हैं. वहीं करंट फैलने के कारणों की जांच की जा रही है.

एक नजर

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर लाखों की ठगी

**भिलाई, 22 अगस्त।** भिलाई साइबर ठगी के मामले थम नहीं रहे हैं। एक शेयर ठग ने बीएसपी कमचारी को शेयर मार्केट में ट्रेडिंग का प्रलोभन देकर अलग-अलग किस्तों में करीब 11.40 लाख रुपए हड़प लिए। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में अज्ञात के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है भिलाईनगर थाना पुलिस ने बताया कि स्ट्रीट 75 सेक्टर-6 निवासी दीपेश कुमार चुघ भिलाई स्टील प्लांट का कर्मचारी है और वर्तमान में बीआरएम में कार्यरत है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उन्होंने शेयर ट्रेडिंग सीखने के लिए सोशल मीडिया पर चलने वाले लिंक के जरिए दो अलग अलग वाट्सएप ग्रुप से जुड़ गया, जिसमें एक ग्रुप से 8 और दूसरे से 22 मार्च को जुड़े इन ग्रुपों में रोजाना ऑनलाइन ट्रेडिंग के क्लासेस लगाती थीं इन ग्रुप के एडमिन शेयर ट्रेडिंग सीखने के साथ-साथ क्लास में जुड़े लोगों को कुछ पैसे भी देते थे, जिन्हें हर हफ्ते अकाउंट में भेज दिया करते थे इस ग्रुप में क्लास के अलावा रोज एक - शेयर का नाम भेजा जाता था, जिसे ग्रुप के लोग बड़ी-बड़ी रकम लगाकर खरीदते थे एवं उनका स्क्रीनशाट ग्रुप में भेजते थे। अगले दिन शेयर का प्राइज बढ़ने पर उस शेयर को बेचकर बड़ा-बड़ा प्रफिट कमाने का स्क्रीनशाट ग्रुप में उस ग्रुप के लोगों द्वारा भेजा जाता था। उन्हें देखकर उन्होंने 5 हजार रुपए के इनवेस्ट से शुरुआत की तो 17 हजार का प्रॉफिट दिखाने लगा। इसके बाद 60 हजार 300 रुपए इनवेस्ट किया। इसके बाद ग्रुप के एडमिन उन्हें बड़ी रकम लगाने के लिए विवश करने लगे। नहीं इनवेस्ट करने पर ग्रुप से हटाने की धमकी दी। उन्होंने डर कर 5 लाख 60 हजार रुपए लोन लिया और उसमें से 5 लाख की राशि बताए गए खाते में 5 मई को इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से जमा करवाई प्रॉफिट को निकालने 5 लाख की करने लगा डिमांड इसका प्रॉफिट 11 लाख 58 हजार रुपए दिखाने लगा। इसके बाद आईपीओ से रकम डबल करने का झांसा देकर 10 लाख 15 हजार 311 रुपए की और मांग की गई। इस पर उसने 5 लाख रुपए की रकम दोस्तों और रिश्तेदारों से लेकर जमा कर दी। इसके बाद उसके एप्लीकेशन प्रोफाइल (ऐप) में 25 लाख रुपए की रकम दिखाई दी, जिसे निकालने के आरोपियों ने 7 लाख का टैक्स अलग से भरने की बात कही नहीं भरने पर रकम ट्रांसफर नहीं होने का हवाला दिया।

## दीपक पुलिस रिमांड पर

**भिलाई, 22 अगस्त।** भिलाई दुर्ग जिले के




चर्चित गुंडा बदमाश और महादेव सट्टा ऐप का पैनल चलाने वाला दीपक नेपाली हत्या के प्रयास के मामले में दुर्ग जेल में सजा काट रहा है और अब फिर से एक नए मामले में छावनी पुलिस ने उसे 4 दिन के पुलिस रिमांड में लिया है मिली जानकारी के अनुसार दीपक नेपाली को दुर्ग जेल से रायपुर पेशी पर ले जाया गया था वहां से आते ही छावनी पुलिस के आवेदन पर दुर्ग जिला न्यायालय ने उसे 4 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है छावनी पुलिस ने बताया कि वर्ष 2023 में दीपक नेपाली के खिलाफ धारा 327 (जबरन वसूली या दूसरे की संपत्ति पर कब्जा) के तहत छावनी थाने में अपराध दर्ज हुआ था। उसी मामले की विवेचना के चलते उसे पूछताछ की जानी है। इसके लिए न्यायालय से उसका 4 दिन का पुलिस रिमांड मांगा गया है। छावनी पुलिस मंगलवार देर शाम उसे जेल से लेकर छावनी थाने पहुंची इसके बाद देर रात तक दीपक से कड़ी पूछताछ की है सूत्रों के अनुसार उसके भाई लुकेश ने एएसपी के नाम मैसेज जारी करने से फिर से हड़कंप मच गया है ।

## दो लोगों ने खुदकुशी की

**भिलाई, 22 अगस्त ।** भिलाई-3 थाना अंतर्गत दो अलग-अलग घटना में एक नाबालिग तो दूसरे मामले में एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की है विश्व बैंक कालोनी निवासी विवेक दास मानिकपुरी (28 वर्ष ) फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली वहीं दूसरे मामले में निर्मला ठाकुर (16 वर्ष ) ने अपने घर में फांसी लगा ली।

## आयुक्त ने नगर निगम सभागार में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली



**भिलाई, 22 अगस्त ।** निगम भिलाई आयुक्त के निर्देश पर अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने निगम सभागार में अधिकारियों की समीक्षा बैठक बुलाई। बैठक में शहर के नागरिकों की मांग एवं शिकायत के निराकरण के विषयों पर प्रमुखता से चर्चा की गई। जिससे नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जा सके। अपर आयुक्त ने सभी अधिकारियों को कलेक्टर जनदर्शन, कलेक्टर जन शिकायत, कलेक्टर जन चौपाल, मुख्यमंत्री जनदर्शन, सारथी एप में प्राप्त मांग एवं शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिये। 05 अगस्त से पहले जो भी मांग एवं शिकायत प्राप्त हैं, उसको तत्काल निराकरण करने कहा गया है। नागरिकों की सुविधा के लिए पानी, बिजली, सफाई एवं राशन कार्ड आदि का जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया था। इसमें भी नागरिकों द्वारा मांग एवं शिकायत की गई है, जिसका निराकरण भी शीघ्र करने के निर्देश दिये है। इसी प्रकार जी.व्ही.पी. के तहत रेड स्पॉट, येलो स्पॉट का निरीक्षण कर व्यवस्था को सुदृढ़ बनाते हुए निराकरण करने को कहा गया है। नगर निगम भिलाई अंतर्गत त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए रोड के किनारे सामग्री बेचने वालो पर कार्यवाही करते हुए सामग्री को हटाने को कहा गया है। मौसमी बीमारी जैसे- पीलिया, डायरिया, डेंगू लगातार सर्वे कर उचित निर्णय लिये जाने को कहा गया है। जहां भी बीमारी प्रभावित क्षेत्र है वहां के पानी सैंपल लेकर जांच कराने के निर्देश दिये है। रोका छेका अभियान द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवारा बैठे एवं घूम रहे मवेशी को पकड़ने तथा मवेशी मालिको पर अर्थदण्ड की कार्यवाही करने को कहा गया है।

# व्यापारियों से दुकान का कचरा ट्राली में ही डालने की अपील की आयुक्त ने




**भिलाई, 22 अगस्त ।** आकाशगंगा थोक पदाधिकारियो, विक्रेताओ, व्यापारियो एवं आम नागरिकों के अनुरोध पर सुपेला आकाशगंगा सब्जी मंडी में कचरा संग्रहण हेतु ट्राली रखा गया। लोगों की शिकायत थी कि खुले में कचरा रखने से जानवर इधर-उधर बिखेर देते हैं, बदबू फैलता है। सब के सुझाव पर ही रोज का रोज सब्जी का कचरा दो टाइम उठे इसीलिए स्पेशल बड़ा ट्राली बनवाकर रखा गया। जिसे ट्रेक्टर खींच कर संग्रहण स्थल तक ले जायेगा। जिस पर व्यापारी अपने दुकान का कचरा ट्राली में डाल सकें। दोपहर को दुकान-दुकान से कचरा भी संग्रहण हो रहा है, व्यापारियों के पदाधिकारियों ने सहमति भी दी हम कचरा बाहर नहीं फेंकेंगे। उसी का निरीक्षण करने सुबह जोन आयुक्त येशा लहरे अपने दल के साथ निरीक्षण करने पहुंचीं। आदत से मजबूर थोक विक्रेताओं द्वारा सड़क पर गंदगी डाली जा रही थी। कचरा भी ट्राली में न फेंककर खुले में डाला जा रहा था। सड़क के ऊपर बीच में दुकानें लगाकर रास्ता जाम करके सब्जी का व्यवसाय भी किया जा रहा था। जिसे जाकर नगर निगम की टीम ने बंद कराया। छोटे व्यापारियों के साथ-साथ बड़े व्यापारी, पदाधिकारी, जिन्होंने अपनी सहमति दी थी, कि हम रोड में कचरा नहीं फेंकेंगे, वो स्वयं कचरा फेंकते हुए पाये गये। चालानी कार्यवाही करने के दौरान व्यापारिक संगठनों द्वारा एक अवसर और प्रदान करने की मांग की गई। उसी के आधार पर चालानी कार्यवाही नहीं की गई। आखिरी चेतावनी थी, अब जो भी सब्जी व्यापारी रोड पर कचरा फेंकेगा या रोड पर फैलाकर व्यापार करते हुए पाया जायेगा। उसके ऊपर अर्थदण्ड की कार्यवाही के साथ-साथ थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराई जायेगी। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने व्यापारियों से अपील की है कि स्वच्छता में सब सहयोग करें। जब निगम व्यापारियों की मांग के अनुसार सुविधा प्रदान कर रही है, तो व्यापारी भी इसमें अपना सहयोग दें। कार्यवाही के दौरान जोन के स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी, स्वास्थ्य एवं राजस्व विभाग का अमला मौजूद था।



## बीएसपी ने नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया

**भिलाई, 22 अगस्त ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में बुधवार को स्टोर पारा पुरैना में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सीएसआर मेडिकल टीम से चिकित्सक डॉ राहुल सिंगरोल, बीपी, शुगर एवं रक्त जांच हेतु श्रीमती रेखा देव, फार्मासिस्ट श्रीमती सुशन जैकब, पंजीयन हेतु आशतोष सोनी उपस्थित थे।

## राज्यपाल ने भिलाई इस्पात संयंत्र का दौरा कर उत्पादन गतिविधियों का किया निरीक्षण



**भिलाई, 22 अगस्त ।** राज्यपाल रमेन डेका अपने एक दिवसीय प्रवास पर बुधवार को भिलाई पहुंचे। भिलाई आगमन पर सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेशकों ने उनका स्वागत किया। राज्यपाल रमेन डेका सर्वप्रथम संयंत्र के मेन गेट स्थित सुरक्षा उत्कृष्टता केन्द्र पहुंचे, जहां उन्हें सीआईएसएफ द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और संयंत्र भ्रमण के दौरान आवश्यक सुरक्षा निर्देशों से अवगत कराया गया। संयंत्र भ्रमण के दौरान उनके साथ लोकसभा सांसद विजय बघेल मौजूद थे। रमेन डेका ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के रूप में 31 जुलाई 2024 को शपथ ग्रहण किया। वे मूलतः असम के निवासी हैं। वे भिलाई इस्पात संयंत्र का निरीक्षण करने पहली बार भिलाई आए हैं। अपने प्रवास के दौरान राज्यपाल रमेन डेका ने सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र का अवलोकन कर लौह और इस्पात उत्पादन की प्रक्रिया का निरीक्षण किया और इसमें रुचि दिखाई। भिलाई इस्पात संयंत्र भ्रमण के दौरान राज्यपाल ने संयंत्र के मॉडेक्स इकाइयों ब्लास्ट फर्नेस-8, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 और यूनिवर्सल रेल मिल के उत्पादन प्रणाली से अवगत हुए। उन्होंने ब्लास्ट फर्नेस-8 में हॉट मेटल उत्पादन, एसएमएस-3 में क्रूड स्टील उत्पादन, यूआरएम में विश्व की सबसे लंबी 130 मीटर रेल की रोलिंग प्रक्रिया को नजदीक से देखा। संयंत्र भ्रमण के दौरान राज्यपाल के साथ सेल-बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## विधायक देवेंद्र को राखी बांधने सैकड़ों की संख्या में महिलाएं जेल पहुंचीं




भिलाई, 22 अगस्त । रक्षाबंधन पर्व पर भिलाई की सैकड़ों बहनें जो हर साल अपने विधायक भाई देवेंद्र यादव को राखी बांधती हैं, इस साल उनके जेल में होने के बाद भी बहनों ने अपने भाई के प्रति प्रेम को रोक नहीं पाया और वे सब की सब अपने भाई को राखी बांधने के लिए जेल पहुंच गयीं। बीते दो दिन से भिलाई की महिलाएं राखी बांधने केलिए समय मांग रही थीं लेकिन जेल प्रबंधन ने उन्हें समय नहीं दिया। इस वजह से सैकड़ों की संख्या में जेल पहुँची और धरना देने बैठ गयीं। इस वजह से कुछ समय तक रोड पर चक्का जाम जैसे स्थिति निर्मित हो गई है। इसके बाद भी जब उन्हें राखी बांधने और मिलने के लिए नहीं दिया गया तो वे उन्होंने जेल के गेट पर ही अपने भाई के लिए रक्षा सूत्र को बांध दिया और बहुत ही दुखी मन से लौट आईं ।

## रिसाली में सड़कों पर मवेशी दिखते ही पहुंच रही टीम

**रिसाली।** मवेशी की वजह से सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने नगर पालिक निगम रिसाली ने सड़क पर चैकसी बढ़ा दी है। अलग-अलग मुख्य सड़कों पर नजर रखने अधिकारी कर्मचारियों को तैनात किया गया है। बुधवार को चले अभियान में अलग-अलग स्थानों से 6 दुधारू मवेशी को गोठान पहुंचाया गया। आवारा और घुमंतू मवेशी से होने वाली परेशानी को कम करने आयुक्त मोनिका वर्मा ने जिम्मेदारी तय कर दी है। प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक डीपीएस चैक रिसाली से बालाजी अपार्टमेंट तक और वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक जोहार चौक से शिवाजी चौक तक निगरानी रखेंगे। वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक शिवाजी चौक रिसाली से बीआरपी चौक तक और प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी मैत्री गार्डन से उमरपोटी रोड पर मवेशी तो नहीं बैठी है इसकी मॉनिटरिंग करेंगे। दो उप राजस्व निरीक्षक पंथी चौक से डीपीएस चौक और जोहार चौक से मैत्री विद्या निकेतन, राजस्व निरीक्षक डुण्डेरा सहाग्रेड 02 को जोरातराई, पुरैना के सड़कों और सहायक राजस्व अधिकारी पुरैना के सड़कों पर निगरानी करेंगे। आयुक्त ने जिम्मेदारी तय करते निर्देश दिए है कि लापरवाही होने पर प्रभारी अधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी। बुधवार को चले अभियान में कुल 6 मवेशी को पकड़कर गोठान पहुंचाया गया। मवेशी को गौठान में रखने की व्यवस्था की गई है।

## विद्यार्थी ने महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के विरोध में बनाया चित्र

**भिलाई, 22 अगस्त ।** बंगाल में मेडिकल छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या ने पूरे भारतीय जनसमुदाय को उद्वेलित कर रखा है, हर जुबां में आक्रोश है। ऐसे में सामाजिक सरोकार की पेंटिंग बनाने वाले प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी ने अपने तूलिका के माध्यम से इस अत्याचार पर कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने बंगाल की वर्तमान राजनीति को आइना दिखाते हुए सचेत किया है कि एन केन प्रकरेण जब लंगूर जैसे लोग सत्ता में काबिज हो जाते हैं तब आम लोगों का जीना दुश्वार हो जाता है। चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी ने कहा है कि हजारों वर्षो से भारतीय संस्कृति में महिला को देवी और पूजनीय माना गया है। यहां राजनीतिक नरपिशाचों के चंगुल में नारी की अस्मिता छटपटा रही है, जो कि अक्षम्य है। ऐसी परिस्थिति में कानून में संशोधन करते हुए अपराधियों को शीघ्र ही फांसी की सजा देनी चाहिए क्योंकि न्याय में देरी भी अन्याय है। वर्तमान राजनीति के अति नीचे गिरते स्तर पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने अपने पेंटिंग में दर्शाया है कि लंगूर कितना बड़ा ही राजा बनने का दंभ पाल ले लेकिन सूर्य के सत्य की रोशनी को वह रोक नहीं सकता। अतिशीघ्र ही उसका नाश होकर रहेगा और सूर्य अपने पूरे प्रताप के साथ प्रकट होगा। उन्होंने तेजी से विकसित हो रहे भारत देश में लोगों को धैर्य बनाकर रखने, एकजुट और सचेत रहने की अपील की है। उन्होंने खासकर युवाओं से आह्वान किया है कि वे अपनी पूरी ऊर्जा का उपयोग देश के विकास में लगायें।



## जनभागीदारी अध्यक्ष ने मचांदुर व उतई महाविद्यालय की समस्याओं से कराया विधायक को अवगत



**उतई, 22 अगस्त।** पार्षद सरस्वती साहू,पंच प्रवीण कुमार यदु ने बुधवार को विधायक ललित चंद्राकर से मुलाकात कर शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई में एवं शासकीय नवीन महाविद्यालय मचांदुर में जनभागीदारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार जताया। विधायक को विभिन्न समस्याओं के विषय में अवगत कराया गया है। प्रवीण यदु ने शासकीय नवीन महाविद्यालय मचांदुर में नवीन विषय विज्ञान संकाय खोलने व कॉलेज में मंच निर्माण,बाउंड्रीवाल कि मांग की महाविद्यालय उतई में श्रीमती सरस्वती साहू ने विभिन्न विषयों के संचालित कक्षाओं में प्राध्यापकों की कमी के विषय में भी विधायक जी को अवगत कराया। मुलाक़ात के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, महामंत्री सोनू राजपूत, नरेंद्र साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, रूपेश पारख, नीलम गढ़े, तुलुराम साहू, आशीष साहू, पीयूष गंभीर, बिमला, ममता चंद्राकर, लता सोनवानी, दनेश्वरी देशमुख, संगीत रजक शीतल रात्र,सहित अधिक संख्या में कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहे।

## साजा में रोज निकलती है धर्म जागरण प्रभातफेरी



**साजा, 22 अगस्त।** अयोध्या में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा प्रतीक स्वरूप धर्म नगरी साजा में निरंतर धर्म जागरण प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है जिससे नगर सहित आसपास के क्षेत्र एवं वातावरण भक्ति मय हो रहा है समिति के सदस्य गण राम अवतार वर्मा हरीश चतुर्वेदी, तोरण लाल ,केशव, छबिलाल ,साहू ओम प्रकाश, उत्तम सिंह, महेश सोनी ,रामचंद्र कैलाश सोनी, वीरेंद्र पटेल, दीपक मणिपुरी संतोष राठी ,सभी भक्तगण अपना जीवन राम जी भक्ति एवं सनातन धर्म राष्ट्र के प्रचार प्रसार में लगाएं हैं ।

## भाजपा उतई मंडल के सदस्यता अभियान के लिए बनी टीम

**उतई,22 अगस्त।** मंडल सदस्यता अभियान टोली के संयोजक



फलेंद्र सिंह राजपूत,एवं सदस्य चंदु देवांगन, करण सेन व शीतला ठाकुर को बनाया गया। भाजपा उतई मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा ने बताया कि इस सदस्यता अभियान में सभी लोगों को नए सिरे से पार्टी की सदस्यता लेनी है। उतई मंडल भाजपा महामंत्री सोनू राजपूत,पुकेश चंद्राकर,ने बताया कि उतई मंडल में सदस्यता अभियान को गति प्रदान करने के लिए मंडल सदस्यता अभियान टोली बनाई गई है।

## गोंदिया एवं सांतरागाछी के मध्य दुर्गा पूजा स्पेशल ट्रेन की सुविधा

**भिलाई, 22 अगस्त।** रेलवे प्रशासन द्वारा दुर्गा पूजा के दौरान यात्रियो की बेहतर यात्रा सुविधा हेतु गोंदिया एवं सांतरागाछी के मध्य पूजा स्पेशल गाड़ी का परिचालन 02 फेरों के लिए चलाई जा रही है । गाड़ी संख्या 08893 गोंदिया-सांतरागाछी पूजा स्पेशल ट्रेन, गोंदिया से 04 एवं 09 अक्टूबर को तथा गाड़ी संख्या 08894 सांतरागाछी-गोंदिया पूजा स्पेशल ट्रेन, सांतरागाछी से 5 एवं 10 अक्टूबर को चलेगी । इस पूजा स्पेशल गाड़ी में 02 एसएलआरडी, 06 सामान्य, 10 स्लीपर, 01 एसी थ्री, 01 एसी-टू, 01 एसी प्रथम सहित कुल 20 कोचों की सुविधा रहेगी ।

## कोक ओवन के कर्मचारी शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित



**भिलाई, 22 अगस्त ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तरुण कनरार उपस्थित थे। उन्होंने अप्रैल से जून 2024 के लिए जूनियर ऑफिस पी सुरेश नायर को पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया। मास्टर टेक्नीशियन दिल्पत दास मानिकपुरी एवं मास्टर ऑपरेटर भोपाल सिंह ब्रहेंन को जुलाई 2024 के लिए कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया। तरुण कनरार ने सुरक्षा को प्राथमिकता देकर आगे भी इसी तरह लगन से कार्य करते रहने तथा अपने अधीनस्थ कार्मिकों को भी कार्य में निपुण करने के लिए सभी पुरस्कार विजेताओं को प्रेरित किया। समारोह में महाप्रबंधक झगर सिंह, महाप्रबंधक बी सी मंडल, महाप्रबंधक टी उमाशंकर, वरिष्ठ प्रबंधक गुरशरण सिंह, एस डेनियल तथा रामू रंजन मेहर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कार्मिक अधिकारी एमटीटी सुश्री मारेपल्ली तन्मयी ने किया तथा सेक्शन ऑफिसर मोहम्मद अनीस नजीर ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# विधायक भावना बोहरा ने शेयरधारक गन्ना किसानों को रियायती दर पर किया शक्कर वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 22 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के गन्ना किसानों को बड़ी सौगात देते हुए भाजपा सरकार द्वारा फिर से शेयरधारक किसानों को किफायती दाम पर शक्कर वितरित किया जा रहा है। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना, पंडरिया के शेयर धारक गन्ना किसानों को 50 किलो शक्कर का वितरण कर उन्हें बधाई दी। आपको बताते चलें कि पहले भी ये योजना चल रही थी। लेकिन छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आने के बाद से इस प्रक्रिया को बंद कर दिया गया था। विधायक भावना बोहरा ने इस विषय को विधानसभा में उठाया था और किसानों को पुनः शक्कर वितरण करने की मांग सदन में रखी थी। 5 वर्षों के बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद से इस क्रं को पुनः शुरू किया गया है जिससे गन्ना उत्पादन करने वाले किसानों में खुशी दिखाई दी। इस दौरान राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पाण्डेय भी उपस्थित थे जिन्होंने सभी लाभान्वित किसानों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार व छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने हमेशा किसानों के हितों और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। इन जनहितैषी योजनाओं से आज हमारे अन्नदाता सक्षम व स्वालंबी बन रहें हैं। मोदी की गारंटी में किये गए अपने वादों को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रदेश के अन्नदाताओं को उनका हक़ मिल रहा है, जिससे वे प्रदेश की तरक्की व प्रगति में अपनी अहम भूमिका निभा रहें हैं। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि आज शक्कर कारखाने के शेयर धारक किसानों को 5 वर्षों के बाद उनका अधिकार मिलता देख बहुत ही प्रसन्नता हो रही है। भाजपा सरकार हमेशा से ही किसानों के कल्याण और सम्मान के लिए कार्य करती रही है। पूर्व की कांग्रेस सरकार ने किसानों को झूठ बोलकर शक्कर का वितरण बंद कर दिया था, लेकिन छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार ने पुनः जो किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु परंपरा शुरू की थी उसे फिर से आज शुरू करने के लिए मैं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम जी का आभार व्यक्त करती हूँ। विधानसभा सत्र के दौरान भी मैंने क्षेत्र के हमारे गन्ना उत्पादक किसानों के हित के लिए इस सन्दर्भ में प्रश्नकाल में प्रश्न उठाया था साथ ही ध्यानाकर्षण में भी इस विषय को गंभीरता से सदन के समक्ष रखा था। आज मुझे भी हर्ष हो रहा है कि किसानों को उनका अधिकार मिल रहा है जिसे पूर्व की कांग्रेस सरकार ने 5 वर्षों तक रोककर उनके विश्वास को तोड़ा था। भावना बोहरा ने बताया कि पंडरिया स्थित शक्कर कारखाने में कुल 11,892 शेयरधारक किसान है जिन्हें आज 25 रु./किलो की किफायती दर पर 50 किलो शक्कर का वितरण किया गया। मुझे यह बताते हुए भी हर्ष हो रहा है कि हमारे किसानों और कारखाने में कार्यरत कर्मचारियों के परिश्रम से लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना,पंडरिया रिकवरी के मामले में पूरे भारत में दूसरे स्थान पर है। पेराई सत्र 2023-24 में 7741 किसानो से 3.13 लाख टन गन्ने की खरीदी की गई जो पिछले 5 वर्षों में इस बार सर्वाधिक किसानों को गन्ना बेचने का मौका मिला। इस साल किसानो को पिछले साल कि 76.33 करोड़ उचित और लाभकारी मूल्य (स्नत्रक्क) की तुलना में 91.38 करोड़ का भुगतान होना है जिसमें से 71.92 करोड़ का भुगतान पूरा हो चुका है और शेष राशि किसानों को 30 सितम्बर तक होने की पूरी उम्मीद है। इसके साथ ही मंडी बोर्ड निधि से 33,62,457 रुपए के अनुदान राशि को भी स्वीकृति मिली है और भोरमदेव शक्कर कारखाना, कवर्धा में शेयरधारक पंडरिया विधानसभा के किसानों को भी शक्कर वितरण का लाभ मिला है।भावना बोहरा ने आगे कहा कि किसानों के हित को देखते हुए मैनें लगातार उनके बकाया भुगतान के लिए प्रयास किया और लगभग 4 किस्तों में किसानों को भुगतान किया गया है वर्तमान में गन्ना किसानों का लगभग 19.47 करोड़ का भुगतान बकाया है, इस विषय में मैनें मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री, वित्त मंत्री एवं सहकारिता मंत्री सभी से व्यक्तिगत रूप से भेंट कर इस विषयक को संज्ञान में लाया है और किसानों को जल्द भुगतान करने का आग्रह भी किया है। किसानों को अधिक लाभ मिल सके इसके लिए मैनें विधानसभा में शक्कर कारखाने की क्षमता को दुगुनी करने का विषय भी रखा गया है।

एक नजर

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 9 सितम्बर तक वार्डो में शिविर

**राजनांदगांव 22 अगस्त।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह जून 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 16 अगस्त 2024 से 9 सितम्बर 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 23 अगस्त को लालबहादुर शास्त्री वार्ड नं. 18 व वर्धमान वार्ड नं. 19 के लिये आनंद विहार कालोनी के सामुदायिक भवन गली नं. 05 में, स्टेडियम वार्ड नं. 23 के लिये पार्षद कार्यालय स्टेडियम रोड में, कौरिनभाठा वार्ड नं. 44 व रामकृष्ण वार्ड नं. 45 के लिये आंगनबाडी सतनामी पारा कौरिनभाठा में, 27 अगस्त को मोहारा वार्ड नं. 47 के लिये पार्षद कार्यालय कुम्हार पारा मोहारा में एवं 28 अगस्त को मोहड वार्ड नं. 49 के लिये पार्षद कार्यालय सामुदायिक भवन मोहड़ में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये भी शिविर का आयोजन किया जायेगा। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11-30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह जून 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

## मूर्तिकार पीलू साहू छत्तीसगढ़ी वेशभूषा एवं आभूषण से सुसज्जित माता कौशल्या की मूर्ति बनाएंगे



**रायपुर 22 अगस्त।** चित्रोत्पला लोक कला परिषद द्वारा,, माता कौशल्या संग तीजा तिहार,, का आयोजन चंदखुरी में 3 सितंबर 2024 से 7 सितंबर 2024 तक किया जा रहा है. आयोजन में अयोध्या धाम से लाई गई पवित्र मिट्टी की मूर्ति बनाकर चंदखुरी में पंडवानी गायिका श्रीमती प्रभा यादव के घर स्थापित किया जाएगा उक्त जानकारी कार्यक्रम के संयोजक राकेश तिवारी द्वारा दिया गया तिवारी द्वारा आगे बताया गया की अयोध्या से लोक कलाकार डॉक्टर पुरुषोत्तम चंद्राकर तथा हेमलाल पटेल द्वारा लाई गई मिट्टी को कल छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध मूर्तिकार पीलू साहू को सोपा गया। साहू द्वारा माता कौशल्या की छत्तीसगढ़ी परिवेश में मूर्ति बनाई जाएगी. जिसमें माता कौशल्या को छत्तीसाढ़ी कोस्टऊंहा लुगरा पहनाई जाएगी. तथा लोक आभूषण सुता, सूर्रा, बहुची,नागमोरी, करघन,आदि से सुसज्जित किया जाएगा.तथा गोद में भगवान राम को बाल रूप में बिठाया जाएगा.मूर्ति को 2 सितंबर2024 को बाजा गाजा के साथ चंदखुरी लेकर जाने का कार्यक्रम रखा गया है।

## एयरटेल के नेक्सट्रा ने वित्त वर्ष 23-24 के लिए सततता रिपोर्ट जारी की

**रायपुर 22 अगस्त।** रिपोर्ट में नेक्सट्रा के पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) मापदंडों पर लगातार तथा बढ़ते फोकस पर प्रकाश डाला गया है। यह रिपोर्ट भविष्य के लिए तैयार, डिजिटलीकृत बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए की जा रही नेक्सट्रा की पहलों का विवरण देती है जो डिजाइन में टिकाऊ है और घने कार्यभार को समायोजित करने और ग्राहकों को निर्बाध गति से सेवा प्रदान करने के लिए तैयार की गई हैं, जिससे उनके आगे बढ़ने में सहायक बन सके। एयरटेल की नेक्सट्रा के सीईओ आशीष अरोड़ा ने कहा, ÷डेटा सेंटरों का भविष्य सततता के साथ कुशल बुनियादी ढांचे का सामंजस्य बनाने की हमारी क्षमता में निहित है। हमारे व्यवसाय मॉडल एवं संचालन में अभिनव ईएसजी पहलों को एकीकृत करना हमारे डेटा सेंटर निर्माण तथा संचालन का पहले दिन से ही अभिन्न अंग रहा है। जैसा कि हमारी सततता रिपोर्ट में बताया गया है, हमने इस वित्तीय वर्ष के दौरान सभी तीन सततता मापदंडों 'पर्यावरण, सामाजिक और शासन' में लगातार प्रगति की है तथा आगे भी इसे अपना मुख्य फोकस क्षेत्र बनाए रखना जारी रखेंगे।

## श्रेष्ठ फिनवेस्ट लिमिटेड बोर्ड फंड जुटाने पर विचार करेगा

**रायपुर 22 अगस्त।** वित्तीय समाधानों में अग्रणी, श्रेष्ठ फिनवेस्ट लिमिटेड (बीएसई-539217) ने घोषणा की है कि उसका बोर्ड 19 अगस्त, 2024 को प्रेफेरेंशिएल अलॉटमेंट के माध्यम से इक्विटी शेयर्स/कन्वर्टिबल इंस्ट्रूमेंट्स/अन्य प्रतिभूतियों राइट इश्यू, क्यूआईपी, एडीआर जीडीआर, एफसीसीबी, सदस्य और अन्य आवश्यक अनुमोदन के अधीन धन जुटाने पर विचार करने के लिए मीटिंग करेगा। यह धन जुटाने के लिए अपेक्षित पेशेवरों, विशेषज्ञों, मर्चेंट बैंकरों, कानूनी सलाहकारों और अन्य मध्यस्थों को नियुक्त करने पर भी विचार करेगा।

हाल ही में, कंपनी ने घोषणा की कि श्रेष्ठ फिनवेस्ट लिमिटेड और फेलिक्स इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड (स्न्द्गद्यद्ध×) के बीच मौजूदा बिज़नेस अरेंजमेंट को जारी रखते हुए, रिन्यूएबल एनर्जी और सस्टेनेबिलिटी इनीशिएटिव्स को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एक फैसिलिटी एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर करके एक बार फिर हाथ मिलाया है, जिसके अंतर्गत श्रेष्ठ सस्टेनेबल डेवलपमेंट के उद्देश्य से रिन्यूएबल एनर्जी और क्लीन वॉटर से जुड़े प्रोजेक्ट्स में ऋण देने की दिशा में आगे बढ़ेगे।

इस नए एग्रीमेंट की मदद से, फेलिक्स रिन्यूएबल एनर्जी, क्लीन वॉटर और वॉटर रीसाइक्लिंग से जुड़े प्रोजेक्ट के लिए फेलिक्स द्वारा आरती इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के साथ खरीदे गए ऑर्डर हेतु प्लांट इंस्टॉलेशन के कैपिटल वर्क के लिए कुल मिलाकर लगभग 50 मिलियन रुपये की दो चरणों में फंडिंग की जाएगी। रिन्यूएबल एनर्जी और वॉटर सेग्मेंट में विविधता को मज़बूत फाइनेंशियल सपोर्ट देने, स्थिरता को बढ़ावा देने और ग्रीन एनवायरनमेंट और सस्टेनेबल प्रोजेक्ट्स की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने के उद्देश्य से यह व्यवस्था फेलिक्स के फाइनेंशियल सपोर्ट को मज़बूत करेगी।

# ग्राम मुड़पार में आम के वृक्षों की कटाई करने पर एसडीएम ने की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 22 अगस्त।** जिला कलेक्टर के दिशा निर्देश पर राजनांदगांव में लगातार वृक्षों की देखभाल कर जनमानस को वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है जिसमें वृक्षों की अवैध कटाई को रोकने का आदेश छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सभी कलेक्टरों को दिया गया है इस आदेश का पालन करते हुए राजनांदगांव कलेक्टर संजय अग्रवाल के द्वारा सभी विकासखंड अधिकारियों को अवैध रूप से वृक्षों की कटाई करने वालों पर कार्यवाही करने का आदेश दिया गया है अपने उच्च अधिकारी के आदेश का पालन करते हुए डोंगरगढ़ राजस्व अनुविभागीय अधिकारी मनोज मरकाम के द्वारा ग्राम मुड़पार के आम बगीचे में अवैध रूप से फलदार आम के वृक्षों की कटाई की खबर प्राप्त हुई जिस पर तत्काल एक्शन लेते हुए एसडीएम मनोज मरकाम के द्वारा टीम तैयार कर ग्राम मुड़पार



कार्यवाही के लिए भेजा गया टीम के पहुंचते ही आम बगीचे में अवैध रूप से वृक्षों को काटने वालों में राजस्व टीम को देखकर भगदड़ मच गई पटवारी अनिल वर्मा के द्वारा वृक्षों की कटाई करने वालों से पूछताछ की गई तो पता चला कि यहां वृक्षों की कटाई जमीन मालिक द्वारा करवाई जा रही थी कटाई करने वाली जगह से एक पेड़ काटने वाली वाली मशीन और एक ट्रैक्टर जप्त किया गया है । अवैध कारोबार को लेकर ग्राम मुड़पार फेमस गांव हो गया है जहां राजस्व व वन विभाग से सम्बंधित चीजो का अवैध काम किया जाता हैं जैसे अवैध रेत तस्करी अवैध रूप से चलने वाले लाल ईट भट्टे अवैध रूप से वृक्षों की कटाई इस प्रकार के कार्य लगातार किए जाते है । राजनांदगांव कलेक्टर संजय अग्रवाल के द्वारा जिले में अवैध रूप से किसी भी प्रकार के काम को करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने का आदेश दिया गया है जिसमें मुख्य रूप से हरे भरे वृक्षों की कटाई नदियों से रेत उत्खनन और लाल ईट भट्टों का संचालन शामिल है ।

# डोंगरगढ़ में बंद शांतिपूर्ण रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 22 अगस्त।** भारत बंद हेतु अनुसूचित जाति जनजाति संघर्ष मोर्चा के बैनर तले एससी एसटी समुदाय के समस्त नागरिक नागसेन बुद्ध विहार में एकत्रित हुए नागसेन बुद्ध विहार से महारैली का प्रारंभ सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में प्रदर्शन नारेबाजी के साथ हुआ भारत बंद का समर्थन करते हुए समस्त व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। महारैली नागसेन बुद्ध विहार कालका पारा से प्रज्ञा चौक, संजय नगर, अग्रसेन चौक,महावीर पारा, गोलबाजार, जामा मस्जिद,जय स्तंभ चौक,गौरवपथ, रेलवे चौक,बुधवारी बाजार, गोलबाजार, भगतसिंह चौक, थाना चौक होते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय के समीप पहुंची सर्वप्रथम डाक्टर बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, तत्पश्चात जोरदार नारेबाजी एवं धरना प्रदर्शन किया गया। इस धरना प्रदर्शन में अनुसूचित जाति जनजाति संयुक्त संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों ने सभा को सम्बोधित किया संयोजक डॉ मुन्नालाल नंदेश्वर ने कहा है कि आरक्षण का वर्गीकरण व क्रिमिलेयर का प्रावधान पूरी तरह से असंवैधानिक है सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय एससी एसटी समुदाय को बांटने वाला है केंद्र सरकार संसद का विशेष सत्र बुलाकर अध्यादेश लाकर सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को शुन्य करें , कर्मचारी अधिकारी संघ के प्रदेश महासचिव योगेश चौरे ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय की सभी के द्वारा आलोचना की जा रही है संयुक्त मोर्चा के उपाध्यक्ष भीषम ठाकुर ने कहा कि भारत सरकार जाति जनगणना कर ही नहीं रही है वह सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय अनुसूचित जाति जनजातियों के लिए बेहद खतरनाक है । आदिवासी कंवर समाज के अध्यक्ष श्री रामदास कंवर ने कहा कि हमारे देश में समाज वर्ण व्यवस्था ,जाति व्यवस्था, उच निच ,भेदभाव आज भी बना हुआ है । सुप्रीम कोर्ट को सबसे पहले जाति समाप्त करने का निर्णय लेना चाहिए जिससे कि ऊंच-नीच की भावना ना हो । आदिवासी हल्बा समाज के प्रतिनिधि महेश सुधाकर ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के 1 अगस्त के आरक्षण को लेकर किये गए फैसले के विरोध में अनुसूचित जाति जनजाति के समुदाय में घोर आक्रोश है यह फैसला सामाजिक असमानता को बढ़ावा देने वाला है। एससी एसटी एसोसिएशन के अध्यक्ष एच के आजाद ने कहा कि हम संविधान के दायरे में रहकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं इस आरक्षण विरोधी फैसले को केंद्र सरकार कानून बनाकर या अध्यादेश लाकर वापस लेवे , संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी अमिताभ दुफारे ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला संविधान के अनुच्छेद 15 अनुच्छेद 16 अनुच्छेद 16 (4) अनुच्छेद 341(2) अनुच्छेद 342 (2) के खिलाफ है व फैसला ऐसे जजों ने फैसला लिए है जोकि क्लोजियम सिस्टम से कई पीढ़ी से जज बने हुए हैं । सभा को सुदर्शन समाज के उमेश हत्थेल, महिला सशक्तिकरण की श्रीमती राधिका जंघेल, ओबीसी महासभा के श्री विप्लव साहू ने इस रैली को संबोधित किया व समर्थन दिया । अंत मे संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारियों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौंपा ।

# कलेक्टर ने संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए दलों की ली बैठक

**राजनांदगांव 22 अगस्त।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरट सभाकक्ष में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 कार्यक्रम के संबंध में राजनैतिक दलों की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि 1 जनवरी 2025 तक जिनकी आयु 18 वर्ष हो रही है उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन मंगलवार 29 अक्टूबर 2024 को किया जाएगा। दावे एवं आपत्तियां भरने की अवधि मंगलवार 29 अक्टूबर 2024 से गुरूवार 28 नवम्बर 2024 तक है। विशेष शिविर का आयोजन शनिवार 9 नवम्बर 2024, रविवार 10 नवम्बर 2024, शनिवार 16 नवम्बर 2024, रविवार 17 नवम्बर 2024 को किया जाएगा। दावा आपत्तियों का निराकरण मंगलवार 24 दिसम्बर 2024 को किया जाएगा। अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की स्वीकृति तथा




डेटाबेस को अद्यतन और पूरकों की छपाई बुधवार 1 जनवरी 2025 को किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन सोमवार 6 जनवरी 2025 को किया जाएगा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिए बीएलए नियुक्त करने कहा। इससे मतदाता सूची की शुद्धता बनी रहेगी और लोकतांत्रिक व्यवस्था सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोडऩे, विलोपित, स्थानांतरण करने में आसानी होगी।

बैठक में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 में संशोधन एवं मतदाता का पंजीयन नियम 1960 में संशोधन के संबंध में जानकारी दी गई। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 में संशोधन किया गया है। जिसके अंतर्गत धारा 14 में अर्हता तिथियां 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर निर्धारित किया गया है। धारा 23 अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोडऩे के लिए परिचय हेतु आधार नंबर की आवश्यकता होगी। धारा 20 अंतर्गत साधारण निवासी के तहत पत्नि व पति के आधार पर किया जाएगा। मतदाता का पंजीयन नियम 1960 में संशोधन किया गया है। नियम 7- धारा 20 के तहत फार्म-1 घोषित कार्यालय के साधारण निवासी के कथन हेतु अब पत्नि के आधार पर पति भी साधारण निवासी होगा। फार्म 2 - सशस्त्र सेनाओं में पदस्थ अधिकारी व कर्मचारी का कथन पत्नि के आधार पर पति भी होगा। फार्म 2ए- सशस्त्र पुलिस बल के सदस्य जो राज्य के बाहर पदस्थ है। फार्म 3 - भारत सरकार की सेवा में भारत के बाहर पदस्थ सदस्य है। नियम 13- दावे और आपत्ति के फार्म अब नाम जोडऩे फार्म-6, नाम हटाने फार्म-7 एवं नाम सुधारने, स्थानांतरित करने फार्म-8 होगा। नियम 15 अंतर्गत फार्म 6 में प्राप्त आवेदनों की सूची फार्म 9, फार्म 7 में प्राप्त आवेदनों की सूची फार्म 10, फार्म 8 में प्राप्त संशोधन आवेदनों की सूची फार्म 11, फार्म 8 में प्राप्त एक ही विधानसभा में स्थानांतरण हेतु आवेदनों की सूची फार्म 11 ए, फार्म 8 में प्राप्त एक विधानसभा से दूसरे विधानसभा में स्थानांतरण हेतु आवेदनों की सूची फार्म 11 बी है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा, राजनैतिक दलों के पदाधिकारी श्री अरूण शुक्ला, श्री रघुवीर सिंह वाधवा, श्री रूपेश दुबे, श्री महेन्द्र कुमार शर्मा, श्री कमल जीत पिन्टू, श्री शिव शंकर सिंग, श्री शत्रसुल आलम, श्री मिलाप कुमार बघेल, श्री चुरेन्द्र कुमार, श्री सोमेश कुमार सहित अन्य राजनैतिक दलों के पदाधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

## प्रभा साहू जिपं सदस्य ने मड़ियान हायर सेकेंडरी स्कूल का किया निरीक्षण



**डोंगरगढ़ 22 अगस्त।** विकासखंड के वनांचल गांव ग्राम पंचायत मड़ियान में आज जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू हायर सेकेंडरी स्कूल एवं माध्यमिक शाला में पहुंचकर बच्चों से मुलाकात किया साथ ही शाला भवन के विभिन्न प्रकार के समस्याओं से अवगत हुई जिला पंचायत सदस्य प्रभा साहू बच्चों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था साथ ही बालक बालिका शौचालय की स्थिति बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था और शाला मे फर्श मरम्मत कार्यों के बारे में शिक्षकों से विस्तार पूर्वक चर्चा की साथ ही प्राचार्य महोदय एवम शिक्षकों द्वारा माध्यमिक शाला प्रांगण में बोर खनन करने की मांग की जिला पंचायत सदस्य अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास कराने में निरंतर प्रयत्नशील है हायर सेकेंडरी स्कूल एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मड़ियान की समस्याओ को जल्द निराकरण करने की बात कही साथ में सरपंच राजो बाई कोशा,पंचायत सचिव मोतीलाल देवांगन की उपस्थिति रही।

## करियाटोला मुक्तिधाम के पास पुलिया में अवैध शराब बिक्री पर की गई कार्रवाई

**डोंगरगांव 22 अगस्त।** 20 अगस्त को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक श्री उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव क्षेत्रों मे जुआ , शराब , चोरी के गतिविधियों पर लगातार पैनी नजर रखी जा रही है इस दरम्यान दिनांक 20.08.2024 की शाम को करियाटोला मुक्ति धाम के पास पुलिया मू अवैध रूप से शराब बिक्री की जानकारी मिलने पर त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना डोगरगांव मे पुलिस की स्माल टीम गठित कर शराब रेड कार्यावाही किया गया रेंड कार्यवाही मे 20 पौवा देशी मदिरा प्लेन युनिक प्रत्येक मे 180 एम एल शीलबंद भरा हुआ कुल 3.600 लीटर छ0ग निर्मित किमती 1800 रूपये बिक्री रकम 200 कुल रकम 2000/-रूपये जप्त कर आरोपी - रूपेश पाडे पिता सुरेश पाडे उम्र 26 वर्ष साकिन अटल आवास डोंगरगांव थाना - डोंगरगांव जिला राजनांदगांव,छ0ग0 को गिर0 कर मौके पर देहाती नालसी कायम कर विवेचना मे लिया गया है वापसी पश्चात असल नंबरी अप0 दर्ज किया गया है । थाना डोंगरगांव का आबकारी रेड कार्यवाही सफल रहा है ।



## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी नागरिकों की समस्याएं



**राजनांदगांव 22 अगस्त।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों से जनसामान्य अपनी समस्याएं लेकर जनदर्शन में आते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित करना है। उन्होंने आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में आज घुमका तहसील के ग्राम पटेवा निवासी श्री सुशन वर्मा ने अपनी पत्नी के आकस्मिक मृत्यु होने पर बीमा राशि प्रदाय के लिए आवेदन किया। शंकरपुर राजनांदगांव के श्री वासुदेव सिन्हा ने राजस्व रिकार्ड में त्रुटि सुधार के लिए आवेदन किया। इसी तरह जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व अभिलेख में नाम दुरूस्त करने, विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# नपं अध्यक्ष हीरा निषाद ने जैन समाज के देवताओं एवं त्यौहारों पर की अभद्र टिप्पणी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव 22 अगस्त।** जिले के डोंगरगांव नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद द्वारा जैन समाज पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुवे कहा जैन मंदिर व जैन दुकानों के सामने मांस काट कर फेकने की बात। हीरा निषाद की गिरफ्तारी करने की मांग समाज ने की। 21.08.2024 को प्रातः 9-30 बजे के आसपास एसटीएससी द्वारा आयोजित भारत बंद के दौरान डोंगरगांव नगर में नगर पंचायत डोंगरगांव के अध्यक्ष हीरा निषाद द्वारा खुले हुए दुकानों में जाकर यह कहने लगे कि तुम लोगों के दुकानों एवं मंदिरों में बकरा-मुर्गा कटवा कर फेकवा दूंगा तथा यह भी कहा कि तुम लोगों के महावीर जयंती के समय मांस-मंदिरा दुकान खोलवाउंगा तथा यह भी धमकी दिया है कि तुम लोगों को जो करना है कर लो मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। सार्वजनिक रूप से नगर पंचायत के अध्यक्ष हीरा निषाद द्वारा जैन समाज के देवताओं एवं पारंपरिक त्यौहारो पर की गई अभद्र टिप्पणी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करते हुए तत्काल गिरफ्तारी की मांग सकल जैन समाज डोंगरगांव की जा रही है। उनके द्वारा की गई अभ्रद टिप्पणी से सकल जैन समाज आकोशित है, एवं आहत है। तत्काल कार्यवाही नहीं होने की दशा में पूरे प्रदेश स्तर पर उग्र आंदोलन की जावेगी, कार्रवाई नहीं होने की दशा में जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन - प्रशासन की होगी।

# राजीव गांधी की जयंती पर सद्भावना मार्च निकाला,श्रद्धांजलि अर्पित की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए जाने के पश्चात राजीव फैंस क्लब के बैनर तले सुबह स्कूली बच्चों के साथ सद्भावना मार्च ने शहर भ्रमण किया। इसके साथ ही गांधी सभा गृह में स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें शहर के 15 स्कूलों ने हिस्सा लिया। जितेंद्र मुदलियार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में 21वीं सदी के उन्नत भारत के लिए प्रोद्योगिकी क्रांति के स्वप्नदृष्टा राजीव गांधी को नमन किया गया। राजीव फैंस क?लब के संरक्षक व कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार ने बताया कि, प्रति वर्ष राजीव गांधी जी की जयंती पर यह आयोजन किया जाता रहा है। मंगलवार की सुबह म्यूनिसपल स्कूल में सभी ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी ऐतिहासिक उपलब्धियों और त्याग पर संबोधित किया गया। इसके बाद यहां से सद्भावना मार्च निकाला गया जिसमें बड़ी संख?या में बच्चे भी शामिल थे। शहर के विभिन्न मार्गों से भ्रमण करते हुए मार्च वापस यहीं पहुंचकर समाप्त हुआ। इसके कुछ ही देर बाद गांधी सभा गृह में सांस?कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम में 15 स्कूलों के बच्चों ने हिस्सा लिया। गीत गायन और देशभक्ति की थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में नौनिहालों ने भारत की एक अलग अद्भुत छवि प्रस्तुत की। नृत्य में नीरज पब्लिक स्कूल को प्रथम पुरुस्कार मिला।



### राजस्व वसूली के लिये भौतिक सत्यापन कर डिमांड दुरुस्त कर वसूली के निर्देश

# वार्ड निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने सफाई व्यवस्था,राजस्व वसूली की ली जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 22 अगस्त।** वार्ड निरीक्षण के लिये निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज सुबह तकनीकी, स्वास्थ्य व राजस्व अधिकारी के साथ स्टेशनपारा क्षेत्र के वार्ड नं. 11 व 12 तथा गौरीनगर वार्ड नं. 13 में सफाई, निर्माण का निरीक्षण कर राजस्व वसूली की जानकारी ली। उन्होने सफाई के साथ साथ राजस्व वसूली के लिये डिमाण्ड दुरूस्त करने के निर्देश दिये।



आयुक्त श्री गुप्ता स्टेशनपारा एवं गौरी नगर में सफाई व्यवस्था निरीक्षण के दौरान हाजरी रजिस्टर की जॉच किये और अनुपस्थित कर्मचारी की जानकारी लेकर अधिक दिनों तक अनुपस्थित रहने पर वेतन कटौती के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा को दिये। उन्होंने हाजरी रजिस्टर में सफाई कर्मी का फोटो नहीं चिपकाने तथा कर्मचारी की उपस्थिति ठीक से नहीं दर्शाने पर नराजगी व्यक्त करते हुये गौरीनगर के सुपरवाईजर को नोटिस जारी करने तथा भविष्य में पुनरावृत्ति पर वेतन काटने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिये। उन्होंने कहा कि श्रमिक बाहुल्य वार्ड में साफ सफाई में कोताही बर्दास्त नहीं की जावेगी। सफाई दरोगा, वार्ड प्रभारी एवं स्वच्छता निरीक्षक प्रतिदिन मानिटरिंग कर व्यवस्था दुरूस्त करे। आयुक्त श्री गुप्ता ने वार्ड में राजस्व वसूली की संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षक से जानकारी ली और डिमांड पंजी देख घरो की संख्या के अनुसार वसूली पूछा, संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षक ने कहा कि 6 माह से इस वार्ड का प्रभार मिला है, ऐरिया अनुसार डिमाण्ड तैयार कर रहा हूॅ। आयुक्त ने कहा कि 20 दिवस के भीतर मौका मुआयना कर डिमाण्ड दुरूस्त कर उसके अनुसार वसूली करे, लापरवाही पर कार्यवाही करने राजस्व अधिकारी श्री अशोक देवांगन को निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि भौतिक सत्यापन कर सभी डिमाण्ड दुरूस्त करे और इस वित्तीय वर्ष के लक्ष्य के अनुरूप वसूली करे। उन्होंने वसूली में कडाई बरतने राजस्व अधिकारी को निर्देशित किये। गौरीनगर में शीतला मंदिर सामुदायिक भवन निर्माण तथा प्रसन्नुदास गली में नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण कर कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके से आयुक्त ने कहा कि सामुदायिक भवन के प्लींथ कार्य जल्द चालू कराये और समय सीमा में भवन निर्माण पूर्ण करावे जिससे इसका लाभ मिल सके। इसी प्रकार नाली निर्माण कार्य देख नाली का बेस मजबूत कर पर्याप्त ढाल देने के निर्देश देते हुये कहा कि नाली में पानी न रूके तथा नाली के अंदर पाईप लाईन न हो इसका विशेष ध्यान रखा जावे। उन्होंने वार्ड नं. 11 व 12 में निर्माण कार्य की जानकारी लेकर अपूर्ण कार्य जल्द पूर्ण कराने तथा अप्रारंभ कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिये।

## संपादकीय

# ठीक है, सरकार, पुलिस असफल है और हम...

हर देश, हर शहर, हर समाज व हर परिवार के लोगों को पता रहता है कि बुराई क्या है, अपराध क्या है और उसे रोकना किसी एक की नहीं सबकी जिम्मेदारी है। जब सभी लोग मिलकर रोकने का प्रयास नहीं करते हैं तो बुराई होती रहती है, अपराध होते रहते हैं, सबको बुरा लगता है, सबको शमर् आती है कि हमारे शहर, गांव, परिवार में ऐसे कैसे हुआ, ऐसा कोई कैसे कर सकता है। हमारी सबसे बड़ी कमजोरी यही है कि जैसे ही कहीं पर कोई बुराई होती है, कोई अपराध होता है।हम सबसे पहले इसके लिए दोषी कौन है, यह तय करने लग जाते हैं।हर कोई अपने अपने हिसाब से दोषी तय कर देता है, मान लेता है कि यह दोषी है, इसे सजा मिलनी चाहिए।

इसके बाद हम मान लेते हैं कि हमारा काम पूरा हो गया। हमने बुराई की निंदा की, बुरा करने वाले की आलोचना की, बुरा होने देने के लिए जो दोषी है, उनको बुराभला कहा। सजा देने वालों से कहा कि इसकी कड़ी सजा मिलनी चाहिए।सिर्फ़ कड़ी सजा मिलने से तो किसी भी देश में अपराध रुकते नहीं है। इसके लिए व्यवस्था की जाती है कि जिस तरह अमानवीय अत्याचार किसी महिला, किसी किशोरी, किसी बच्ची के साथ हुआ है, उस तरह का फिर न हो। ऐसी व्यवस्था किसी किसी जगह की जा सकती है लेकिन कोई भी व्यवस्था हमेशा इतनी अच्छी नहीं होती है कि कोई अपराध ही न कर सके।

बुरे से बुरा अपराध तो हर जगह हो सकता है, उसके लिए तो कोई खास जगह तय नहीं की जा सकती। कुछ अस्पताल,कुछ स्कूलों,कुछ संस्थानों में ऐसी व्यवस्था की जा सकती है कि वहां महिलाओं के साथ किसी को कुछ बुरा करने का मौका न मिले। कोलकाता के एक अस्पताल में एक महिला डॉक्टर के साथ रेपकर उसकी क्रूरता से हत्या कर दी। इतनी क्रूरता से हत्या कर दी कि जो सुनता है, जानता है, वह परेशान हो जाता है कि कोई आदमी इतना बेरहम, क्रूर कैसे हो सकता है। महाराष्ट्र में दो बच्चियों के साथ बहुत बुरा व्यवहार कोई सफ़ाई कर्मी करता है,रायगढ़ से खबर आती है कि महिला के साथ आठ लोगों ने गैंगरेप किया।यह एक दिन की खबर नहीं है,यह तो रोज की खबरें होती है। इन खबरों को पढ़कर किसी को भी लग सकता है कि महिला के साथ कहीं भी कुछ भी हो सकता है।सभी को बहुत बुरा भी लगता है, सभी को बहुत गुस्सा भी आता है।

सुप्रीम कोट को भी बहुत गुस्सा आया है,उसने मेडिकल प्रोफेशनरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने सुझाव देने के लिए दस सदस्यीय नेशनल टास्क फोसज़ का गठन किया है, उसे तीन सप्ताह में रिपोटज़् मांगी है। सुप्रीम कोटज़् ने भी सभी लोगों की तरह ममता सरकार को फटकार लगाई है कि उसने इस मामले को उतनी गंभीरता से नहीं लिया जितनी गंभीरता से लेने की जरूरत थी। हो सकता है कि रिपोटज़् आने के बाद सुप्रीम कोटज़् केंद्र व राज्य सरकारों से कहे कि देश के अस्पतालों में मेडिकल प्रोफेशनरों की सुरक्षा की कम से कम यह व्यवस्था होनी चाहिए। सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या इससे किसी अस्पताल में कोई अपराध नहीं होगा।

किसी डाक्टर के साथ कोई बुरा व्यवहार नहीं होगा। यह अपराध रोकने की बाहरी व्यवस्था है।कहीं कोई भी जा सकती है।ठीक उसी तरह जैसे शहर में अपराध रोकने के लिए पुलिस होती है, लेकिन इससे अपराध रुकते नहीं हैं, अपराध तो होते रहते हैं। अपराध करने वाले जब तक है, तब तक अपराध को रोका नहीं जा सकता। अपराध करने वाले को तो जहां अपराध करने का मौका मिलता है,वहीं अपराध करता है। पुलिस,कानून, सजा का डर होते हुए भी अपराध करता है। अपराध कम करना है तो अपराध करने वालों की संख्या कम करने की जरूरत है। किसी के अपराध करने के पहले ही उसे बताने की व्यवस्था होनी चाहिए कि अपराध करना बुरा बात है, यह कभी नहीं करना है। इससे खुद को तकलीफहोती है और दूसरों को भी तकलीफहोती है। अपराध के प्रति बच्चे को शुरू से जागरूक करने की व्यवस्था जब तक परिवार, समाज, शहर, देश में नहीं होगी। अपराध को रोका नहीं जा सकता। उससे बचाने की व्यवस्था की जा सकती है। बचाने की कोई व्यवस्था इतनी व्यापक नहीं हो सकती कि कोई अपराध न कर सके। आदमी को अपराध करने से रोकने की व्यवस्था करके जरूर अपराध करने वालों की संख्या कम की जा सकती है। देश व शहर में जिस तरह अपराध करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है, उससे साफहै कि हम अपराध करने वालों की संख्या कम करने में असफ्ल हैं। अब अपराध चाहे बंगाल में हो, महाराष्ट्र में हो, छत्तीसगढ़ में हो।

विशेष लेख


# श्रीकृष्ण हैं सृष्टि के महानायक एवं मैंनेजमेंट गुरु

ललित गर्ग

भगवान श्रीकृष्ण हमारी संस्कृति के एक अद्भुत एवं विलक्षण महानायक एवं मैंनेजमेंट गुरु हैं। श्रीकृष्ण का चरित्र एक प्रभावी एवं सफल मैंनेजमेंट गुरु वाले लोकनायक का चरित्र है। वह द्वारिका के शासक भी है किंतु कभी उन्हें राजा श्रीकृष्ण के रूप में संबोधित नहीं किया जाता। वह तो ब्रजनंदन है। कुशल प्रबंधन सोच के कारण ही समाज एवं राष्ट्र व्यवस्था उनके लिये कर्त्तव्य थी, इसलिये कर्त्तव्य से कभी पलायन नहीं किया तो धर्म उनकी आत्मनिष्ठा बना, इसलिये उसे कभी नकारा नहीं। वे प्रवृत्ति और निवृत्ति दोनों की संयोजना में सचेतन बने रहे। श्रीकृष्ण के आदर्शों से ही देश एवं दुनिया में शांति स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त होगा। श्रीकृष्ण के प्रबंधन रहस्य को समझना होगा कि उन्होंने किस प्रकार आदर्श राजनीति, व्यावहारिक लोकतंत्र, सामाजिक समरसता, एकात्म मानववाद और अनुशासित सैन्य एवं युद्ध संचालन किया। राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए किस तरह की नीति और नियत चाहिए- इन सब प्रश्नों के उत्तर श्रीकृष्ण के प्रभावी प्रबंधन सूत्रों से मिलते हैं।

श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व एवं कृतित्व नेतृत्व एवं प्रबंधन की समस्त विशेषताओं को समेटे बहुआयामी एवं बहुरंगी है, यानी राजनीतिक कौशल, बुद्धिमत्ता, चातुर्य, युद्धनीति, आकर्षण, प्रेमभाव, गुरुत्व, सुख, दुख और न जाने और क्या? एक देश-भक्त के लिए श्रीकृष्ण भगवान तो हैं ही, साथ में वे जीवन जीने की कला एवं सफल नागरिकता भी सिखाते है। उन्होंने अपने व्यक्तित्व की विविध विशेषताओं से भारतीय-संस्कृति में उच्च महाप्रबंधक का पद प्राप्त किया। एक ओर वे राजनीति के ज्ञाता, तो दूसरी ओर दर्शन के प्रकांड पंडित थे। धार्मिक, राजनैतिक एवं सामाजिक जगत में भी नेतृत्व करते हुए ज्ञान-कर्म-भक्ति का समन्वयवादी धर्म उन्होंने प्रवर्तित किया। अपनी योग्यताओं के आधार पर वे युगपुरुष थे, जो आगे चलकर युवावतार के रूप में स्वीकृत हुए। उन्हें हम एक महान्‍ क्रांतिकारी नायक के रूप में स्मरण करते हैं। वे दार्शनिक, चिंतक, गीता के माध्यम से कर्म और सांख्य योग के संदेशवाहक और महाभारत युद्ध के नीति निर्देशक थे किंतु सरल-निश्छल ब्रजवासियों के लिए तो वह रास रचैया, माखन चोर, गोपियों की मटकी फोड़ने वाले नटखट कन्हैया और गोपियों के चितचोर थे। गीता में इसी की भावाभिव्यक्ति है- हे अर्जुन! जो भक्त मुझे जिस भावना से भजता है मैं भी उसको उसी प्रकार से भजता हूं। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में भी हम इन्हीं प्रबंधकीय विशेषताओं का दर्शन करते है, क्योंकि श्रीकृष्ण के जीवन-आदर्शों को आत्मसात करते हुए वे एक कुशल प्रबंधक के रूप में सशक्त भारत-नया भारत निर्मित कर रहे हैं।

सही प्रबंधन के बिना किसी भी कार्य से श्रेष्ठतम परिणाम प्राप्त नहीं किये जा सकते। जिस तरह जीवन के प्रत्येक कार्य में सुनिश्चित सफलता के लिये सही प्रबंधन अति आवश्यक है, उसी तरह सही ढंग से जीने एवं सार्थक जीवन के लिये भी सही प्रबंधन जरूरी है। श्रीकृष्ण ने मैंनेजमेंट गुरु की भूमिका निभाते हुए सफल एवं सार्थक जीवन जीने के प्रबंधन सूत्र दिये, जो सदियों से सम्पूर्ण मानवजाति का पथ-दर्शन कर रहे हैं। श्रीकृष्ण के प्रबंधन नीति की खासियत यह है कि उनकी भावना और विवेक एक दूसरे का पूरक है। मैंनेजमेंट गुरु श्रीकृष्ण का वह व्यावहारिक कौशल ही था कि अत्याचारी कंस को सबसे पहले आर्थिक रूप से कमजोर किया गया और फिर उसका वध किया। पूरे महाभारत युद्ध के दौरान कहीं भी श्रीकृष्ण उहापोह की स्थिति में नजर नहीं आये। एक ही व्यक्ति में अनेक गुणों, विशेषताओं एवं कौशल का समावेश तभी हो सकता है, जब



वह प्रबंधन में निष्णात हो। श्रीकृष्ण एक ऐसा ही आदर्श चरित्र है जो अर्जुन की मानसिक व्यथा का निदान करते समय एक मनोवैज्ञानिक, कंस जैसे असुर का संहार करते हुए एक धर्मावतार, स्वार्थ पोषित राजनीति का प्रतिकार करते हुए एक आदर्श राजनीतिज्ञ, विश्व मोहिनी बंसी बजैया के रूप में सर्वश्रेष्ठ संगीतज्ञ, बृजवासियों के समक्ष प्रेमावतार, सुदामा के समक्ष एक आदर्श मित्र, सुदर्शन चक्रधारी के रूप में एक योद्धा व सामाजिक क्रान्ति के प्रणेता हैं। उनके जीवन की छोटी से छोटी घटना से यह सिद्ध होता है कि वे सर्वैश्वर्य सम्पन्न थे। धर्म की साक्षात मूर्ति थे। कुशल राजनीतिज्ञ थे। सृष्टि संचालक के रूप में एक महाप्रबंधक थे।

भगवान श्रीकृष्ण के मैनेजमेंट मंत्र के अनुसार श्रेष्ठ व्यक्ति को हमेशा अपने पद और गरिमा के अनुसार ही व्यवहार या आचरण करना चाहिए। क्योंकि वह लोगों के लिए आदर्श हैं और वो जैसा करेंगे लोग भी वैसा ही अनुसरण करेंगे। कुरुक्षेत्र के युद्ध मैदान में भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जो गीता के उपदेश दिये थे, वे मैंनेजमेंट अमरसूक्त हैं। मोहवश अर्जुन ने हथियार त्याग दिए थे, तब गीता के उपदेशों के जरिये ही भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को धमार्नुसार कर्म करने की प्रेरणा दी। महाभारत के युद्ध में श्रीकृष्ण ने जो उपदेश दिए थे, इनमें मैनेजमेंट के सूत्र छिपे हुए हैं। इस सूत्रों को समझकर कोई भी इंसान अपने जीवन में छोटे-छोटे बदलावों से उन्नति कर सकता है। श्रीकृष्ण के अनुसार जिस मनुष्य के मन में किसी प्रकार की इच्छा या कामना होती है, उसे कभी सुख शांति प्राप्त नहीं होती। इसलिए सुख-शांति हासिल करने के लिए इंसान को सबसे पहले अपनी इच्छाओं का त्याग करना होगा। हम कर्म के साथ उसके आने वाले परिणाम के बारे में सोचते हैं जो हमें कमजोर बनाता है। लेकिन हमें परिणाम की चिंता न करके अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए, जिससे हम अपने कर्तव्य का पालन कर सकें, यह प्रबंधन का आदिसूत्र हैं।

श्रीकृष्ण का प्रशासनिक एवं राजनीतिक चरित्र अत्यन्त अलौकिक है, उनके समग्र विचार दर्शन का संक्षेप में केवल एक संदेश है- कर्म। कर्म के माध्यम से ही समाज की अनिष्टकारी प्रवृत्तियों का शमन करके उनके स्थान पर वरेण्य प्रवृत्तियों को स्थापित करना संभव होता है। श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व असीम करुणा से परिपूर्ण है। लेकिन अनीति और अत्याचार का प्रतिकार करने वाला उनसे कठोर व्यक्ति शायद ही कोई मिले। जो श्रीकृष्ण अपने से प्रेम करने वाले के लिए नंगे पांव दौड़े चले जाते थे, वही श्रीकृष्ण दुष्टों को दण्ड देने के लिए अत्यंत कठोर और निर्मम भी हो जाते थे। कब प्रेम करना और कब घृणा, कब कठोर होना और कब करुणामय-यह उचित प्रबंधन से ही संभव है। भगवान श्रीकृष्ण से प्रेम के साथ-साथ जीवन के सबसे खराब दौर में कैसे अच्छा परिणाम पाएं इसका गुण भी हम लोग सीख सकते हैं। अपने जन्म से लेकर लीला समाप्ति तक, अपने पूरे अवतार के समय तक श्रीकृष्ण ने कई संघर्षों को सुलझाया और देखा भी। परिस्थिति को अपने अनुकूल बनाने की कला सिर्फ श्रीकृष्ण में ही थी। श्रीकृष्ण का यह प्रबंधन कौशल एवं समय-नियोजन ही था कि उन्होंने 64 दिन में 64 कलाओं का ज्ञान प्राप्त कर लिया था। श्रीकृष्ण ने वैदिक कलाओं के साथ-साथ दूसरी कलाएं भी सीखी थीं। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जिससे आपके व्यक्तित्व का रचनात्मक विकास हो। श्रीकृष्ण ने 64 कलाओं के साथ-साथ संगीत, नृत्य व युद्ध की भी कला भी सीखी थी। एक बार पांडवों के राजसूय यज्ञ में शिशुपाल श्रीकृष्ण को अपशब्द कहता रहा। वह छोटा भाई था, लेकिन बोलते-बोलते उसने सारी मयार्दाएं तोड़ दीं। सभा में मौजूद सभी लोग क्रोधित थे लेकिन श्रीकृष्ण शांत थे और मुस्कुरा रहे थे। एक बार श्रीकृष्ण शांति दूत बनकर दुर्योधन के पास गए तो उसने श्रीकृष्ण का बहुत अपमान किया। श्रीकृष्ण शांत रहे। इसलिए अगर हमारा दिमाग स्थिर है और मन शांत है तभी हम कोई सही निर्णय ले पाएंगे। गुस्से में हमेशा नुकसान होता है। उचित प्रबंधन के माध्यम से हम यह सीख सकते हैं और श्रीकृष्ण इसके प्रयोक्ता थे।

श्रीकृष्ण का संपूर्ण जीवन भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का पर्याय है। उनके आदर्शों के माध्यम से ही विश्व ने भारत को जाना है। उनके आदर्शों की पुनर्प्रतिष्ठा से विश्व फिर से भारत को जानेगा। राजनैतिक सूक्ष्म दृष्टि, दुष्टों, राष्ट्रद्रोहियों, अपराधियों एवं भ्रष्टाचारियों का दलन, वचन पालन का संकल्प, राष्ट्रहितार्थ आत्मसमर्पण का व्रत, निष्पाप लोगों की मुक्ति, विषमताओं का उन्मूलन, विभेदों में सामंजस्य, परस्पर शत्रुता का निवारण, स्वयं स्वीकृत आत्मसंयम, राष्ट्र कार्यों में सबका सहयोग, राजसत्ता पर धर्मसत्ता का अंकुश और इन सबकी पूर्ति के लिए सत्ता का भी त्याग इत्यादि श्रीकृष्ण के प्रबंधन-गुण भारत के राष्ट्रीय जीवन एवं सांस्कृतिक मूल्य हैं। वास्तव में श्रीकृष्ण उस कोटि के चिंतक थे, जो काल की सीमा को पार कर शाश्वत और असीम तक पहुंचता है। जब-जब अनीति बढ़ जाती है, तब-तब श्रीकृष्ण जैसे राष्ट्रनायक को अवतीर्ण होना पड़ता है। जैसा कि स्वयं श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है- यदा-यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारतः, अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्। अर्थात अन्याय के प्रतिकार के लिए ही राष्ट्रनायक को जन्म लेने की आवश्यकता पड़ती है।

श्रीकृष्ण अनेक प्रबंधन विशेषताओं के समवाय थे, वे ग्रामीण संस्कृति के पोषक बने हैं। उन्होंने अपने समय में गायों को अभूतपूर्व सम्मान दिया। वे गायों एवं ग्वालों के स्वास्थ्य, उनके खान-पान को लेकर सजग थे। उन्होंने जहां ग्वालों की मेहनत से निकाला गया माखन और दूध-दही को स्वास्थ्य रक्षक के रूप में प्रतिष्ठित किया वही इन अमूल्य चीजों को ह्यकरह्न के रूप में कंस को देने से रोका। वे चाहते थे कि इन चीजों का उपभोग गांवों में ही हो। श्रीकृष्ण का माखनचोर वाला रूप दरअसल निरंकुश सत्ता को सीधे चुनौती तो था ही, लेकिन साथ ही साथ ग्रामीण संस्कृति को प्रोत्साहन देना भी था। श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव-जन्माष्टमी पर आज भारत का निर्माण उनकी शिक्षाओं, जीवन-आदर्शों, प्रबंधन-कौशल एवं सिद्धान्तों पर करने की अपेक्षा है, तभी हिन्दू सशक्त होंगे, तभी भारत सही अर्थों में हिन्दू राष्ट्र बन सकेगा।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के अकाउंटेंट के लिए आज का दिन व्यस्तता भरा रहेगा 7 जीवनसाथी आज आपको खुश होने की वजह देंगे। आज घर के सदस्यों के सहयोग और मार्गदर्शन से आप कोई खास निर्णय लेने में सहजता महसूस करेंगे। बातचीत के माध्यम से किसी मामले का हल व समाधान मिल जाएगा। आज संतान की तरफ से भी कोई शुभ समाचार मिल सकता है, जिससे आपको गर्व महसूस होगा। आज हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे।

वृष राशिःआज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपका कर्म प्रधान होना आपके भाग्य का निर्माण करेगा। मित्रों अथवा किसी संबंधी के सहयोग से आपके घर में खुशी का माहौल होगा। ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में इस राशि के स्टूडेंट की रुचि बनी रहेगी। विदेश जाने के लिए प्रयासरत लोगों को आज खुशखबरी मिल सकती हैं।

मिथुन राशिःआज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। इस राशि के स्टूडेंट्स को किसी विशेष सब्जेक्ट को लेकर अधिक एकाग्रता बनाए रखने की जरूरत है। आज आपको करियर से सम्बन्धित कोई अच्छी सूचना मिल सकती है। अपनी सीक्रेट बाते किसी से भी शेयर ना करें। ओवर कॉन्फिडेंस पर काबू रखेंगे तो सब ठीक रहेगा। आज परिवार जनों के बीच उचित सामंजस्य रहेगा।किसी नजदीकी संबंधित द्वारा शुभ सूचना मिलने से खुशी भरा वातावरण रहेगा।

कर्क राशिःआज आपके लिए दिन पाज़िटिव रहने वाला है। आज खुद से लिए गए निर्णय के बेहतर परिणाम मिलने से खुशुई होगी। इस राशि के विद्यार्थियों को इंटरव्यू में सफलता मिलने के योग हैं । प्रॉपर्टी से संबंधित कोई कार्यवाही चल रही है, तो आज बात बन सकती हैं। जीवन के प्रति आपका सकारात्मक रवैया आपके आत्म बल को और अधिक मजबूत रखेगा। आज बिजनेस की व्यवस्था बनाए रखने में बहुत मेहनत करनी होगी।

सिंह राशिःआज आपका दिन खास रहने वाला है। आज आप कई तरह की गतिविधियों में दिन बिताएंगे इसके साथ ही कठिन से कठिन काम को पूरे निश्चय के साथ पूरे कर लेंगे। आज कुछ अनुभवी लोगों का संपर्क मिलेगा और आपको नयी जानकारियां भी हासिल होगी। आज आपको सिर्फ अपना व्यवहार और सोच सकारात्मक रखिए। आध्यात्म के प्रति रुचि रखना...आज आपके स्वभाव को और अधिक विनम्र बनाएगा। आज अपने किसी प्रोजेक्ट को लेकर की गई मेहनत कामयाब रहेगी।

कन्या राशिःआज आपका दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा। अपने काम को नया रूप देने के लिए कुछ रचनात्मक गतिविधियों में भी रुचि रहेगी। आज सरकारी क्षेत्र से जुड़े बिजनेस करने वालों को उचित लाभ होने के योग है पार्टनरशिप संबंधी व्यवसाय में पारदर्शिता और सामान्य से बनाकर रखने से स्थिति उत्तम रहेगी। इस राशि की महिलाएं अपने व्यवसाय में विशेष सफलता हासिल करेंगी। घर का माहौल को खुशनुमा बनाने के लिए कुछ समय परिजनों के साथ बिताएंगे। नये काम पर आज विचार करने का पूरा मौका मिल सकता है, जितना हो सके मौके को हाथ से न जाने दें।

तुला राशिःआज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आप कोशिश करेंगे कि आपका व्यवहार सभी के प्रति अच्छा हो और किसी की भावनाओं को भी ठेस न पहुचे। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आज आपको सोच-समझकर लेने चाहिए। घरवालों के साथ कहीं माता के दर्शन करने जायेंगे। कोर्ट-कचहरी के मामले में आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से ही सलाह मिलेगी।

वृश्चिक राशिःआज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपको काम को पूरा करने के लिये कड़ी मेहनत करनी होगी नहीं तो आपका काम अधूरा रह भी सकता है। आज दिन आपके पक्ष में है। किसी को दिया उधार पैसा वापस मिलेगा। साथ ही कोई राजनैतिक उपलब्धि भी मिल सकती है। इससे समाज में आप का रुतबा बढ़ेगा, ज्यादा से ज्यादा लोग आपसे जुड़ेंगे। साथ ही आय में भी बढ़ोत्तरी होगी। यदि किसी असमंजस की स्थिति बने तो मित्रों का सहयोग आपकी मुश्किल को हल करने सहायक होगा। आज आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। किसी खास व्यक्ति के सहयोग से आपको लाभ होगा।

धनु राशिःआज आपका दिन बेहतरीन रहेगा7 आज आपको पारिवारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा.. आपका सही मार्गदर्शन घर के सभी सदस्यों के दिल में एक-दुसरे के प्रति प्यार बढ़ा देगा। आज व्यापार बढ़ाने के लिए किसी के साथ साझेदारी करने की योजना बना रहे हैं, तो आपका फैसला सकारात्मक रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों को अपने मन मुताबिक अथॉरिटी मिलेगी। आज आपका संतुलित व्यवहार घर और बाहरी गतिविधियों में उचित सामंजस्य बनाकर रखेगा और अपने कामों को पूरा करने में सक्षम भी होंगे। आज किसी धार्मिक स्थल पर जाने से मानसिक शांति मिलेगी।

मकर राशिःआज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज कुछ समय आत्म चिंतन में भी जरूर लगाएं। इससे मानसिक सुकून बढ़ेगा। निवेश संबंधी गतिविधियां फिलहाल स्थगित ही रखें। चल रहे किसी विवाद को शांतिपूर्ण तरीके से हल करने का प्रयास करेंगे। इस राशि के विदेशी कंपनियों में नौकरी करने वालों की पदोन्नति होने के योग है। फैमिली की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खर्च और खरीदारी करते समय संतुलन बनाकर चलना होगा, बचत की ओर खासतौर पर ध्यान देना होगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे।

कुंभ राशिःआज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला है। आज सम्मानित व्यक्तियों के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा तथा उनके सानिध्य में बहुत कुछ सीखने को भी मिलेगा। आज घर की सुख-सुविधा से संबंधित कोई मूल्यवान वस्तुओं की खरीददारी करेंगे। धर्म-कर्म के मामलों में आपकी आस्था बढ़ेगी आप पास के किसी मंदिर जा सकते हैं। आज ऑफिस में आप किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करेंगे आपको सफलता मिलेगी। आज किसी करीबी को आपसे कुछ अपेक्षाएं हो सकती हैं।

मीन राशिःआज आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीतेगा। परिवार वाले आज आपको अच्छी राय देंगे। आज शाम तक कोई शुभ समाचार मिलने से घर में खुशियों का माहौल बनेगा। आज कोई रुका हुआ काम पूरा होने से खुशी होगी..किसी नए टारगेट पर उत्साह के साथ काम करेंगे। हालांकि शुरुआत में अधिक मेहनत भी करनी पड़ेगी। आपकी पॉजिटिव थिंकिंग से काम योजनाबद्ध तरीके से पूरा होगा आज सामाजिक गतिविधियों में भी आपका उचित योगदान बना रहेगा। लवमेट के रिश्तें में और मधुरता बढ़ेगी।

# व्यंग्यः तू चीज बड़ी है मस्त-मस्त

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त



सूरज सिर पर चढ़ आया था, लेकिन ऑफिस में बाबूजी का सिर अभी भी चिंताओं के बोझ से झुका हुआ था। आँखें बंद, माथे पर बल, और मन में हजारों सवाल। दोनों हाथों से सिर को थामे हुए वो कभी एक तरफ तो कभी दूसरी तरफ झुक जाते। तभी पांडे जी की उत्साहित आवाज ने ऑफिस का सन्नाटा तोड़ दिया। नमस्ते साहब! पांडे जी ने दरवाजे से ही अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, लेकिन बाबूजी ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। वे बस अपने सिर को उठाकर पांडे जी की ओर एक नजर डालते हैं और फिर पुनः अपनी चिंता की मुद्रा में लौट आते हैं। पांडे जी का उत्साह फीका पड़ जाता है, और वे अपनी उंगलियों से माथे की सलवटों को सीधा करने का असफल प्रयास करते हुए बाबूजी के पास चले आते हैं।

क्या हुआ साहब? किसी विचार में डूबे हैं या किसी चिंता में? पांडे जी ने थोड़ी सहानुभूति जताते हुए पूछा। बाबूजी ने सिर को उठाया, दोनों हाथों से बालों को यूँ झाड़ा जैसे किसी पुराने विचार को निकाल फेंकना चाहते हों, फिर खड़े होकर कमरे में टहलने लगे। उनकी इस गम्भीर मुद्रा ने पांडे जी को चौंका दिया। पांडे जी अब उत्सुकता से बाबूजी की ओर देखने लगे।

काहे का विचार पांडे जी? ये तो इस व्यवस्था ने हमें चिंतन से ही बेदखल कर दिया है। अब तो केवल चिंता ही बाकी रह गई है। बाबूजी की आवाज में गहरी निराशा थी। पांडे जी, जो अब तक अपने आप को समस्या का हिस्सा मान रहे थे, अचानक अपने ऊपर से सारे बोझ को उतारते हुए बोले, अरे साहब! हम जैसे कर्मठ कर्मचारियों के रहते आपको परेशान होने की जरूरत ही क्या है? बाबूजी ने पांडे जी की ओर देखा, फिर खिड़की की ओर मुड़कर बाहर की ओर ताकने लगे। पांडे जी भी अपने साहब की नकल करते हुए खिड़की से बाहर झांकने लगे। यहऊँची इमारत की सबसे ऊपरी मंजिल थी, जहाँ से नीचे के कर्मचारी तो छोटे-छोटे खिलौनों की तरह दिखते थे। पांडे जी को लगा कि शायद बाबूजी की चिंता का कारण यही ऊंचाई है। उन्होंने साहस जुटाकर पूछ लिया, ₹साहब, कहीं इस ऊँचाई से नीचे देखने में आपको कोई दिक्कत तो नहीं हो रही?

नहीं, पांडे जी, समस्या ये नहीं है।₹ बाबूजी ने ठंडी आह भरी। ₹यहाँ तो सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा है, लेकिन नीचे जो हो रहा है, वही चिंता का विषय है।

पांडे जी की धड़कनें तेज हो गईं। ₹तो फिर क्या बात है साहब? बाबूजी ने गहरी सांस ली और बोले, ₹पांडे जी, देख रहे हो कितनी भीड़ बढ़ती जा रही है नीचे? अब लोग इतना काम कर रहे हैं कि कार्यालय में जगह ही नहीं बची। पहले तो दो-चार ही आते थे, लेकिन अब हर रोज सैकड़ों की संख्या में लोग फाइलें और समस्याएं लेकर आ जाते हैं। कोई घूसखोरी, कोई भ्रष्टाचार, कोई अनुशासनहीनता...। इंसान दिन-रात कार्यालय में समस्या पैदा कर रहे हैं और हमें सारा दिन इनको सुलझाने में लगाना पड़ता है। पांडे जी को समझ में नहीं आ रहा था कि बाबूजी की इस नई समस्या का क्या हल हो सकता है। लेकिन साहब, ये तो हमेशा से होता आ रहा है। फाइलें आती रहती हैं, सिफारिशें होती रहती हैं। इसमें चिंता की क्या बात है? बाबूजी ने गहरी सांस लेकर पांडे जी की ओर देखा, जैसे वो कुछ बहुत महत्वपूर्ण बात बताने वाले हों। ₹पांडे जी, समस्या ये नहीं है कि लोग काम कर रहे हैं। समस्या ये है कि अब काम करने वाले लोग भी ईमानदारी से काम नहीं करते। ये घूसखोरी, भ्रष्टाचार, ये सब कलियुग के लक्षण हैं। अब देखो, हर विभाग में कोई न कोई ऐसे काम में लिप्त है, जो उसे सीधे स्वर्ग पहुंचाने वाला है। और हम यहाँ किसके लिए बैठे हैं? ऐसे ही लोगों की सिफारिशें निपटाने के लिए!

पांडे जी, जो अब तक केवल सिर हिला रहे थे, अचानक बोले, साहब, अगर ये लोग इतने महान काम कर रहे हैं, तो फिर समस्या क्या है? उन्हें प्रमोशन दीजिए और स्वर्ग की ओर भेज दीजिए!

अरे पांडे जी! बात इतनी आसान होती तो क्या समस्या थी? बाबूजी की आवाज में खीझ साफ झलक रही थी। ₹अब समस्या ये है कि कोई भी व्यक्ति पूरा का पूरा अच्छा नहीं है। सबके सब भ्रष्टाचार और झूठ-फरेब में लिप्त हैं। अब किसे प्रमोट करें और किसे नहीं? हर किसी में थोड़ी-बहुत अच्छाई भी है और बहुत सारा बुरा भी। ऐसे में निर्णय लेना मुश्किल हो गया है।पांडे जी अब पूरी तरह से गम्भीर हो गए। उन्होंने बिना एक शब्द बोले, बाबूजी की बात सुनने का निर्णय लिया। और सबसे बड़ी समस्या तो ये है कि जबसे हमारे विभाग में नेताओं का आना शुरू हुआ है, तबसे व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। ये नेता लोग तो आते ही हड़ताल और धरना करने लगते हैं। किसी को लाल बत्ती चाहिए, किसी को चाय का ठेका। अब बताओ, ऐसे में कैसे काम होगा?₹ बाबूजी ने एक पल के लिए विराम लिया, फिर कोने में रखी पानी की बोतल से गला तर किया। पांडे जी ने पूरी गम्भीरता से पूछा, तो फिर साहब, इसका हल क्या है? बाबूजी ने पांडे जी के कंधे पर हाथ रखा और कहा, अब तुम ही कोई उपाय बताओ, जिससे इन नेताओं को स्वर्ग की बजाय सीधे नर्क में भेजा जा सके।

समसामयिक आलेख

# बत्तीस साल बाद फैसला देने वाली अन्याय व्यवस्था !

मनोज कुमार अग्रवाल



1992 के अजमेर सेक्स स्कैंडल मेंअब बत्तीस साल बाद अदालत का फैसला आया है। इस मामले के आरोपी नफीस चिश्ती, नसीम उर्फ टार्जन जैसे 6 और हैवानों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। दुनिया भर की अदालत और कानून का राज देने वाले विश्व भर की न्याय व्यवस्थाओं में संभवतः हमारी अदालत और न्यायपालिका देरी का विश्व रिकॉर्ड कायम कर रही है। क्या यही है हमारी संविधान और लोकतंत्र की कानून व्यवस्था जिसमें न्याय देने में बत्तीस साल लग जाते हैं? 1992 के इस सैकड़ों नाबालिग व बालिग छात्राओं को एक स्कैंडल के तहत फंसा कर यौन शोषण करने के बेहद शर्मनाक मामले में तीन दशक बाद निचली अदालत ने आजीवन कारावास की सजा का फैसला सुनाना हमारे देश की न्याय व्यवस्था पर ही सवालिया निशान लगाता है।

राजस्थान का अजमेर ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह और पुष्कर मंदिर की वजह से पूरे दुनिया में प्रसिद्ध हैं. इस धार्मिक शहर की आबोहवा में साल 1990 से 1992 तक कुछ ऐसा हुआ, जो ना सिर्फ गंगा-जमुनी संस्कृति को कलंकित करने वाला था, बल्कि अजमेर के सामाजिक ताने-बाने पर बदनुमा दाग बन गया. उस वक्त एक स्थानीय दैनिक नवज्योति अखबार में एक ऐसी खबर छपी जिसने सबको हिलाकर रख दिया था.इस खबर में स्कूली छात्राओं को उनकी अश्लील तस्वीरों के जरिए ब्लैकमेल करते हुए उनका यौन शौषण किए जाने का पदार्फाश किया गया था. "बड़े लोगों की पुत्रियां ब्लैकमेल का शिकार" शीर्षक से प्रकाशित खबर ने पाठकों के हाथों में अखबार पहुंचने के साथ ही भूचाल ला दिया. क्या नेता, क्या पुलिस, क्या प्रशासन, क्या सरकार, क्या सामाजिक धार्मिक नगर सेवा संगठन से जुड़े लोग सब के सब सहम गए. यह कैसे हो गया? कौन हैं? किसके साथ हुआ?

इसके बाद खुलासा हुआ कि एक गिरोह अजमेर के बड़े नाम वाले गर्ल्स स्कूल में पढ़ने वाली लड़कियों को फार्म हाउसों पर बुला-बुला कर रेप करता रहा और उन लड़कियों के घरवालों को भनक तक नहीं लगी. रेप की गई लड़कियों में आईएएस, आईपीएस की बेटियां भी शामिल थीं. इस पूरे कांड को अश्लील तस्वीरों के जरिए ब्लैकमेल करके अंजाम दिया गया था. पीड़ित लड़कियों की संख्या 100 से अधिक बताई गई थी. इन लड़कियों की उम्र 12 से 20 साल के बीच थी. बताया गया है कि इस कांड की शुरूआत में सबसे पहले फारूक चिश्ती नामक एक शख्स ने पहले नामी स्कूल की एक लड़की को फंसाया. उसके साथ रेप किया. इस दौरान उसने उसकी अश्लील तस्वीरें खींच ली. इसके बाद वो इन अश्लील तस्वीरों के जरिए उसे ब्लैकमेल करने लगा. उससे स्कूल की दूसरी लड़कियों को बहला-फुसला कर लगाने के लिए कहने लगा. मजबूरन वो लड़की अपनी सहेलियों को भी फार्म हाउस ले जाने लगी. उन सभी के साथ रेप और ब्लैकमेल का खेल होता रहा। एक के बाद दूसरी, दूसरी के बाद तीसरी, इस तरह एक ही स्कूल की करीब सौ से ज्यादा लड़कियों के साथ रेप हुआ. घर वालों की नजरों के सामने से ये लकड़ियां फार्म हाउसों पर जाती थीं. उनके लेने के लिए बाकायदा गाड़ियां आती थीं. घर पर छोड़ कर भी जाती थीं. लड़कियों की रेप करते समय तस्वीरें ले ली जाती थीं. इसके बाद डरा-धमका कर और लड़कियों को बुलाया जाता. स्कूल की इन लड़कियों के साथ रेप करने में नेता, पुलिस, अधिकारी भी शामिल थे.

आरोप है कि फारूक चिश्ती रैकेट का सरगना था वही इस सेक्स रैकेट में उसके साथ नफीस चिश्ती और अनवर चिश्ती भी शामिल थे. तीनों ही उन दिनों यूथ कांग्रेस के नेता थे. फारूक अध्यक्ष पद पर था. इन लोगों की पहुंच दरगाह के खादिमों तक भी थी. खादिमों तक पहुंच होने के कारण रेप करने वालों के पास राजनैतिक और धार्मिक दोनों ही तरह की शक्तियां थी. रेप की शिकार लड़कियां ज्यादतर हिंदू परिवारों से थीं. रेप करने वाले ज्यादातर मुस्लिम समुदाय थे. इस वजह से पुलिस डरती थी.

आरोप तो यह भी है कि इस कांड के बारे में जानकारी होते हुए भी पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही थी. उसे डर था कि कही साम्प्रदायिक दंगे न हो जाएं और उस संभालना मुश्किल न हो जाए. धीरे-धीरे इस स्कैंडल के बारे में पूरे शहर को पता चल गया. लड़कियों की अश्लील तस्वीरें हवा में तैरने लगी. जिसे मौका मिलता वो हाथ साफ कर लेता. लड़कियों को ब्लैकमेल करके उनके साथ रेप करता. यहां तक निगेटिव से फोटो को डवलप करने वाला टेकनिशियन भी इसमें शामिल हो गया था.

समाज में अपनी बेइज्जती होती देख लड़कियां एक-एक करके खुदकुशी करने लगी. उन्हें इस नर्क से निकलने रास्ता जिंदगी को खत्म करना ही समझ आया. क्योंकि परिवार, समाज, पुलिस और प्रशासन तक कुछ नहीं कर रहा था. इस तरह 6-7 लड़कियों की खुदकुशी के बाद मामला संगीन हो गया. इसी बीच दैनिक नवज्योति के एक पत्रकार संतोष गुप्ता ने इस केस पर सीरीज शुरू कर दी. उनकी खबरों ने पुलिस और प्रशासन पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। इसके बाद तत्कालीन भैरोसिंह सरकार ने इस मामले की जांच सीआईडी-सीबी को सौंपी थी।

पीड़िताओं से आरोपियों की पहचान कराई गई। 30 नवंबर 1992 को अजमेर कोर्ट में पहली चार्जशीट दायर हुई, जिसमें सभी 18 आरोपियों के नाम थे। 1994 में आरोपी पुरुषोत्तम जमानत पर बाहर आया और आत्महत्या कर ली। 18 मई 1998 को फास्ट ट्रैक कोर्ट ने पहला फैसला सुनाया। सभी को उम्रकैद की सजा दी। 20 जुलाई 2001 हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया, जिसमें 4 को बरी कर दिया गया। 19 दिसंबर 2003 को सुप्रीम कोर्ट ने चार दोषियों की उम्रकैद की सजा को 10 साल कर दिया। 20 अगस्त 2024 यानी स्पेशल पॉक्सो एक्ट कोर्ट (जिला अदालत) ने को छह दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। मामले में आरोपी जहूर चिश्ती पर फैसला लंबित है।

हैरानी की बात यह है कि 1992 में हुए इस कांड के बाद पुलिस के लिए को सामने लाना और सबूतों को सहेजकर रखना बहुत बड़ी चुनौती थी. क्योंकि पीड़िताओं ने समाज में बदनामी और दुष्कर्मियों के खौफ की वजह से अपना घर और शहर तक छोड़ दिया था और बतौर सबूत जमा किया गया सामान मसलन बिस्तर और कंडोम इत्यादि बदबू मारने लगे थे।

अभियोजन विभाग के सहायक निदेशक विजय सिंह राठौड़ इस मामले की साल 2020 से पैरवी कर रहे हैं. उनसे पहले करीब 12 अभियोजक बदल चुके. उनके अनुसार कि इस कांड में 100 से ज्यादा स्कूली छात्राओं को दरिंदों ने अपना शिकार बनाया, लेकिन अभियोजन पक्ष और पुलिस सिर्फ 16 पीड़िताओं को ही गवाही के लिए तैयार कर सकी. आखिर कुछ गवाही के बाद इनमें से भी 13 पीड़िताओं ने रसूखदार आरोपियों के खौफ से कोर्ट में अपने बयान बदल दिए. ऐसे में अदालत में पीड़िताओं के पुराने बयानों के आधार पर कार्रवाही की.

अजमेर की स्पेशल पॉक्सो कोर्ट ने सनसनीखेज सेक्स स्कैंडल में 6 और लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. इस स्कैंडल में 100 से अधिक लड़कियों के साथ बलात्कार और उन्हें ब्लैकमेल किया गया था. यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कोर्ट के जज रंजन सिंह ने हर आरोपी पर 5 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया.

यह मामला हमारे देश की न्याय व्यवस्था की लेट लतीफी और अभियोजन की नाकामी का जीता जागता उदाहरण है यह वही न्याय व्यवस्था है जो देश के सबसे नृशंसता भरे निठारी कांड के अभियुक्तों को सतरह साल की सुनवाई के बाद बरी कर देती है आप को याद रहे कि राजधानी दिल्ली से सटे नोएडा के निठारी में कम से कम 19 युवतियों और बच्चों के साथ बलात्कार किया गया, उनकी हत्या कर दी गई और उनके टुकड़े-टुकड़े कर दिए गए थे.इस में 2006 में सुरिंदर कोली को 12 लड़कियों के साथ दुष्कर्म व हत्या के लिए आरोपित किया गया था जबकि कोठी मालिक मनिंदर सिंह पंढेर को दो मामलों में अभियुक्त बनाया गया था। इस कांड के पीछे अंग व्यापार का रेकेट बताया गया। इन हालातों में इस देश की बच्चियों और महिलाओं को यौन विकृत राक्षसों से कौन और कैसे बचाएगा?

# एनएमडीसी स्टील लिमिटेड का पहला प्रमुख उत्पादन बना मील का पत्थर



**हैदराबाद, 22 अगस्त।** एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) ने अपनी उत्पादन क्षमता में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए पहला नया कीर्तिमान स्थापित किया है। छत्तीसगढ के नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील के अल्?ट्रामार्डन ,अत्याधुनिक संयंत्र ने 1 मिलियन टन (एमएनटी ) हॉट रोल्ड कॉइल (एचआरसी) का सफलतापूर्वक उत्पादन किया है, जो कंपनी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। खासबात ये है कि एचआर कॉइल उत्पादन की ये उपलब्धि कंपनी की पहली वर्षगांठ से चार दिन पहले ही हासिल हुई है। एनएमडीसी प्रबंधन ने इस उपलब्धि को मील का पत्थर करार दिया है। यह उपलब्धि उद्योग में सबसे तेज़ और सबसे कुशल संयंत्रों में से एक के रूप में एनएसएल की स्थिति को रेखांकित करती है, जो इसकी उल्लेखनीय भावना, प्रदर्शन और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी की विशेषता है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि 2024 में एनएसएल की पिछली सफलताओं पर आधारित है। बताते चलें कि 21 जुलाई, 2024 को कंपनी ने अपने ब्लास्ट फर्नेस से 1.5 मिलियन टन हॉट मेटल का उत्पादन हासिल किया और 11 अगस्त, 2024 को इसने स्टील मेकिंग शॉप (एसएमएस) से 1 मिलियन टन लिक्विड स्टील का उत्पादन किया। उत्पादन शुरू होने के एक वर्ष से भी कम समय में दोनों प्रकार के उत्पादनों में कंपनी ने मील के पत्थर हासिल किए , जिससे उद्योग में प्रदर्शन के लिए नए मानक स्थापित हुआ। ये उपलब्धियाँ परिचालन उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति एनएसएल की प्रतिबद्धता को उजागर करती हैं। कंपनी दक्षता, स्थिरता और तकनीकी उन्नति पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस्पात विनिर्माण क्षेत्र में अग्रणी बनने की आकांक्षा रखते हुए नई ऊंचाईयों की ओर बढ़ रही है। यह अत्याधुनिक 3 एमटीपीए स्टील प्लांट रू 22,900 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित किया गया है, जो भारत की सबसे चौड़ी हॉट स्ट्रिप मिलों में से एक है, जो 900 मिमी से 1650 मिमी चौड़ाई के एचआर कॉइल्स को 1 मिमी से 16 मिमी मोटाई में रोल करने में सक्षम है। एनएमडीसी और एनएसएल के सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) श्री अमिताभ मुखर्जी ने इस उपलब्धि पर अपने बधाई संदेश में कहा- मुझे यह बताते हुए बेहद गर्व मससूस हो रहा है कि एनएसएल अपनी उत्पादन यात्रा के शुरुआती दौर में ही इस महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर लिया है। निर्धारित समय से पहले 1 एमएनटी हॉट रोल्ड कॉइल (एचआरसी) हासिल करना हमारी पूरी टीम के समर्पण, विशेषज्ञता और कड़ी मेहनत का प्रमाण है। इस उपलब्धि ने न केवल पीएसयू क्षेत्र के भीतर एक नया मानक स्थापित किया, बल्कि उद्योग के बेंचमार्क के मुकाबले भी मजबूती से टिका हुआ है । हम इस गति को बनाए रखने और गुणवत्ता और दक्षता के साथ आगे बढ़ते रहने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के बारे में एनएमडीसी स्टील लिमिटेड इस्पात मंत्रालय के तहत एक डायनेमिक सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करने और विनिर्माण प्रौद्योगिकी में उन्नत प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है। उत्कृष्टता, स्थिरता और नवाचार पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, एनएमडीसी स्टील लिमिटेड उल्लेखनीय गति और प्रदर्शन के माध्यम से स?वयं को अलग पहचान बनाया है। कंपनी उन्नति को नई उचाईयों तक पहुंचाने और नए उद्योग मानक स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## एक नजर

### विशेष पिछडी जनजातियों को लाभान्वित करने शिविर आयोजित

**महासमुंद 22 अगस्त।** प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान अंतर्गत आज जिला प्रशासन एवं आदिवासी विकास विभाग के द्वारा जिले के तीन पीवीटीजी बसाहट ग्राम सिरपुर, हाड़ाबंध और भीथीडीह में शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर के माध्यम से विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों के लिए आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, बैंक खाता आदि योजनाओं से जोड़ने हेतु पंजीयन किया गया।विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार केंद्र सरकार के द्वारा विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों को समाज के मुख्य धारा से जोड़ने हेतु प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (क्क्रू छ्वह्लड्ड) योजना का शुभारंभ किया था । इस योजना योजना के द्वारा जिले में निवासरत कमार जनजाति के निवासियों के लिए उनके बसाहटो में जाकर सर्वे कार्य कर जानकारी इकट्ठा की गई थी एवं शासकीय योजनाओं से जो व्यक्ति लाभान्वित नही हुए है उनको चिन्हांकित किया गया था।

इस योजना के अंतर्गत जिले के पीवीटीजी बसाहटों में निवासरत कमर जनजातियों को मूलभूत के मूलभूत जरूरतों को पूरा करने एवं योजनाओं को लाभ दिलाने का कार्य किया जा रहा है इसके अंतर्गत आधार पंजीयन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता, जाति प्रमाण पत्र बनाने संबंधी कार्य शिविरों के माध्यम से किया जा रहा है। पीवीटीजी बसाहटों में पक्की सड़क, प्रधानमंत्री आवास, नल जल से सभी घरों में स्वच्छ पेयजल, विद्युत आपूर्ति करने संबंधी कार्य भी हो रहे है। इस संबंध में आज जिले के महासमुंद विकासखंड के सिरपुर ग्राम में शिविर का आयोजन किया गया जिसमे आश्रित पीवीटीजी बसाहट सिरपुर, खमतराई, मरौद, नंदबरू, सुकुलबाय के हितग्राहियों के लिए बागबाहरा विकासखंड में ग्राम हाड़ाबंध में शिविर आयोजन हुआ जिसमें हाड़ाबंध, मामाभाचा के हितग्राहियों के लिए तथा पिथोरा विकासखंड में ग्राम भीथीडीह में शिविर का आयोजन हुआ। इन शिविर में आदिवासी विकास विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जनपद पंचायत, खाद्य विभाग, महिला बाल विकास, लीड बैंक, बिजली विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग के स्टाल लगाए गए थे। इन सभी शिविरो के माध्यम से पीवीटीजी हितग्राहियों के कुल 38 आधार पंजीयन, 30 आयुष्मान कार्ड पंजीयन, 02 जनधन से बैंक खाता, 18 जाति प्रमाण पत्र कार्यवाही, 43 राशन कार्ड, 03 उज्ज्वला गैस पंजीयन, 08 महतारी वंदन पंजीयन,03 किसान सम्मान निधि पंजीयन किया गया।

### 23 अगस्त से 28 अगस्त तक वार्डों में लगाए जाएंगे शिविर

**राजनांदगांव 22 अगस्त।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को माह जून 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 16 अगस्त 2024 से 9 सितम्बर 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 23 अगस्त को लालबहादुर शास्त्री वार्ड नं. 18 व वर्धमान वार्ड नं. 19 के लिये आनंद विहार कालोनी के सामुदायिक भवन गली नं. 05 में, स्टेडियम वार्ड नं. 23 के लिये पार्षद कार्यालय स्टेडियम रोड में, कौरिनभाठा वार्ड नं. 44 व रामकृष्ण वार्ड नं. 45 के लिये आंगनबाडी सतनामी पारा कौरिनभाठा में, 27 अगस्त को मोहारा वार्ड नं. 47 के लिये पार्षद कार्यालय कुम्हार पारा मोहारा में एवं 28 अगस्त को मोहड वार्ड नं. 49 के लिये पार्षद कार्यालय सामुदायिक भवन मोहड़ में शिविर का आयोजन किया गया है।

## कोंटा में सर्व आदिवासी समाज के बंद को मिला समर्थन



**कोटा, 22 अगस्त।** कोंटा में आज सर्व आदिवासी समाज ने एससी, एसटी कोटा कानून के विरोध में एक अभूतपूर्व भारत बंद का आह्वान किया, जिसे सभी प्रमुख राजनीतिक दलों और मुस्लिम समुदाय के युवाओं का भरपूर समर्थन मिला। इस ऐतिहासिक बंद के दौरान, हजारों की संख्या में आदिवासी युवाओं और बुद्धिजीवियों ने धरना प्रदर्शन और बाइक रैली के माध्यम से पूरे कोंटा नगर को गूंजा दिया। जोरदार नारेबाजी के बीच, प्रदर्शनकारियों ने कानून को तुरंत वापस लेने की मांग की, जिससे पूरे क्षेत्र में आंदोलन का व्यापक असर और गहरा प्रभाव दिखाई दिया।

## कलेक्टर ने निर्माण एजेंसियों की बैठक लेकर स्वीकृति एवं प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की

**राजनांदगांव 22 अगस्त ।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में निर्माण एजेंसियों की बैठक लेकर स्वीकृति, प्रगतिरत एवं अप्रारंभ कार्यों की विस्तार से समीक्षा की और संबंधित एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने मनरेगा, मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना, जिला खनिज न्यास से संपादित होने वाले पूर्व एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष के समस्त स्वीकृत कार्यों के प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्कूल जतन योजना के तहत विभिन्न मदों में स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूरा करें। उन्होंने समग्र शिक्षा के तहत स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को अध्ययन के लिए जितने बेहतर सुविधा हो सकती है, उन्हें उपलब्ध कराएं। इसके तहत छोटे-छोटे विभिन्न कार्य जैसे दिवाल निर्माण, फर्श निर्माण और अन्य कार्य स्वीकृत किए गए हैं, उन्हें तत्काल पूरा करें, इन सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा करें। इसके अलावा विद्यालयों में रिनोवेशन से संबंधित किसी भी प्रकार के कार्यों को उनके प्राकलन तत्काल तैयार कर जिला कार्यालय को प्रेषित करें।बैठक में समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि विद्यालयों में शौचालय मरम्मत, फ्लोरिंग के कार्य एवं अन्य कार्यों को स्वीकृत किया गया है, इन कार्यों को समय पर पूरा करें। उन्होंने यह भी कहा कि मार्च 2023 तक जितने भी कार्य स्वीकृत किए गए हैं और प्रगतिरत है, उन्हें हर हालत में पूरा कर लिया जाए। इस दौरान श्री अग्रवाल ने निर्माण एजेंसियों से कहा कि वे कार्यों के प्रस्ताव बनाकर भेजते समय मौके पर पहुंचकर उनके प्राक्लन तैयार करें। इससे कार्यों को पूरा करने में आसानी होगी और कार्य समय पर पूर्ण हो सकेंगे। विभिन्न निर्माण एजेंसियों द्वारा अधोसंरचना, विधायक निधि, सांसद निधि, खनिज न्यास, मनरेगा के तहत स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूरा करने के साथ उनके फोटोग्राफर्स एवं यूसीसी तत्काल भेंजे। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह सहित निर्माण एजेंसियों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## स्कूलों में नौनिहालों की सुरक्षा से भाजपा सरकार को सरोकार नहीं:विनोद चंद्राकर

**महासमुंद,22 अगस्त।** बालौद जिले डौंडीलोहारा विखं के ग्राम कोरगुड़ा में जर्जर स्कूल की छत का प्लास्टर गिरने से कक्षा 5वीं के चार बच्चों के घायल होने की घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने इसे बेहद शर्मनाक व सरकार की प्रशासनिक विफलता का परिणाम बताया है। श्री चंद्राकर ने कहा कि शिक्षा सत्र प्रारंभ होने से पूर्व ही जर्जर स्कूलों की मरम्मत तथा अतिरिक्त भवनों का निर्माण किया जाता तो आज ये हादसे नहीं होते। श्री चंद्राकर ने भाजपा सरकार पर केवल कमीशनखोरी तथा भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि 8 माह के कार्यकाल में भाजपा सरकार ने पूरे प्रदेश में कहीं भी नए स्कूल भवन का निर्माण नहीं कराया है।

श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार की लचर व्यवस्था के चलते स्कूलों की स्थिति दयनीय हो गई है। महासमुंद जिले में ही अनेक जर्जर स्कूलों में नौनिहाल अपना भविष्य गढ़ रहे हैं। पिथौरा ब्लॉक के गड़बेड़ा तथा सरायपाली क्षेत्र के सिंघोड़ा संकुल के सागरपाली स्कूलों में छत से पानी टपकने तथा दीवारों पर पानी रिसने जैसी घटनाएं सामने आने के बाद भी सरकार को बच्चों को कोई चिंता नहीं है। जिला मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में ही अनेक स्कूल भवन अत्यंत जर्जर हो चुके हैं। स्थानीय गंजपारा स्कूल भवन खरपतवार तथा काई से पूरी तरह ढंक चुकी है। यहां दीवार में पानी का सिपेज आ रहा है। लेकिन, इस ओर सरकार तथा प्रशासन की नजर ही नहीं है। लगता है भाजपा सरकार को कोरगुड़ा हादसे से भी बड़े और गंभीर घटना का इंतजार है। पिछले दिनों यह बात सामने आई कि कई स्कूलों में मासूम बच्चे खतरों के बीच टपकते छत से बचने छाता लेकर कक्षा पहुंच रहे हैं। गिले फर्श पर बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं। इसके अलावा जिले के सैकड़ों प्राथमिक, मिडिल, हाई तथा हायर सेकेंडरी स्कूलों में शिक्षकों का अभाव है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने से पालक आए दिन स्कूलों में तालाबंदी करते नजर आ रहे हैं। लेकिन, भावी पीढ़ी के भविष्य को लेकर प्रदेश के विष्णुदेव सरकार तनिक भी चिंतित नहीं है।



श्री चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की गुटबाजी और मंत्रियों के कमीशनखोरी के लालच के चलते स्कूल शिक्षा विभाग को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। स्कूलों में मानसून के पहले नियमित तौर पर जो निर्माण और मरम्मत के कार्य होते थे, इस साल वह नहीं हो पाया है। सामान्य तौर पर स्कूल की बिल्डिंग के निर्माण और रखरखाव का काम सरकारी एजेंसी आरईएस, पीडब्ल्यूडी, नगरीय निकाय और पंचायत विभाग के माध्यम से किया जाता है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने ÷स्कूल जतन योजना÷ की शुरुआत की थी। जिसके माध्यम से स्कूल बिल्डिंग और वहां के शौचालयों का रिनोवेशन और पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था की जाती थी। हर साल इस काम के लिए कांग्रेस की सरकार के दौरान करोड़ों रुपए का प्रावधान किया जाता रहा। विगत वर्ष 25 जून 2023 को प्रदेश के 29284 स्कूल भवनों के मरम्मत के लिए 2000 करोड़ की राशि केवल एक वर्ष में दी गई थी। उसके बाद 1536 स्कूलों की मरम्मत के लिए 370 करोड़ रुपए खर्च किया गया। दिसंबर 2023 में छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद जो पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा वर्क आर्डर जारी किए जा चुके थे, उनमें से अधिकांश काम दुर्भावना पूर्वक रोक दिए गये। कई ठेकेदारों के रनिंग बिल का भुगतान कमीशन खोरी के लालच में रोका गया। कई टेंडर नियम विरुद्ध निरस्त कर दिए गए और कमीशनखोरी के लालच में साय सरकार ने यह निर्णय लिया कि सरकारी एजेंसी आरईएस, पीडब्ल्यूडी, नगरीय निकाय, पंचायत और स्कूल जतन योजना को बाईपास करके स्कूल शिक्षा विभाग स्वयं ही निर्माण और रखरखाव का काम करेगी। जिसके चलते पिछले 8 महीने से कोई भी काम स्कूलों में नहीं हो पाया है।

### दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान करने शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव 22 अगस्त ।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में इंडियन रेलवे फाईनेंस कार्पोरेशन योजना अंतर्गत दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण व कैलीपर्स एवं कृत्रिम अंग प्रदान करने के लिए जनपद पंचायतवार सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जनपद पंचायत भवन छुरिया में बुधवार 21 अगस्त 2024 को आयोजित मूल्यांकन शिविर में 66 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इसी तरह जनपद पंचायत भवन डोंगरगढ़ में गुरूवार 22 अगस्त 2024 को आयोजित मूल्यांकन शिविर में 98, जनपद पंचायत भवन डोंगरगांव में शुक्रवार 23 अगस्त 2024 को आयोजित मूल्यांकन शिविर में 117 एवं संयुक्त जिला कार्यालय भवन राजनांदगांव में आयोजित मूल्यांकन शिविर में 71 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा।

## घुमंतू पशुओं के कारण होने वाली सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए करें कार्य:कलेक्टर

राजनांदगांव 20 अगस्त 2024। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि गणेश चतुर्थी को ध्यान में रखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सजगता रखने की आवश्यकता है। डीजे के कारण ध्वनि प्रदूषण होने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घूमंतु पशुओं के कारण शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए टीम बनाकर मानिटरिंग का कार्य करें तथा चिन्हांकित क्षेत्रों में मवेशियों को हटाने के लिए कार्य करें। उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए तथा लोगों की जान बचाने के लिए सुरक्षात्मक प्रयास जरूरी है। नेशनल हाईवे में और मेहनत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन अंतर्गत जिन ग्रामों में टंकी का निर्माण अप्रारंभ है, वहां गति लाएं और कार्य को समय पर पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि क्रेडा विभाग को ऐसे ठेकेदार जो समय पर कार्य नहीं कर रहे है, उनका टेंडर निरस्त करने के निर्देश दिए तथा शीघ्र नया टेंडर जारी करने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व विभाग के प्रकरणों के निराकरण में गति लाएं। भू-अर्जन के रिकार्ड दुरूस्तीकरण का कार्य महत्वपूर्ण है, इसे ध्यान देते हुए पूर्ण करें। लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग स्कूलों के जीर्णोद्धार व मरम्मत योग्य तथा डिस्मेंटल भवनों के संबंध में जानकारी भेजे, ताकि ऐसे स्कूलों के जीर्णोद्धार के कार्य के लिए प्रस्ताव बना सकें। सभी निर्माण विभाग निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से करें। उन्होंने आयुष्मान कार्ड के लिए निर्माण के लिए डोर-टू-डोर अभियान चलाने के निर्देश दिए तथा आधार कार्ड में मोबाईल नंबर अपडेट नहीं होने की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिक स्वयं पंजीयन कर आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। इसके संबंध में प्रशिक्षण दें तथा सूचना के माध्यम से प्रचार-प्रसार करें। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने उक्त बातें कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कही। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनचौपाल, पीजी पोर्टल, जन-शिकायत, जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने लीड बैंक मैनेजर से कहा कि ई-केवाईसी में विलंब होने तथा अन्य कारणों से किसानों को किसान सम्मान निधि की राशि मिलने में दिक्कत आ रही है। इस समस्या का प्राथमिकता से निराकरण करें। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता त्यौहार में आगामी शनिवार को सभी एक-साथ मिलकर श्रमदान करेंगे तथा शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दिव्यांगजनों का सर्वे करने के निर्देश दिए, ताकि वे शासन की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। कलेक्टर ने परिक्रमा पथ, रिंग रोड का प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए तथा इंडोर मल्टीपर्पज स्टेडियम के निर्माण के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने खरखरा डैम एवं मोंगरा जलाशय से पानी की सतत आपूर्ति के संबंध में चर्चा की तथा अधिकारियों से कहा कि जल की आपूर्ति बाधित नहीं हो इसके लिए इसके लिए विशेष तौर पर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने रानी तालाब एवं बुढ़ातालाब की साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। नगरीय निकाय निर्वाचन परिसीमन, गिरदावरी, प्रधानमंत्री आवास योजना, रोड सेफ्टी, प्लास्टिक वेस्ट मैरेजमेंट, ओडीएफ सहित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं के संबंध में समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि जिले में प्रधानमंत्री आवास संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। जिसे सकारात्मक प्रतिसाद मिल रहा है। उन्होंने स्वच्छता त्यौहार में सभी अधिकारियों को शामिल होने के लिए कहा जिससे एक अच्छा प्रभाव एवं जागरूकता जनसामान्य में आएगी। उन्होंने बताया कि ग्राम सभा प्रारंभ हो रहे हैं। रोस्टर के हिसाब से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को प्रोत्साहित करने का कार्य प्रारंभ हो जाना चाहिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा, संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल, एसडीएम राजनांदगांव श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री मनोज मरकाम, एसडीएम डोंगरगांव श्री श्रीकांत कोर्राम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए पंजीयन शुरू, अंतिम तिथि 16 सितंबर

**महासमुंद 22 अगस्त ।** जवाहर नवोदय विद्यालय, सरायपाली में सत्र 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 2025 के लिए पंजीयन प्रारंभ हो गया है। जवाहर नवोदय विद्यालय सरायपाली के प्राचार्य द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस परीक्षा के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 16 सितंबर 2024 है। जिला महासमुंद के सभी सरकारी और मान्यता प्राप्त स्कूलों में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं इस परीक्षा के लिए पंजीयन कर सकते हैं। छात्र-छात्राएं लिंक https://cbseitms.rcil.gov.in/nvs/ के माध्यम से अपना पंजीयन कर सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी और सहायता के लिए, अभ्यर्थी हेल्प डेस्क नंबर 8319595289 पर संपर्क कर सकते हैं।

## प्रयास फाउंडेशन ने जवानों के साथ मनाया रक्षाबंधन पर्व



**नगरी, 22 अगस्त।** मां बमलेश्वरी की नगरी में रक्षाबंधन के अवसर पर प्रयास फाउंडेशन के द्वारा आइटीबीपी को जवानों के साथ रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया जिसमें देश की सेवा में सर्वस्व निछावर करने वाले देश की रक्षा करने वाले हमारे वीर जवानों को बहन माता द्वारा रक्षा सूत्र बांधकर तिलक लगाकर मीठा खिलाकर उत्सव मनाया गया जिसमें आइटीबीपी के 40वी बटालियन के कमांडेंट गिरीश अंनत राय दत्ता के मार्गदर्शन में जवानों को रक्षा सूत्र बांधे।बहुत ही खुशी होती है जब घरों से दुर रहते हुए देश की सुरक्षा तंत्र का हिस्सा चाहे वह आर्मी, बीएसएफ, सीआरपीएफ , आईटीबीपी के जवान हो या फिर पुलिस बल, के माथे पर चंदन का टीका एवं रक्षा सूत्र अपने भाइयों की कलाई पर बांधी जाती है इस राखी के मौके पर किसी की भी कलाई सुनी नही होनी चाहिए ,क्योंकि देश की सुरक्षा के कारण इस पावन त्योहार पर भी वे अपनी बहनों के पास नही जा पाते तो ऐसे अवसर पर विप्र फाउंडेशन की बहनों द्वारा सुरक्षा बलों के साथ मिल कर सामाजिक समरसता एवं भारतीय संस्कृति सभ्यता को प्रदर्शित करने वाली पारंपरिक त्योहार रक्षाबंधन के अवसर पर भारतीय तिब्बती सीमा सुरक्षा बल के जवानों को बहनों ने रक्षा सूत्र बांधकर भारत माता एवं भारतीय संस्कृति की सुरक्षा करने का मनोबल बढ़ाया इस अवसर पर नगर की विप्र फाउंडेशन एवं प्रयास फाउंडेशन की संरक्षिका अनुराधा शर्मा, उपाध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता व्यास, कोषाध्यक्ष रुचि शर्मा एवं सदस्य श्रीमती राजश्री शर्मा, सोनल शर्मा एवं अन्य बहने उपस्थिति रही बहन अनुराधा शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष हमारी संस्था के सदस्यों द्वारा सैनिकों को रक्षा सूत्र बांधकर उन्हें पारिवारिक वातावरण प्रदान करते हुए राष्ट्र रक्षा के लिए सदैव मनोबल बढ़ाने का कार्य विगत 5 वर्षों से करते आ रहे हैं आने वाले वर्ष में यह कार्यक्रम सामाजिक उत्सव के रूप में बनाने का संकल्प लिया गया है।

## सचिव कचरा संग्रहण कार्य को गंभीरता से लें: सीईओ

**राजनांदगांव 22 अगस्त ।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अन्तर्गत जनपद पंचायत राजनांदगांव में संचालित समस्त महत्वपूर्ण योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन एवं प्रगति की सचिवों की बैठक लेकर समीक्षा की। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत विभाग की प्राथमिकता वाली योजनाओं की प्रगति असंतोषजनक होने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने ग्राम पंचायतवार स्वच्छ भारत अभियान की प्रगति के स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की तथा सभी सचिवों को योजनान्तर्गत चल रहे कार्यों को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत ने प्रत्येक शनिवार को आयोजित स्वच्छता त्यौहार को एक अभियान के रूप में चलाने कहा। उन्होंने सचिवों से कहा कि गांव में गली-महोल्ले, चौक-चौराहों तथा रोड के किनारे कचरा नहीं होना चाहिए।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने ओडीएफ के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिन हितग्राहियों द्वारा व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण करा लिया गया है, उनका भुगतान तत्काल सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर सचिवों पर कार्रवाई की जाएगी। हितग्राहियों के शौचालय को सिंगल पीट के स्थान पर डबल पीट बनाया जाना है। इसके लिए हितग्राहियों का सर्वे कार्य एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कर सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा। जिन हितग्राहियों ने पक्की टैंक का निर्माण कराया है, उसी स्थान पर सोख्ता गड्ढा का निर्माण कराया जाना है, इसके लिए 15 सितम्बर की समय सीमा निर्धारित की गयी। उन्होंने कचरा संग्रहण अन्तर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सचिव कचरा संग्रहण कार्य को गंभीरता से लें तथा इस कार्य में लगे स्वच्छता दीदीयों का मजदूरी भुगतान समय पर सुनिश्चित कराएं। दुकानदारों से अनुबंध की कार्रवाई एवं अर्थदंड की वसूली अनिवार्य रूप से कराएं। बैठक में वाटरट्रीटमेंट प्लान, स्वच्छता एवं जल संवर्धन, आयुष्मान कार्ड, गौण खनिज वाले गांवों, महात्मा गांधी-नरेगा, समग्र विकास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा गई। बैठक में जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के सभी संबंधित अधिकारीगण एवं सभी ग्राम पंचायत के सचिव उपस्थित थे।

### डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए 31 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव 22 अगस्त ।** डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए 31 अगस्त 2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित की गई है। पुरस्कार के लिए इच्छुक एवं पात्र कृषक निर्धारित तिथि तक निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र कार्यालय उप संचालक कृषि एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजनांदगांव में जमा कर सकते है। पुरस्कार के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र कार्यालय तथा कृषि विभाग की वेबसाईट से भी प्राप्त किया जा सकता है। पुरस्कार वितरण राज्य स्थापना दिवस 1 नवम्बर 2024 के अवसर पर की जाएगा।

एक नजर

## अपर कलेक्टर ने जिले के चार गांवों में गिरदावरी का किया निरीक्षण



**महासमुंद,22 अगस्त।** अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू ने बुधवार को महासमुंद तहसील के ग्राम जोबा और गुडेलाभाठा के साथ-साथ तहसील बागबाहरा के ग्राम ओंकारबंद और पतेरापाली का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से उनकी समस्याओं और मांगों के बारे में जानकारी ली। गिरदावरी कार्य के निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे गिरदावरी कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करें। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि किसानों के फसल नुकसान का आकलन सटीक और निष्पक्ष होना चाहिए, ताकि उन्हें सही मुआवजा मिल सके। ग्रामवासियों के साथ बातचीत के दौरान अपर कलेक्टर ने उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि प्रशासन उनकी हर संभव मदद करेगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे किसानों की शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान करें और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी किसान को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान संबंधित तहसीलदार, पटवारी और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे, जिन्होंने अपर कलेक्टर को गिरदावरी कार्य की स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## पीएम जनमन के तहत शत-प्रतिशत सेचुरेशन करें: कलेक्टर

**रायगढ़, 22 अगस्त।** कलेक्टर रायगढ़ श्री कार्तिकेया गोयल ने प्रधानमंत्री जनजाति न्याय महाअभियान अर्थात पीएमजनमन अंतर्गत जिले के 25 पीव्हीटीजी गांवों में शत-प्रतिशत सेचुरेशन पूर्ण करने के निर्देश दिये। श्री गोयल ने कहा कि जिले के 04 विकास खंडों के 25 पीव्हीटीजी बाहुल्य गांवों में आगामी 23 अगस्त 2024 से 10 सितम्बर 2024 के मध्य विशेष शिविर आयोजित किये जाने हैं। इन शिविरों में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जनधन खाता, जाति प्रमाण-पत्र, पीएम मातृवंदना योजना, बीमा योजना आदि सेवाओं का शत-प्रतिशत सेचुरेशन किया जाए। श्री गोयल ने यह भी कहा कि समस्त संबंधित विभाग आयोजित होने जा रहे शिविरों की पूर्ण तैयारी करें तथा इसकी समुचित कार्ययोजना बनाकर पीएमजनमन अंतर्गत सम्मिलित विभिन्न सेवाओं तथा सुविधाओं से लोगों को लाभन्वित करें। उल्लेखनीय है कि जिले के 25 पीव्हीटीजी बसाहटों में बिरहोर समुदाय के 327 परिवार के 1151 लोग निवासरत हैं।

## जिले के तीन पीवीटीजी बसाहट ग्राम सिरपुर, हाड़ाबंद और भीथीडीह में लगा शिविर

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक के मार्गदर्शन में जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को लाभ दिलाने हेतु प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत प्राथमिकता से कार्य किया जा रहा है। विशेष पिछड़ी जनजाति के बसाहटों को चिन्हांकित कर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। सहायक आयुक्त शिल्पा साय ने बताया कि इन शिविरों में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित एवं पात्र सभी हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर में शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा लोगों को विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लिए संचालित योजनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जा रही है।इसी कड़ी में बुधवार को जिले के महासमुंद विकासखंड के सिरपुर ग्राम में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आश्रित पीवीटीजी बसाहट सिरपुर, खमतराई, मरौद, नंदबरू, सुकुलबाय के हितग्राहियों के लिए, बागबाहरा विकासखंड में ग्राम हाड़ाबंध में शिविर आयोजन हुआ जिसमें हाड़ाबंध, मामाभाचा के हितग्राहियों के लिए तथा पिथौरा विकासखंड में ग्राम भीथीडीह में शिविर का आयोजन हुआ। इन शिविरों में विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों के लिए आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, बैंक खाता आदि योजनाओं से जोड़ने के लिए पंजीयन किया गया। इन शिविर में आदिवासी विकास विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जनपद पंचायत, खाद्य विभाग, महिला बाल विकास, लीड बैंक, बिजली विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग के स्टाल लगाए गए थे।

इन सभी शिविरो के माध्यम से पीवीटीजी हितग्राहियों के कुल 38 आधार पंजीयन, 30 आयुष्मान कार्ड पंजीयन, 02 जनधन से बैंक खाता, 18 जाति प्रमाण पत्र कार्यवाही, 43 राशन कार्ड, 03 उज्ज्वला गैस पंजीयन, 08 महतारी वंदन पंजीयन, 03 किसान सम्मान निधि पंजीयन किया गया। गौरतलब है कि पीएम जनमन योजना का मूल उद्देश्य कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी), परिवारों और बस्तियों तक बुनियादी सुविधाओं और सेवाओं को पहुंचाकर उनकी सामाजिक, आर्थिक स्थितियों में सुधार करना है। पीएम जनमन योजना अंतर्गत कमजोर जनजाति समूहों के बसाहटों में विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, आंगनबाड़ी के माध्यम से पोषण, आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। शिविरों में विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के वंचित लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण में बीपी, शुगर, आंख, खून की जांच कर आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां भी प्रदान की जा रही है।

## नवोदय में 6वीं में प्रवेश के लिए पंजीयन शुरू

**महासमुंद।** जवाहर नवोदय विद्यालय, सरायपाली में सत्र 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 2025 के लिए पंजीयन प्रारंभ हो गया है। जवाहर नवोदय विद्यालय सरायपाली के प्राचार्य द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस परीक्षा के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 16 सितंबर 2024 है।

जिला महासमुंद के सभी सरकारी और मान्यता प्राप्त स्कूलों में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं इस परीक्षा के लिए पंजीयन कर सकते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले के विरोध में निकाली गई आक्रोश रैली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर,22 अगस्त।** अनुसूचित जाति/जनजातियों में क्रिमिलेयर लागू करने के सर्वोच्च न्यायालय के एक फैसले के विरोध में बुधवार को जिले के सभी ब्लाक मुख्यालय सहित कस्बों में बंद का व्यापक असर देखा गया।

एसटी एससी संयुक्त समिति द्वारा आयोजित बंद और रैली में बीजापुर मुख्यालय में करीब 15 हजार से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया। समिति द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10 बजे से लोगों का धरना स्थल आना शुरू हो गया। दोपहर 1 बजे अचानक भीड़ बढ़ने के चलते बैठक व्यवस्था में जुटे वालिंटियर को काफी परेशानी होती दिखी। आम सभा करीब सवा दो बजे तक चली जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने दलित आदिवासी समाज को मिले आरक्षण के कारणों पर अपनी बात रखते हुए आरक्षण व्यवस्था को पूर्ववत रखे जाने की मांग के साथ आगे और आंदोलन की बात कही। इस दौरान एसटी एससी संयुक्त समिति के अध्यक्ष शंकर कुडियम, विधायक विक्रम मंडावी, मराई माता




महार समाज के अध्यक्ष सुरेश चंद्राकर, महार समाज के अध्यक्ष अजय दुर्गम, सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी, सतनामी समाज अध्यक्ष कल्याण सिंह कुर्रे, परधान समाज सकनी चंद्रैया, मुरिया समाज सुकुल साय तेलाम, उरांव समाज पीआर भगत, कंवर समाज कमलेश पैंकरा, गोंडवाना समन्वय समिति के अमित कोरसा, अशोक तलांडी, नीना रावतिया उद्दे, कमलेश कारम, कामेश्वर दुब्बा, बृजलाल पुजारी आदि ने सभा को संबोधित किया।संयुक्त संघर्ष समिति के अध्यक्ष शंकर कुडियम ने बताया की आक्रोश रैली मुख्य मार्ग से गुजरते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंची जहां प्रतिनिधि के तौर पर डिप्टी कलेक्टर उत्तम पंचारी और तहसीलदार डीआर ध्रुव ने ज्ञापन लिया। इस दौरान आदिवासी समाज प्रमुखों द्वारा कलेक्टर से मुलाकात कर मांग को दोहराया तथा समाज की मांग पर कलेक्टर रैली के बीच पहुंच कर आदिवासी विकास पर सरकार की मंशा स्पष्ट करते हुए ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया।कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में राष्ट्रपति, भारत सरकार, प्रधानमंत्री, कानून मंत्र, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सर्वोच्च न्यायालय, अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के नाम सौंपा गया।शंकर कुडियम ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा 01 अगस्त को दिए गए फैसले अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के कोटे के अंदर कोटा और कोट के अंदर क्रीमी लेयर निर्धारित करने का अधिकार राज्यों को देने निर्णय पारित किया है। इस

# सड़क पर उतरे एसटी,एससी समाज के लोग भारत बंद का मिला-जुला असर रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 22 अगस्त।** एस.सी,एस.टी समाज के लोग आज विशाल रैली निकालकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा आरक्षण कोटे मे क्रिमीलेयर आरक्षण जोडे जाने का विरोध कर रहे थे। क्रिमीलेयर आरक्षण को दोनो ही समाज के लोग उनके अधिकारो का हनन बताकर दो घंटे से भी अधिक देरी तक यहा की प्रमुख सडको मे विशाल रैली निकाले,उसके बाद उन्होने एस.डी.एम पत्थलगांव को ज्ञापन सौंपकर क्रिमीलेयर आरक्षण को समाप्त कराने की अपिल करी। दरअसल इस आरक्षण के जोडे जाने के बाद एस.सी,एस.टी वर्ग के लोग विरोध कर रहे थे,बीस संगठन के पदाधिकारीयों ने मिलकर दिन बुधवार को भारत बंद का एलान किया था,जिसके तहत आवश्यक सेवाओ को छोडकर स्कूल,महाविद्यालय भी बंद किये जाने थे,शहर मे भी बंद को लेकर पिछले एक सप्ताह से दोनो ही समाज के लोगो द्वारा बैठके ली जा रही थी। सेंट जेवियर्स चौक के समीप से आज विशाल रैली निकालकर



एस.सी,एस.टी वर्ग के हजारो लोगो ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का विरोध करते हुये क्रिमीलेयर आरक्षण को उनके अधिकारो का हनन बताया। एस.सी,एस.टी वर्ग की रैली यहा के प्रमुख तीनो मार्गो मे भ्रमण करते हुये नारे लगा रहे थे। भारत बंद के आव्हान को देखते हुये शहर की कुछ दुकाने सुबह से बंद दिखायी दी,वही हदय स्थल कहा जाने वाला बस स्टैन्ड एवं न्यू मार्केट मे व्यवसाय बाकी दिनो की ही भांति ही चल रहा था,बाद मे रैली निकलने के बाद दोनो वर्ग के लोगो ने व्यवसायियों से दुकाने बंद करने की अपिल की,जिसके बाद न्यू मार्केट की अधिकांश दुकानो मे ताला लग गया था। एस.सी,एस.टी वर्ग की रैली एवं बीस प्रमुख संगठनो के आव्हान को देखते हुये आज सुबह से ही शहर मे भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। अप्रिय घटना रोकने के लिए सभी चौक चौराहो मे पुलिस जवान मुस्तैदी के साथ खडे थे। उपपुलिस अधीक्षक अनिल सोनी,एस.डी.ओ.पी धुव्रेश जायसवाल,थाना प्रभारी विनीत पांडे तैनात रहते हुये स्थिती को नियंत्रण मे रखे हुये थे।।

## नक्सलगढ़ के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने 85 बटालियन का जागरूकता अभियान, बच्चों के माता पिता भी शामिल हुए



**बीजापुर,22 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**85 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वारा दिनांक 18 अगस्त 2024 को श्री. सुनील कुमार राही कमाण्डेंट 85 वाहिनी के निर्देषन में नवस्थापित कैम्पो कावड़गॉव और मुतुवंडी के आस पास के गॉव के बच्चों को उनके माता पिता के साथ बुलाया गया उनको हिन्दी भाषा में पढ़ाई का महत्त्व बताया गया, इसके साथ ही उनको रोज स्कूल आने के लिए प्रोत्साहित किया गया। और लगभग 200 से 250 बच्चो और ग्रामीणों को सुबह और दोपहर में जलपान एवं स्वादिष्ट भोजन कराया गया, जिससे ग्रामीणों एवं जवानों के बीच अच्छे संबध स्थापित हुए है। 85 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के समवाय अधिकारी श्री. हैमन्त भट्ट सहायक कमाण्डेंट कावड़गॉव एवं समवाय अधिकारी श्री. अनीष सैनी सहायक कमाण्डेंट मुतुवंडी एवं अन्य जवानों ने उक्त कार्य में बढ़-चढ़ कर भाग लिया तथा इस सामाजिक कल्याण के कार्य में पूरी निश्ठा व लगन से शामिल हुए।

## एक पेड़ मां के नाम योजना अन्तर्गत लगाए जाएंगे पौधे

**बीजापुर,22 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने समाज को प्रकृति से जोड़ने के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की। इस अभियान में पंचायत स्तर पर भी ग्रामीण अपनी भागीदारी निभा रहे हैं । 22 अगस्त को वृक्षारोपण करने के लक्ष्य के साथ आयोजन किया जावेगा। जिला पंचायत बीजापुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने बताया कि कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में एक पेड़ मां के नाम अभियान में सभी की भागीदारी बनाने के लिए 22 अगस्त को एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्षारोपण किया जावेगा।

# आत्मानंद स्कूल नयापारा की 72 छात्राओं को बांटी गई साइकिल



**महासमुंद।** शहर के स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल नयापारा में बुधवार को शासन की योजना सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पाहार से किया गया। अतिथियों का स्वागत बैज लगाकर किया गया।संस्था के प्राचार्य अमी रूफस ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया एवं शासन द्वारा चलाए जा रहे सरस्वती सायकल योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान किया। कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम के 34 छात्राओं एवं इंग्लिश मीडियम के 38 छात्राओं कुल 72 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि यह योजना छात्राओं के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। जिन छात्राओं को अपने घर से स्कूल आने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, अब नहीं होगी। सभी छात्राएं अब साइकिल से स्कूल आएंगी। पढ़ाई में किसी प्रकार की कोई रुकावट न आए इसके लिए हमारी सरकार हमेशा प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी छात्राओं को बधाई दी। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग, वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश साहू, अनिता रावटे, झनक लाल साहू, मीना वर्मा, पवन पटेल, गोपाल वर्मा, अभिषेक पांडे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आकांक्षा जैन एवं आभार प्रदर्शन प्रमोद कुमार कन्नौजे ने किया। इस अवसर पर सरस्वती साइकिल योजना के प्रभारी जीआर टांडेकर सहित संस्था के सभी शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित रहे।

## ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना ही आजीविका मिशन का उद्देश्य:सीईओ

**रायगढ़, 22 अगस्त।** सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिले के सभी 7 ब्लॉक के मैदानी अमले बीपीएम, एसी, डीईओ एवं एडीईओ उपस्थित रहे। सीईओ श्री यादव ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का उद्देश्य गरीब ग्रामीण लोगों को सतत आजीविका संवर्द्धन और बेहतर वित्तीय सेवाओं के माध्यम से सक्षम प्लेटफार्म प्रदान करना है ताकि उनकी घरेलू आय को बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों को निचले स्तर तक पहुंचाना तथा ग्रामीण महिलाओं को आजीविका के रूप में आत्म निर्भर बनाना है।

## डबरी में डूबे दो मासूम बच्चों के परिजनों से मिले मंडावी



**बीजापुर,22 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बुधवार को दुगोली पहुंचे विधायक विक्रम मंडावी ने मृतक बच्चों के परिजनों से रूबरू होकर वस्तु सिथति जाना परिजनों ने उन्हें बताया कि पदमा तेलम पिता लखमू तेलम 6 वर्ष वा रंजना तेलम पिता रंजीत तेलम 6 वर्ष परिजनों के साथ खेत.गए थे जंहा वे खेलते-खेलते कहीं चले गये काफी देर बाद भी जब बच्चे वापस नहीं आये तो उनकी खोज खबर ली गई तो बच्चे पास के डबरी में डूबे दिखे आनन फानन में बच्चों को डबरी से निकाला गया जो म्रत अवस्था मे थे इस घटना पर विक्रम मंडावी वा जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया ने परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त किया और कहा कि दुख की इस घडी में हम सब आप के साथ है हमसे जो संभव हो सकता है पूरी मदद करेंगे।

# पुसौर में किए गए गैंग रेप से शर्मशार हुआ रायगढ़

**रायगढ़, 22 अगस्त।** जिले के पुसौर थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ हुए गैंगरेप की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और पुलिस अधीक्षक ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए गैंगरेप से जुड़े एक नाबालिग सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक जिले के पुसौर थाना क्षेत्र में रक्षाबंधन की शाम मेला देखने जाने घर से निकली एक 27 वर्षीय महिला के साथ रास्ते में कुछ युवकों के द्वारा गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया गया है। पीड़िता की शिकायत मिलने के बाद पुलिस कप्तान दिब्यांग पटेल ने पुसौर थाना पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया और तत्काल कार्रवाई करते हुए अलग-अलग टीम बनाकर आसपास के गांव में दबिश देते हुए आधे दर्जन युवकों को हिरासत में लिया था।

पुसौर क्षेत्र में गैंगरेप की घटना के बाद आज सुबह से पुसौर थाने की पुलिस टीम गेट बंद करके अपना कामकाज करते रही और कल रात हिरासत में लिये गए एक नाबालिग सहित 7 आरोपियों की शिनाख्त कराने के बाद आज उन्हें रायगढ़ न्यायालय लाया गया। वहीं फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस की छापामार कार्रवाई अनवरत जारी है।

### तालाब के पास दुष्कर्म

19 अगस्त की शाम रायगढ़ आने के लिये बस का इंतजार कर रही महिला को एक दर्जन से अधिक युवकों ने ग्राम केसाईपाली से उठाकर पास के तालाब में ले गए वहां बारी.बारी से महिला के साथ दुष्कर्म करने के बाद आरोपी आराम से फरार हो गए। इस पूरी घटना के बारे में एक स्थानीय युवक ने बताया कि सभी आरोपियों की उम्र 18 से 21 साल है और तालाब के पास लाकर युवकों ने महिला के साथ गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया।

### गांव में दहशत का माहौल

गैंगरेप के बाद पूरे गांव में न केवल दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। बल्कि दिन के समय भी गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। गांव के ग्रामीणों का कहना है कि गैंगरेप के आरोपियों को सजा होनी चाहिए। ग्रामीणों का कहना था कि पूर्वजों के समय से आज तक इस तरह की घटना हमारे गांव में नही हुई थीए ऐसी घटना यहां नही होनी चाहिए थी। दो से तीन गांव के युवकों के द्वारा इस शर्मनाक घटना को अंजाम दिया गया है।

### गांव-गांव बिक रही शराब

गांव के ग्रामीणों का यह भी कहना था कि इस तरह का घटना होना शराब के चलते हो रहा है। गांव.गांव में महुआ शराब आसानी से मिल जा रही इसी का सेवन करके आरोपी इस तरह की घटना को दिये हैं। महुआ शराब का धंधा पूरे गांव में बंद होना चाहिए।

### गंभीर धाराओं में हुआ अपराध दर्ज

20 जुलाई को पीड़िता उम्र 27 वर्ष थाना पुसौर आकर रिपोर्ट दर्ज कराई के 19 अगस्त को को मेला जाने निकली थी तो रास्ते में उसके साथ आस पास के गाँव के कुछ लडक़े बलात्कार किये। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पीड़िता के बयान एवं आरोपी से पूछताछ के आधार पर अबतक की विवेचना में 08 आरोपी की पहचान किया गया जिसमे से 01 नाबालिग एवं 06 बालिग कुल 07 आरोपी को गिरफ्तार कर आज माननीय न्यायालय पेश किया गया।गिरफ्तार आरोपी जेल दाखिल

गिरफ्तार आरोपियों में राहुल चौहान 19 वर्ष, मोनू साहु 23 वर्ष, राहुल खडिय़ा 19 वर्ष, उत्तम मिर्धा 20 वर्ष, नरेंद्र सिदार 23 वर्ष, बबलू देहरिया 19 वर्ष एवं एक नाबालिग बालक शामिल है। न्यायालय द्वारा नाबालिग को बाल सम्प्रेषण गृह एवं अन्य सभी आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। पीड़िता का मेडिकल मुलाहिजा करवाया गया। पीड़िता का स्वास्थ्य सामान्य है। मामले में अग्रिम विवेचना जारी है।

### कांग्रेस ने बनाई पांच सदस्यीय जांच कमेटी

रायगढ़। पुसौर क्षेत्र में हुई दुष्कर्म की घटना ने सबको सन्न कर दिया है। इसके साथ ही सियासी बयानबाजी भी तेज हो गई है। इसा बीचए पुसौर दुष्कर्म मामले पुलिस ने अपनी जांच तेज कर दी है और 6 लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है। इसके साथ ही अब इस मामले की जांच के लिए कांग्रेस ने पांच सदस्यीय जांच समिति गठित की है। समिति में चार विधायक व एक सदस्य को शामिल किया है। इस समिति में सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगडे, विधायक लैलूंगा विधावती सिदार, विधायक सरायपाली चातुरी नंद, विधायक बिलाईगढ़ कविता प्राणलहरे व सारंगढ़ के अरूण मलाकार को शामिल किया है।

## 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक चलेगा नेत्रदान पखवाड़ा

**रायगढ़, 22 अगस्त।** रायगढ़ सहित समस्त विकासखण्डों में आगामी 25 अगस्त से नेत्रदान पखवाड़ा का आयोजन होने जा रहा है, जो 8 सितम्बर तक चलेगा। सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी ने इस संबंध में जिले के समस्त नेत्र सर्जन, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, नेत्र सहायक अधिकारी एवं समस्त कार्यालयीन स्टाफ को जन चेतना जागृत करने एवं मरणोपरान्त नेत्रदान करने हेतु छोटे-छोटे समूह में जानकारी देने, रैली निकालकर प्रचार-प्रसार करने निर्देशित किया। बैठक में उपस्थित डॉ.श्रीमती मीना पटेल नोडल अधिकारी अंधत्व द्वारा नेत्रदान के संबंध में बताया गया कि राष्ट्रीय स्तर एवं राज्य में दृष्टिहीनों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है उसके एवज नेत्रदान की संख्या बहुत कम है। अंधत्व के बारे में बताया कि कार्निया में किसी भी प्रकार के चोट लगने से सफेदी हो जाती है जिसका उपचार कार्नियल ट्रासप्लांट कर दृष्टि वापस लायी जा सकती है तथा मृत्यु पश्चात ही नेत्रदान की जाती है। नेत्रदान से किसी दृष्टिहीन व्यक्ति के जीवन में नई रोशनी आ सकती है। नेत्रदान करने वालों की आयु 05 वर्ष से 60 वर्ष के आयु वर्ग के व्यक्ति की आंखे दान के लिये उपयुक्त मानी जाती है। लेकिन रैबिज, टीटनेश, हेपेटाईटिस, सर्प दंश, जहर सेवन, जलने से या डूबने से हुई मृत्यु में नेत्रदान के लिये उपयुक्त नहीं माना जाता है। नेत्रदान करने के लिये औपचारिकताओं की आवश्यकता नहीं है।

## बासागुड़ा पोटा केबिन के एक 8 वर्षीय बच्चे की मौत

**बीजापुर,22 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बासागुड़ा पोटा केबिन आवासीय आश्रम शाला मे अधयनरत 8 वर्षीय बालक मडकम देवा की उपचार के दौरान बुधवार को मौत हो गई हैं इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बालक सिकलेन बीमारी से पीडित था इस बात की जानकारी परिजनों को भी थी। उसकी तबियत बिगड़ने से उसे जिला अस्पताल लाया गया था क ई दिनो के इलाज के बावजूद उसकी सिथति मे सुधार नहीं हो ने से बालक को जगदलपुर रिफर किया गया था परंतु रास्ते में ही बालक ने दम तोड़ दिया। इस दौरान बालक के परिजन भी साथ थे। डीएमसी राव ने बताया कि बालक की तबीयत पहले से खराब थी उसका उपचार चल ही रहा था तबियत जादा खराब होने से उसे जिला अस्पताल लाया गया था परंतु इलाज के दौरान बालक की मौत हो गई । उसके उपचार मे किसी तरह की कोई लापरवाही नहीं हुई है मृतक बालक पामेड क्षेत्र के सेंडाबोर का रहने वाला था।

## एक नजर

### महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय में मनाया गया सद्भावना दिवस

**रायपुर, 22 अगस्त।** महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय में सद्भावना दिवस मनाया गया। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर महंत महाविद्यालय में सदभावना दिवस का आयोजन राजीव गांधी स्टडी सर्किल एवम महन्त कॉलेज के एनएसएस इकाई द्वारा संयोजक डॉक्टर मुखर्जी एवम लक्ष्मी साहू के नेतृत्व में किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व कुलपति डॉक्टर निगम शंकराचार्य विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ उपस्थित हुए उन्होंने कहा कि राजीव गांधी भारत के स्वप्न द्रष्टा एवं आधुनिक भारत के निर्माता थे उन्हेंने राजीव गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्रामीण भारत में जनता की भागीदारी कैसे हो ? इसके लिए सुनियोजित ढंग से प्लानिंग करके उसने ग्राम पंचायत की योजना बनाई और कहां की राजीव गांधी के योगदान को भूलाया नहीं जा सकता दूसरी ओर कॉलेज के प्राचार्य ने राजीव गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राजीव गांधी सच्चे रूप से जो आज आधुनिक भारत दिख रही है उसके निर्माता है सभा में प्रबंध समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी ने सभी अथितियों का परिचय कराया एवम राजीव गांधी के 18 वर्ष के उम्र में वोटिंग का अधिकार दिलवाने की बात कही कार्यक्रम में प्रो अंजनी शुक्ल, पूर्व अध्यक्ष, निजी विश्वविद्यालय सचिव अनिल तिवारी, सहित सभी प्रध्यापक गन सम्मिलित हुए कार्यक्रम का सफल संचालन प्रीतम दास ने किया।

### विश्व का सबसे तेज चार्जिंग इनोवेशन

**रायपुर, 22 अगस्त।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय ब्रांड, रियलमी ने आज अपनी नैक्स्ट जनरेशन की 320 वॉट चार्जिंग टेक्नोलॉजी पेश की, जो उद्योग में मानकों को बदल देगी। 320 वॉट के सुपरसोनिक चार्ज के साथ पॉवर, सुरक्षा और एफिशियंसी में अत्याधुनिक प्रगति हासिल हुई है, जो फास्ट चार्जिंग को नई ऊँचाईयों पर ले जाएगी, और पूरे उद्योग में यूज़र के अनुभव को बदल देगी। 320 वॉट के अत्याधुनिक सुपरसोनिक चार्ज के अलावा रियलमी ने अपनी नंबर सीरीज़ में नया स्मार्टफोन - रियलमी 13 सीरीज़ 5जी भी पेश किया है। रियलमी ने साफकर दिया है कि नई नंबर सीरीज़ में 'परफॉर्मेंस' पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह परिवर्तन उन ग्राहकों की विकसित होती हुई जरूरतों को पूरा करने के लिए किया गया है, जिन्हें अपने स्मार्टफोन में ज्यादा मल्टीटास्किंग क्षमता, बेहतर गेमिंग अनुभव और ओवरऑल रिस्पॉन्सिवनेस चाहिए।

### मर्चेंट समुदाय के लिए वन स्टॉप समाधान

**रायपुर, 22 अगस्त।** भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने आज वीज़ा और मिंटोक के साथ भागीदारी में मर्चेंट के लिए नियो लॉन्च करने की घोषणा की। यह अत्याधुनिक बैंकिंग समाधानों के साथ व्यवसायों को सशक्त बनाने के प्रति एक्सिस बैंक की प्रतिबद्धता के लिहाज़ से महत्वपूर्ण उपलब्धि है। अपने उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफेस, बहुमुखी भुगतान स्वीकृति विकल्पों और बेशकीमती व्यावसायिक अंतर्दृष्टि के साथ, नियो फॉर मर्चेंट्स एप पूरे देश में मर्चेंट के लिए भुगतान परिदृश्य को पुनर्परिभाषित करने के लिए तैयार है। नियो फॉर मर्चेंट्स एप मर्चेंट को भुगतान स्वीकार करने, लेन-देन रिपोर्ट देखने और मोबाइल एप्लिकेशन के ज़रिये सीधे सेवा अनुरोध करने की सुविधा प्रदान करता है, जिससे उन्हें अपने रिलेशनशिप मैनेजर पर निर्भर रहना होता है। एप्लिकेशन की ऑल-इन-वन कार्यक्षमता कम लागत वाले समाधान प्रदान करती है, ओम्नी चैनल भुगतान का अनुभव बेहतर बनाती है और लेन-देन तथा सेवा रिपोर्ट जैसी सभी मर्चेंट आवश्यकताओं के लिए वन-स्टॉप समाधान प्रदान करता है।

### कलाकारों ने साझा की जीवन से जुड़ी यादें

**रायपुर, 22 अगस्त।** रक्षाबंधन के मौके पर सन नियो की कलाकार बृंदा दहल, सिद्धि शर्मा और नीलू वाघेला ने रक्षाबंधन के दिन से जुड़ी अपनी यादों के बारे बताया। इस खास त्यौहार को लेकर ये प्रतिभाशाली कलाकार अपनी उत्सुकता और व्यक्तिगत परंपराओं को साझा कर रही हैं। सन नियो के शो 'छठी मैया की बिटिया' में वैष्णवी का किरदार निभाने वाली बृंदा दहल ने कहा, रक्षाबंधन मेरे लिए बहुत मायने रखता है। सन नियो के शो 'इश्क़ जबरिया' में गुलकी का किरदार निभाने वाली सिद्धि शर्मा कहती हैं, इस साल, मैं अपने सभी भाइयों को रक्षाबंधन पर यहाँ बुलाने वाली हूँ। सन नियो के शो 'साझा सिंदूर' में माँ हुकुम का किरदार निभाने वाली नीलू वाघेला कहती हैं, रक्षाबंधन इस बात का प्रतीक है कि भाई-बहन हमेशा एक दूसरे की रक्षा करेंगे।

# सड़क को पार्किंग बनाने का मजा ही कुछ और है




**रायपुर, 22 अगस्त।** शिक्षण संस्थानों को अच्छी व नैतिक शिक्षा का केंद्र माना जाता है। यहां नियम कायदों व कानूनों की भी जानकारी दी जाती है तथा अनुशासन का पाठ पढ़ाया जाता है। दिशा कालेज नामक शिक्षण संस्थान अपने विद्यार्थियों को अलग ही दिशा में ले जा रहा है। राजधानी की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने राज्य सरकार ने करोड़ों खर्च कर चमचमाती सड़क का निर्माण कराया है। इसी सड़क के एक हिस्से को दिशा कालेज प्रबंधन ने वाहन पार्किंग बना दिया है। कालेज के सामने सड़क पर विद्याथी अपनी गाड़ियां खड़ी कर रहे हैं। जबकि कालेज परिसर में वाहन खड़े करने के लिए पर्याप्त जगह है लेकिन कालेज प्रबंधन अंदर गाड़ियां खड़ी करने नहीं देता है। लिहाजा सड़क को ही वाहन स्टैण्ड बना दिया गया है। इस ओर ट्रैफिक पुलिस ने भी ध्यान नहीं दिया है। इन वाहनों के कारण आवागमन तो बाधित होता ही है दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती है। बाहर गाड़ियां भी सुरक्षित नहीं है। दिशा कालेज रामनगर से मोहबाबाजार जाने वाले बाईपास रोड पर स्थित है।

### केनाल रोड का भी यही हाल

केनाल लिंकिंग रोड का भी यही हाल है। केनाल रोड पर यातायात का दबाव बढ़ गया है। इस व्यस्ततम मार्ग के दोनों ओर बड़ी संख्या में यात्री बसें खड़ी रहती है। दरअसल इस मार्ग को पार्किंग बना दिया गया है। इन पर जुर्माना ठोका जाना चाहिए तथा बसों की जब्ती की कार्रवाई होनी चाहिए। न जाने क्यों ट्रैफिक पुलिस इन पर कार्रवाई नहीं करती है।

### पहले गिट्टी उखड़ी, फिर गड्ढा हुआ, अब दुर्घटना की आशंका



**रायपुर।** ये तस्वीर कालीनगर की गली की सड़क की है। सड़क के क्षतिग्रस्त होने से हादसों की आशंका बढ़ गई है। वैसे दो-चार हादसे हो भी गए हैं। बाबा जनरल स्टोर्स के सामने पहले सड़क उखड़ गई। तत्काल मरम्मत नहीं करने के कारण सड़क उखड़ती चली गई और फिर गड्ढे का रूप ले लिया। अब यह खतरनाक हो गया है। नगर निगम चुनाव को कुछ ही माह शेष है फिर भी वर्तमान पार्षद व टिकिट के दावेदार इस जानलेवा गड्ढे को ठीक करवाने ध्यान नहीं दे रहे हैं। दोपहिया वाहन चालकों ने पार्षद से शिकायत की है किन्तु उसके कान में जूं तक नहीं रेंगी है। शिकायत को नजरअंदाज कर दिया गया। स्कूली बच्चे इस मार्ग से आना-जाना करते हैं।

# खिलाड़ियों को दिया जाएगा खेल अलंकरण पुरस्कार

- शासन ने मंगाए आवेदन, ओलंपिक, नॉन ओलंपिक एवं राष्ट्रीय खेल में पदक प्राप्त खिलाड़ियों को मिलेगा प्रशस्ति पत्र और नकद राशि

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 22 अगस्त।** खेल संचालनालय द्वारा ओलंपिक, नॉन ओलंपिक तथा राष्ट्रीय खेलों में पदक प्राप्त विजेताओं को राज्य स्तरीय पुरस्कार दिया जाएगा। कोरोना संकटकाल में यह पुरस्कार चार वर्ष तक प्रदान नहीं किया गया था लेकिन अब इसकी दूसरी कड़ी में इसे प्रदान किया जाएगा।

खेल संचालनालय द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य द्वारा होनहार खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय पुरस्कार देने के लिए अलंकरण समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके लिए खेल संचालक तनूजा सलाम द्वारा आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। खेल विभाग के अधिकारियों के अनुसार इसमें ओलंपिक, नॉन ओलंपिक, राष्ट्रीय खेल में पुरस्कार प्राप्त खिलाड़ियों को तीन लाख रुपए के साथ प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। कोरोना संकटकाल के कारण पिछले चार वर्षों से यह पुरस्कार नहीं दिया जा सका लेकिन खिलाड़ियों की भावनाओं को देखते हुए प्रथम चरण का पुरस्कार गत मार्च माह में दे दिया गया है। राज्य शासन द्वारा जिन खेलों को मान्यता दी गई है उसी के तहत खिलाड़ियों को आवेदन करना होगा। ज्ञात रहे राज्य शासन द्वारा हॉकी तथा अन्य खेलों में जिन खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है उन्हें शासकीय नौकरी में आरक्षण दिया जाता है। राज्य शासन द्वारा फुटबाल, हॉकी, एथलेटिक्स में विजेताओं को पुरस्कार दिया जाएगा। यह कार्यक्रम दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा।

खिलाड़ियों का कहना है कि इस पुरस्कार के लिए एक कमेटी गठित की जाती है जिसमें खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों को भी सम्मिलित किया जाना चाहिए। खेल संचालनालय के अधिकारियों के अनुसार खेल अलंकरण पुरस्कार समारोह के लिए एक समिति गठित की गई है। यह समिति जो भी अनुशंसा करेगी उसे मान्य किया जाएगा। राज्य शासन द्वारा स्थापना दिवस समारोह में उत्कृष्ट खिलाड़ी का गुंडाधुर पुरस्कार दिया जाता है। राज्य के होनहार एवं प्रतिभावान खिलाड़ी इस अलंकरण समारोह का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# हेमचंद, इंदिरा कला-संगीत एवं उद्यानिकी विवि के कुलपति चयन की कवायद

## राजभवन से शीघ्र विज्ञापन जारी करने की तैयारी

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 22 अगस्त।** राज्यपाल रमेन डेका के असम से लौटने के बाद तीन विश्वविद्यालयों में कुलपति चयन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। राज्य में हेमचंद विवि, उद्यानिगकी विवि, इंदिरा कला संगीत विवि में कुलपतियों के पद रिक्त हैं।

प्रदेश के राज्यपाल सभी विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति होते हैं। राज्य में कुलपति चयन के लिए निर्धारित अर्हता तय कर दी गई है। इसके लिए विधिवत विज्ञापन जारी किया जाता है। कहने को तो कुलपति का चयन योग्यता के आधार पर होता है लेकिन पूरे देश में सत्तारूढ़ दल की अनुशंसा के आधार पर ही कुलपति का चयन होता है। इसलिए चयन प्रक्रिया को ही कई राज्यों में बदल दिया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार में अभी यह अधिकार राज्यपाल के पास ही है। इंदिरा कला संगीत विवि की कुलपति को बर्खास्त कर दिया गया है। वहीं उद्यानिकी विवि के कुलपति भी अयोग्य पाए गए हैं। पिछली सरकार ने यह नियुक्तियां राजनीतिक आधार पर की थी जिसके कारण सरकार और मुख्यमंत्री के बीच विवाद पैदा हो गया था। इसलिए वर्तमान सरकार कुलपति चयन की प्रक्रिया को काफी गोपनीय तरीके से करना चाहती है।

इंदिरा कला संगीत विवि ख्याति पूरे देश में हैं। यह विवि वर्तमान में यूजीसी के अधीन आ गया है। इस विवि के कुलपति पद के लिए राष्ट्रीय स्तर के कलाविदों का चयन किया जाएगा। सत्तारूढ़ दल भाजपा है इसलिए इस विचारधारा से संबद्ध लोगों को भी प्राथमिकता दी जाएगी। राज्यपाल द्वारा गठित की गई समिति कुलपति पद के लिए चयनित उम्मीदवारों की अनुशंसा करेगी लेकिन अंतिम निर्णय राज्य शासन द्वारा लिया जाएगा। ज्ञात रहे पश्चिम बंगाल और केरल में कुलपति के चयन को लेकर विवाद इतना गहरा गया है कि वहां राज्य सरकार द्वारा सीधे कुलपतियों का चयन किया जाता है।

# सहारा के निवेशकों को अब तक भुगतान नहीं



**रायपुर, 22 अगस्त।** सहारा इंडिया की समस्त सोसायटियों के पीड़ित निवेशकों के भुगतान के लिए 18 जुलाई 2023 को भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय द्वारा जारी सहारा रिफंड पोर्टल के लान्च होने से पीड़ित निवेशकों में भुगतान हेतु विश्वास जागृत हुआ कि भारत सरकार हम सभी को ब्याज सहित पूर्ण भुगतान अतिशीघ्र कराने में सहायक सिद्ध होगी। पूरे भारत वर्ष में पोर्टल पर क्लेम भी किया गया लेकिन अनेक प्रकार की डिफिसियेंसी से अवगत कराया जा रहा है, कई प्रकार की गंभीर विसंगतियां निवेशक गणों को पोर्टल में बताई जा रही हैं। उन विसंगतियों को निवेशक गण किसी भी परिस्थिति में पूर्ण नहीं कर सकते हैं। विसंगतियों को सहारा सोसायटियों के प्रबंधन द्वारा ही जानबूझकर भुगतान न करने के उद्देश्य से अपने निवेशकों को उलझाये रखने के तहत् सोसायटी प्रबंधन की यह सोची समझी रणनीति है। इन डिफिसियेंसी को यदि सहारा सोसायटी प्रबंधन चाहे तो इसका पूर्ण समाधान कर सकता है चूंकि डिफिसियेंसी की स्थिति निर्मित नहीं है। पूर्व में सोसायटी प्रबंधन अपने कार्यालयों से भुगतान करती थी तो इन डिफिसियेंसियों का कोई वजूद या औचित्य नहीं होता था तो आज क्यों? पीड़ितों की संस्था के कोषाध्यक्ष टेकूराम साहू ने आज एक पत्रवार्ता में बताया कि अब वर्तमान में सी.आर.सी.एस. पोर्टल के प्रति ही निवेशकों की अंतिम आशा, उम्मीद जागी थी कि शायद अब भुगतान मिलना प्रारंभ हो जायेगा लेकिन निराशा ही हाथ लगी। सहारा रिफंड पोर्टल से भी भुगतान नहीं मिला और अनैतिक नियमों, कायदे-कानूनों में उलझाकर आम जमाकर्ताओं को उलझा दिया गया।

# भाजपा आरक्षण खत्म करना चाहती है : दीपक बैज



**रायपुर, 22 अगस्त।** भाजपा की केंद्र सरकार किसी ने किसी प्रकार से वंचित वर्गों का आरक्षण समाप्त करवाना चाहती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि देशभर के अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी वर्ग के लोगों को इस बात की आशंका है कि उनके आरक्षण को बाधित करने वर्ग भेद पैदा करने की कोशिश की जा रही है। कोटा में कोटा भाजपा की साजिश है। देश भर के वंचित वर्ग के लोग मुखरता से भाजपा के साजिश के विरोध में सामने आये। आरक्षण पर आंच कदापि भी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का राजनीतिक चरित्र देश विरोधी है, संविधान विरोधी है, आरक्षण विरोधी है। क्रीमी लेयर के नाम पर आरक्षण को खत्म करने की एक बार फिर से साजिश भाजपा के इशारे में रची गई है। भाजपा के बांटने और काटने की नीति के तहत ही आरक्षित तबके के भीतर वर्गीकरण करके भेद पैदा करने की साजिश है, संविधान की मूल भावना के विपरीत आरक्षण को खत्म करने का षड्यंत्र रचे जा रहे हैं। कांग्रेस इसका विरोध करती है भारतीय जनता पार्टी की सरकार जब से केंद्र में आई है तब से आरक्षित वर्ग के हितों के खिलाफ़ फैसले आ रहे हैं। भाजपा की सरकार है जानबूझकर न्यायलय में आरक्षित वर्गों का पक्ष नहीं रखती है। पहले तो सरकारी उपक्रमों के अंधाधुंध निजीकरण करके आरक्षित वर्ग के युवाओं का सरकारी नौकरी का अधिकार बेच दिया गया, अब बांकी बचे अधिकारों में भी क्रीमी लेयर का भेद?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि खास तौर पर भाजपा शासित राज्य और केंद्र के द्वारा लगातार आरक्षित वर्ग के युवाओं के साथ धोखा किया जा रहा है। हाल ही में मोदी सरकार के द्वारा केंद्रीय सचिवालय में डायरेक्टर और अवर सचिव के पदों पर आरक्षण को दरकिनार कर लैटरल एंट्री का जो षड्यंत्र रचा था उसे कांग्रेस के दबाव में वापस लेना पड़ा।

धरना



**रायपुर, 22 अगस्त।** कांग्रेस नेताओं ने आज ईडी कार्यालय का घेराव किया। पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा, पूर्व विधायक व राष्ट्रीय सचिव विकास उपाध्याय कन्हैया अग्रवाल, पूर्व विधायक अरुण वोरा, ग्रामीण जिला अध्यक्ष उद्धव राम वर्मा और अन्य कांग्रेसी नेता धरना पर बैठे।

### अमर पारवानी कैट के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निर्वाचित



**रायपुर, 22 अगस्त।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्र सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि अमर पारवानी कैट के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निर्विरोध चुने गये हैं। अमर पारवानी ने बताया कि अखिल भारतीय स्तर पर कन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) का नागपुर में चुनाव बैठक आयोजित हुआ। जिसमें व्यापारिक मुद्दो के परिचर्चा के पश्चात् पदाधिकारियों का निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ किया गया।

# सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

**रायपुर, 22 अगस्त।** रिद्धी सिद्धी लोटस पार्क स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी सहित चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दुस्यंत देशमुख 34 वर्ष रिद्धी सिद्धी लोटस पार्क के मकान नंबर 113 में रहता है। बताया जाता है कि प्रार्थी रक्षाबंधन त्यौहार मनाने अपने परिवार के साथ गांव गया था, तभी अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 1 हजार सहित चांदी के जेवर पार कर दिए। चोरी गए जुमला कीमती करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# कांग्रेस सरकार ने की थी सहकारिता क्षेत्र की दुर्दशा: किरण देव

**रायपुर, 22 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ की एक प्रदेश स्तरीय बैठक बुधवार को भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में हुई। बैठक में जिला संयोजक और प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में पंचायतों में पैक्स का विस्तार और कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मार्केटिंग सोसाइटियों के उन्नयन और मत्स्य नीति में संशोधन पर भी चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश सहकारिता और वन मंत्री केदार कश्यप, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय का मार्गदर्शन मिला।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि सहकारिता का विषय बहुत व्यापक है। सहकार से समग्र विकास की कल्पना प्रधानमंत्री मोदी और केन्द्रीय मंत्री शाह ने की है। इसमें सहकारिता को बहुउद्देश्यीय स्वरूप दिया जा रहा है। केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री शाह ने देश में पैक्स के विस्तारीकरण पर बल दिया है। इस दृष्टि से सरकार के साथ ही सहकारिता प्रकोष्ठ का दायित्व ज्यादा गंभीर है। कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ में सहकारिता क्षेत्र की जो दुर्दशा की थी, उसे सुधारकर सहकारिता के क्षेत्र को पुनः प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य करना है। देव ने मोर्चों के साथ-साथ प्रकोष्ठों की प्रभावी भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि जिलाध्यक्षों के साथ चर्चा करके पैक्स के विस्तारीकरण की रूपरेखा तय करें। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों की उपज आदि बिन्दुओं पर ध्यान देना होगा। इसके लिए जिला स्तर के सहकारिता प्रकोष्ठों को भी सक्रिय होना होगा। इस विषय को गंभीरता से लेकर योजनापूर्वक काम करना होगा। इसकी कार्ययोजना बनाने के लिए जिला व मंडल स्तर तक चर्चा की जाए। सहकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले सभी लोगों का मार्गदर्शन व सहयोग लेना चाहिए। हर पंचायत में वर्कआउट करना होगा और हर पंचायत में पहुंचना होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस आर्थिक सशक्तिकरण की परिकल्पना की है, वह इससे भली प्रकार साकार होगी।




बैठक को संबोधित करते हुए सहकारिता व वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि पूरे देश में पैक्स का विस्तार करना है, यह 13 अगस्त को दिल्ली में हुई बैठक में तय हुआ है, इसलिए प्रदेश में हमें पैक्स का विस्तार करके प्रदेश की सभी पंचायतों में सहकारिता का प्रभाव बढ़ाएं। केन्द्रीय मंत्री अमित शाह के आगामी छत्तीसगढ़ प्रवास की चर्चा करते हुए कश्यप ने कहा कि सन् 2047 तक देश में सरकार हो, इसलिए सहकारिता के क्षेत्र में ज्यादा ध्यान देना होगा। प्रदेश सरकार भी सहकारिता के क्षेत्र में नई पीढ़ी को जोड़ने के लिए सतत चिंतनशील है।

सहकारिता व वन मंत्री कश्यप ने कहा कि अभी जितनी समितियां कार्यरत है, उसे प्रदेशव्यापी स्वरूप देना होगा। इसके लिए प्रदेश सरकार सहकारिता नीति पर भी विचार कर रही है। सहकारिता आंदोलन को विस्तार देने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ना है। आने वाले दिनों में जिन पंचायतों में पैक्स नहीं है, वहां पैक्स का गठन करके बहुउद्देश्यीय सहकारिता के लक्ष्य को प्राप्त करना है। कश्यप ने कहा कि कांग्रेस की पिछली प्रदेश सरकार ने सहकारिता आंदोलन को क्षति पहुंचाने का कार्य किया, इसलिए हम सबको इस दिशा में ज्यादा प्रभावी भूमिका का निर्वहन करना है।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री व प्रकोष्ठ प्रभारी रामजी भारती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहकारिता आंदोलन के उन्नयन पर बल दिया। इस लिहाज से देशभर में पैक्स का विस्तार किया जाना है। इससे लाभार्थियों को सहकारिता के माध्यम से अधिकतम लाभ पहुंचायें। प्रदेश में लगभग 12 हजार पंचायतों तक हम सहकारिता को मजबूत बनाएंगे।

# जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सामुदायिक सहभागिता जरूरी: राज्यपाल

**रायपुर, 22 अगस्त।** राज्यपाल रमेन डेका ने जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए सामुदायिक सहभागिता पर जोर देते हुए पर्यावरण संवर्धन के लिए सभी से एक पेड़ लगाने का आह्वान किया है। राज्यपाल डेका ने दुर्ग जिले में आयोजित प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में उक्त आशय के विचार व्यक्त किए।

राज्यपाल ने जिले में विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के अलावा सामाजिक हितों के लिए जिले में किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली। राज्यपाल डेका ने कहा कि सरकार की योजनाओं का सफल क्रियान्वयन अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा सुनिश्चित किया जाता है।

कल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से इसका लाभ जन-जन तक पहुंचता है। उन्होंने अधिकारियों को दायित्वों का निर्वहन कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और समर्पण की भावना से करने कहा। राज्यपाल डेका ने अधिकारियों से एजेण्डावार 20 विषयों पर विचार-विमर्श किया। साथ ही इस पर प्रशासनिक अधिकारियों से सुझाव आमंत्रित किए। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले की योजनाओं के संबंध में पॉवर पांइट प्रेसेन्टेशन दिया। बैठक में संभागायुक्त एस.एन. राठौर, पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26

# अदाणी पावर ने महिला समूहों को किया सिलाई मशीन और ई-रिक्शा का वितरण

## अदाणी फाउंडेशन की 28वीं वर्षगांठ पर महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक और बड़ा कदम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**तिल्दा-नेवरा, 22 अगस्त।** अदाणी पावर लिमिटेड, रायखेड़ा ने अदाणी फाउंडेशन की 28वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में ग्राम ताराशिव में स्थित ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रिपा) में सहेली महिला सिलाई समूह को 33 इलेक्ट्रिक इंडस्ट्रियल सिलाई मशीनें, आलमारी, कूलर और तैयार माल के परिवहन के लिए एक इलेक्ट्रिक लोड व्हीकल (ई-रिक्शा) प्रदान किया है।

ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए अदाणी पॉवर लिमिटेड के सामाजिक सहभागिता के तहत में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन बीते सप्ताह में किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत ताराशिव के सरपंच मनीष वर्मा, पंचायत के अन्य सदस्य, ग्रामीणजन, अदाणी फाउंडेशन की टीम मौजूद थी।

कार्यक्रम के दौरान, अदाणी पावर रायखेड़ा के स्टेशन हेड श्रीकांत वैद्य ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया और आवश्यकता पड़ने पर अदाणी पावर की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं ताराशिव के सरपंच मनीष वर्मा ने अदाणी पावर रायखेड़ा का निस्वार्थ सहयोग और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए आभार व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है कि सहेली महिला सिलाई समूह रायखेड़ा द्वारा संचालित सिलाई केंद्र का संचालन रिपा ताराशिव और ग्राम पंचायत भवन रायखेड़ा में किया जा रहा है, जिसमें 75 महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ी हुई हैं। इस केंद्र के संचालन में अदाणी फाउंडेशन निरंतर सहयोग प्रदान करता है, जिसमें सिलाई प्रशिक्षण और उच्च गति वाली सिलाई मशीनों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें महिला सशक्तिकरण की दिशा में अग्रसर करना है।

यह पहल अदाणी फाउंडेशन के सतत ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है। इस तरह के प्रयास न केवल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने में मदद करते हैं, बल्कि उनके जीवन स्तर में सुधार और आर्थिक सुरक्षा की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। साथ ही अंचल में गुणवत्ता पूर्ण चिकित्सा, शिक्षा और आजीविका उन्नयन के कई कार्यक्रमों का संचालन भी नियमित रूप से किया जा रहा है।

## समाचार संक्षेप

### मां को कंधा देकर बेटियों ने दी मुखाग्नि



**कुरुद, 22 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कभी कभी इंसान विधि के विधान के आगे निःशब्द हो जाते है कहा जाता है कि मौत जीवन का शाश्वत सत्य है लेकिन कभी-कभी ये मौत,जीवित व्यक्ति को भी जिंदा लाश बनाकर रख देती हैं ऐसी ही घटना कुरुद क्षेत्र के ग्राम भाठागांव के प्रतिष्ठित किसान स्व.मनोज साहू के यहां घटित हुआ है बता दें कि मनोज साहू का 2 माह पहले ही देहांत हुआ था अब वहीं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रभा साहू का देहांत बुधवार 21 अगस्त को हो गया स्व. मनोज साहू व उनकी धर्मपत्नी प्रभा साहू कि सिर्फ2 पुत्रियां है जिनकी अभी हाल ही में विवाह हुई है उनकी एक पुत्री मुस्कान -कुणाल साहू जोरातराई जो जनपद सभापति श्रीमती परमेश्वरी महेंद्र साहू की बहू है व दूसरी पुत्री निधि शेखर साहू ग्राम-अमोदी(आरंग) ससुराल गई है पहले पिता अब मां की अर्थी को कंधा देकर बेटियों ने बहादुरी के साथ अपना फर्ज निभाया और नम आंखों से अपनी मां को अंतिम विदाई दी इस मंजर ने अंतिम यात्रा में सम्मिलित लोगों की भी आंखे नम कर दी,गांव के प्रतिष्ठित व्यक्ति के रूप में जाने वाले साहू परिवार दुःख में डूबा हुआ है कम उम्र में ही साहू दंपती का निधन दुखद है अंतिम यात्रा में फूफा विश्वनाथ साहू ,पारख साहू, दिनेश साहू,बड़े पिताजी ताराचंद साहू,खिलेश साहू,भूपेंद्र साहू, भूषण साहू,शैलेंद्र साहू,दादा गजेंद्र साहू,नरसिंह साहू ,जुगल साहू सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### भाजपा पहले ओबीसी समाज के संवैधानिक अधिकारों को सुरक्षित कर लें फिर एससी-एसटी वर्ग की चिंता करें : रात्रे

**भखारा, 22 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बसपा नेता व पूर्व जिला अध्यक्ष आशीष रात्रे ने मीडिया में भाजपा नेता उमेश साहू द्वारा एससी-एसटी वर्ग के लिए बयान दिए गए है उनकी निंदा करते हुए उनके बयान पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि पहले साहू अपने समाज व ओबीसी समाज के संवैधानिक अधिकारों की चिंता करें।आज पूरे भारत देश में पिछड़ों वर्गों की सामाजिक दशा व दिशा कैसे है उन पर चिंता करें। सबसे पहले तो बता दूं कि आरक्षण आर्थिक आधार पर नहीं लागू किया गया था यह सामाजिक गैर बराबरी भेद-भाव के आधार पर लागू हुआ था। आज गाय,बैलों की गिनती हो रही है लेकिन हमारे पिछड़े वर्गों की गिनती नहीं हो रही है उस पर अपने पार्टी का क्या कहना है वो स्पष्ट करें। दूसरे तरफछत्तीसगढ़ प्रदेश में पूर्व सरकार द्वारा पिछड़े वर्ग को 27त्न आरक्षण की घोषणा की गयी थीं उस पर वर्तमान सरकार क्या कर रहे हैं उन बातों को समाज को अवगत कराए जो पिछड़े वर्ग कि विकास नहीं चाहते ऐसे 40 लोग छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में याचिका दायर की है सीधे तौर पर ओबीसी समाज के संवैधानिक अधिकारों का आरक्षण का विरोध कर रहे हैं। आज एससी-एसटी वर्ग में इतनी जागरुकता आ गयी है कौन सही गलत का पहचान कर रहे हैं इसमें आपस में फूट डालने की कोशिश मत न करे।



### सोनाडीह सीमेंट प्लांट में चोरी करने वाले गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 22 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थी अमरजीत कुमार सुरक्षा कर्मी सोनाडीह सीमेंट प्लांट द्वारा थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि सोनाडीह सीमेंट प्लांट में मटेरियल गेट के अंदर एमसीसी रूम मे लगे एसी में लगने वाले कॉपर पाइप लगभग 40 मीटर को 21 अगस्त को किसी अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर लिया गया है, कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 536/2024 धारा 331(4), 305 बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। रिपोर्ट दर्ज होती ही थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में आरोपी श्रवण कुमार उम्र 26 साल निवासी ग्राम रसेडी थाना सिटी कोतवाली को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जिसमें आरोपी द्वारा सोनाड़ीह सीमेंट प्लांट से कॉपर पाइप चोरी करना स्वीकार किया गया।

## एक नजर

### रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया



**छुरा, 22 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अंचल में सावन पूर्णिमा पर अधिक उत्साह के साथ भाई बहन के अटूट स्नेह का पर्व रक्षाबंधन का त्योहार हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया है।यह पर्व भाई और बहन के प्यार-स्नेह का प्रतीक है।इस शुभ अवसर पर बहन अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और गुलाल का टीका लगाकर आरती उतार कर मुंह मीठा कराकर उनके उवल भविष्य की प्रार्थना करती हैं।इस दौरान भाई अपनी बहनों को उपहार देते हैं।इस पर्व से बहन और भाई के प्रेम का प्रतीक से इस वर्ष दिन सोमवार को रक्षाबंधन का पर्व को बेहद उत्साह के साथ मनाया गया है।सावन आते ही बेटियों को मायका हूक देने लगता है तो विदा होता हुआ सावन कलाई में रक्षा सूत्र बंधवाने को व्याकुल भाइयों और प्रतीक्षा करती बहनों को पुकारने लगता है।भाई-बहन के स्नेह और विश्वास के पर्व रक्षाबंधन को पूर्णिमा के दिन मनाकर ही विदा होता।भाई अपनी बहन की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध होता है और बहन अपने भाईयों की खुशियों की प्रार्थना करती है।बहन जब भाईयों को टीका लगाकर राखी बांधती है तो मन ही मन अपने भाई की प्रसन्नता पर न्योछावर होती है।रेशम के धागे में लिपटा भाई-बहन के स्नेह और विश्वास का यह भाव सदा इसी प्रकार अक्षुण्ण रहे।इस बंधन की डोर न छूटे।

### अदृश्य सत्ता परमात्मा की शक्ति है जो हमारी रक्षा करती है : अंशु दीदी



**छुरा, 22 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** यू तो बंधन किसी को अच्छा नही लगता है लेकिन, इस रक्षासूत्र के बंधन मे सभी बंधना चाहते है।जब हम ईश्वर के प्रेम व मर्यादाओ के बंधन मे बंध जाते हैं तो विकारो और तमाम प्रकार की बुराईयों के बंधन से मुक्त हो जाते है। ग्राम खड़मा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र की ब्रह्माकुमारी बहनो ने रक्षा-सूत्र बांधते समय उक्त बाते कही। सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी ने आगे कहा कि विकारो से मुक्त होने और अनैतिकता से दूर रहने से स्वतः ही हमारी रक्षा होने लगती है।एसे मे यही अदृश्य सत्ता परमात्मा की शक्ति है, जो अपनी शिक्षाओ के द्वारा ही हमारी रक्षा करते है।अंशु दीदी रक्षाबंधन के दिन का आध्यात्मिक रहस्य बतायी की तिलक आत्मिक स्मृति दिलाता हैऔर गुणग्राही बनकर सर्व के गुणों को देखने की प्रेरणा देता है वही मिठाई मीठे बोल व व्यवहार का प्रतीक है।

### वाहन चालक कमल ने कार्रवाई से बचने के लिए एसडीएम पर लगाया झूठा आरोप

# विभागीय जांच में सामने आए चौंकाने वाले तथ्य, चालक की नौकरी लगी दांव पर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बालोद, 22 अगस्त।** बालोद जिले क्षेत्र में गुरूर एसडीम प्राची ठाकुर को लेकर उनके ही वाहन चालक ने एक झूठा आरोप गढ़ दिया था, उस आरोप की जब जांच कराई गई तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए, तथ्य यह है वाहन चालक कमल किशोर गंगराले की कार्यप्रणाली काफी दिनों से असंतोष रहने की वजह से वह सुर्खियों में रहे हैं और अपनी गलतियों को पर्दा डालने के लिए अपने ही अधिकारियों पर झूठा आरोप लगा दिया है, जबकि वास्तविक यह है कि जो शासकीय वाहन की चर्चा की जा रही है वह शासकीय वाहन ख़राब होने की सूचना जब कमल ने अधिकारी को दी तो उन्होंने वाहन को बनने के लिए दिया एवं उस दौरान ही निजी वाहन का प्रयोग किया जिसका प्रमाण खुद कमल किशोर गंगराले ने ही लिखित में अपने अधिकारी को दिया था और कहा था कि शासकीय वाहन लंबे समय तक, लंबी दूरी तक नहीं जा सकता कारण की वाहन के इंजन के अलावा अन्य कार्य है इ

अपने बिछाये जाल में स्वयं वाहन चालक कमल किशोर गंगराले बुरी तरह फंस गया अब स्थिति यह हो गई एक और खाई और दूसरी और गड्ढा दोनों पाटने योग्य नहीं है, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय उसके भविष्य और नौकरी पर खतरे की घंटी बजने लगी है, बालोद जिले क्षेत्र की एसडीएम प्राची ठाकुर के सकारात्मक कार्य और बेहतरीन कार्य प्रणाली के चलते उन्हें स्वतंत्रता दिवस में माननीय सांसद महोदय द्वारा सम्मानित भी किया गया ऐसे में एस डी एम प्राची ठाकुर की छवि को धूमिल करने के लिए कूटरचना रच कर षड्यंत्र कर डाला जो काफी निंदनीय है पूरे बालोद जिले में अधिकारी वर्ग ने इस घटना की कड़ी निंदा की है, , बताया जाता है कि ड्राइवर कमल किशोर की कार्यप्रणाली काफी असंतोष और असंतुष्ट होने की वजह से उस पर कभी भी कार्यवाही हो सकती थी जिसके से उसने यह प्रयास किया जो पूरी तरह असफल रहा, वाहन चालक कमल किशोर के खिलाफ लगातार गंभीर आरोप पिछले कई वर्षों से लगते आ रहे हैं एक नहीं विभिन्न अधिकारियों ने कमल की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान उठाया है।

विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वाहन चालक कमल किशोर अपनी बीवी से मिलने दंतेवाड़ा जाता था जो शिक्षा विभाग में कर्मचारी है बिना लिखित में अवकाश लेकर जाता है, अवकाश से आने के बाद वह अनुपस्थिति दिवस मे भी उपस्थिति का हस्ताक्षर करता था, एस डी एम को नाम से संबोधित करता था जो कि कदाचार की श्रेणी में आता है इसकी जानकारी होने पर एसडीएम प्राची ठाकुर ने उस पर कार्यवाही कि बात कही जिससे घबराकर उसने यह आरोप लगाया, कमल हमेशा धुम्रपान कर चलता था गाड़ी, उस पर पूर्व मे भी विभाग की गोपनीय जानकारी सार्वजनिक करने का आरोप लग चुका है, इसके चलते उसे पद से हटाते हुए ज़िला कार्यालय अटैच किया गया एवं उसके खिलाफकार्यवाही की तैयारी की जा रही थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ड्राइवर कमल किशोर ने स्वयं डीजल पंजी मे लिखित हस्ताक्षर कर जानकारी दिया है कि सरकारी वाहन चलने के लायक नही है, ऐसे मे सरकारी वाहन के दुरूपयोग करने के आरोपो की सत्यता संदेह के दायरे मे आ गई है, वही सरकारी वाहन खराब होने के कारण एसडीएम द्वारा निजी वाहन का ही उपयोग किया जा रहा था ऐसे में वे निजी वाहन से कही भी जाये उससे ड्राइवर को मतलब नहीं होना चाहिए था परंतु ऐसे मे ड्राईवर द्वारा लगाया गया आरोप स्वयं ही संदेहो एवं जांच के दायरे मे आ गया है।

मामले मे एसडीएम प्राची ठाकुर ने कहा कमल किशोर अवकाश लेकर परिवार के पास दंतेवाड़ा जाता था, लेकिन वापस आकर वह अनुपस्थित दिवस मे भी हस्ताक्षर करता था। ड्राईवर ने स्वयं लिखित जानकारी दी है कि सरकारी वाहन खराब है।

महिला अधिकारी होने के बावजूद कड़ी मेहनत कर शासन के नियमों का पालन कर शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का सफल प्रयास कर सकारात्मक और बेहतरीन छवि को धूमिल करने का प्रयास अब कमल के लिए ही मुसीबत बन गई।

वाहन चालक कमल किशोर शासकीय नियमों का उल्लंघन कर शासकीय जानकारी को सार्वजनिक करना और चरित्र व्यवहार को संयम न बरतते हुए षड्यंत्र रचने का प्रयास कर स्वयं विवादों में घिर गया है।

# सिंधी पंचायत ने लगाया सात दिवसीय एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर



**भाटापारा, 22 अगस्त।** पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत भाटापारा एवं बाबा हरदासराम सेवा मण्डल के संयुक्त तत्वाधान में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए संयुक्त प्रयास किया जा रहा है जिसमें सात दिवसीय एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का आयोजन 21 अगस्त से 27 अगस्त 2024 तक गोदड़ीवाला धाम पटपर रोड में आयोजित किया गया है, आज शिविर का शुभारंभ प्रथम दिवस बुधवार को प्रातः समाज के अध्यक्ष इंदरलाल थारानी, वरिष्ठ समाजसेवी व चिकित्सक डॉ.वासुदेव ठाकुर द्वारा परमानंद केसवानी, समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश बालानी, महासचिव राजेश छाबड़िया, सुरेश गोदवानी व तेजभान दावानी जनों की उपस्थिति में साई झूलेलाल जी व बाबा हरदासराम जी की मुर्ति पर माल्यार्पण एवं विधिवत पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

शिविर में राजस्थान के प्रमुख एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा अपनी सेवाएं दी जाएंगी। जिसमें एक्यूप्रेशर वाइब्रेशन, सुजोक आदि नेचुरल पद्धति से इलाज किया जाएगा पूज्य सेंट्रल सिंधी पंचायत के महासचिव राजेश छाबड़िया के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि स्वस्थ शरीर हमारे लिए सबसे पहली पूंजी है।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए इस शिविर का आयोजन किया गया है जिससे अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ प्राप्त हो सके उन्होंने बताया कि शिविर के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य यह है कि हम सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का लाभ मिले। यह शिविर सर्व समाज के लिए सात दिवसीय एक्यूप्रेशर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में राजस्थान के एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ डॉक्टर गोवर्धन चौधरी एवं डाक्टर भीमसेन चौधरी अपनी टीम के साथ सेवाएं देंगे। स्वास्थ्य शिविर आयोजन को सफल बनाने में समाजजनों ने शिविर में रहकर अपनी सहभागिता निभाई। यह शिविर प्रतिदिन दो पालियों में संपन्न होगा प्रथम पाली में सुबह 8-30 बजे से 12-30 बजे तक एवं द्वितीय पाली में शाम 4:00 बजे से 8-00 तक इलाज किया जाएगा।

शिविर में नसों के जरिए बिना दवाईयों के घुटनों का दर्द, मोटापा, शुगर, शुगर, स्पाइन संबंधी रोग, साइटिका, सर्वाइकल प्राब्लम समेत कई प्रकार के बीमारियों का इलाज किया जाएगा। शिविर का लाभ लेने के लिए पहले शिविर स्थल पर पंजीयन करवाना अनिवार्य होगा।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202408230300010/146/ अ-2/ वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद सर्वसाधारण ग्राम/नगर जेवरी तहसील व जिला बेमेतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका लाभ सिंह सलूजा पिता मालक सिंह सलूजा निवासी बेमेतरा तहसील व जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा ग्राम/नगर खिलौरा प.ह.नं. 38 तहसील व जिला बेमेतरा स्थित उनके नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 657/2, 657/3, 657/4, 657/5, 657/6, 658 कुल रकबा 0.41 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ बाबत् आवेदन पत्र शपथ पत्र, बी-1, खसरा, स्टाम्प की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 03/09/2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.08.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)



**कार्यालय सिविल सर्जन-सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय-बेमेतरा (छ.ग.)**

ईमेलः- csdhbemetara@gmail.com फोन नं. 07824 222-150

पत्र क्र./जि.चिकि./निविदा/2024-25/1770 बेमेतरा, दिनांक 20/08/2024

**//निविदा निरस्तीकरण सूचना//**

जिला चिकित्सालय बेमेतरा में निविदा विज्ञप्ति वर्ष 2024-25 के लिए (एक वर्ष के लिए) अधोहस्ताक्षकर्ता द्वारा **जिला चिकित्सालय बेमेतरा अंतर्गत भोजन व्यवस्था/सफाई व्यवस्था/सुरक्षा व्यवस्था** हेतु पृथक-पृथक सील बंद निविदा कार्यालयीन पत्र क्र./जि.चिकि./निविदा/2024-25/1414 बेमेतरा दिनांक 09.07.2024 **Advertisement No 242500980** के माध्यम से आमंत्रित की गई थी। उक्त निविदा चयन समिति की अनुशंसा उपरांत उक्त निविदा अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

**टीपः-**

1. पुनः निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाईट http://bemetara.gov.in में पृथक से प्रादय की जावेंगी।
2. पूर्व में जिन फर्म के द्वारा फार्म हेतु 3000.00 शुल्क जमा किया गया है। संबंधित फर्म के द्वारा पुनः फार्म क्रय करने पर पावती/रसीद के आधार पर निःशुल्क फार्म प्राप्त कर सकते हैं।

**सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक**
जिला चिकित्सालय बेमेतरा (छ.ग.)

जी-242501925/4


### दर्राटोला को विष्णुदेव सरकार ने दिया राजस्व ग्राम दर्जा

# राजस्व ग्राम बनने की खुशी में ग्रामवासियों ने मनाया तिहार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दल्लीराजहरा, 22 अगस्त।** ग्राम दर्राटोला डोंडी विकास खण्ड का वह ग्राम है जो राजस्व ग्राम नही था जिसके कारण से ग्राम वासियों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था।

छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद से ही ग्रामवासी अपने गांव को राजस्व ग्राम बनाने के लिए भाग दौड़ जारी कर दिया सालो राजस्व ग्राम बनवाने ग्रामीणों ने संघर्ष किया तहसीलदार अनुविभागीय अधिकारी जिला कलेक्टर संभाग कमिश्नर सभी के पास जाकर आंदोलन करते रहे काफी समय से प्रकरण पेंडिंग रहा पर ग्रामीणों का संघर्ष जारी रहा। ग्रामीणों ने मिलकर गांव में राजस्व ग्राम के संघर्ष के लिए समिति बनाई जिसमे देव प्रसाद आर्य जोहन भंडारी अंजोरी धलेंद्र रामेश्वर कोसमा खेदूराम कोसमा के नेतृत्व में फिर एक बार संघर्ष जारी हुआ।

2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी देवलाल ठाकुर के समक्ष ग्राम वासी ने राजस्व ग्राम बनाने की बात रखी तब ठाकुर ने कहा था भाजपा की सरकार बनते ही दर्रा टोला को राजस्व ग्राम का दर्जा प्राप्त होगा तब ग्रामीणों में नई आस बनी और आज भाजपा सरकार विष्णु देव साय की सरकार में ग्राम दर्रा टोला राजस्व ग्राम बना इस खुशी में सभी ग्राम वासी ने गांव में राजस्व तिहार मनाया इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे जिला पंचायत के प्रथम अध्यक्ष देवलाल ठाकुर ने कहा जब ले बने है हमर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सबके काम होत हवे साय साय छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद से आप लोग राजस्व ग्राम की मांग करते आ रहे है और वही राज्य बनने के बाद से आदिवासी समाज आदिवासी मुख्यमंत्री की मांग करते आ रहे थे 2023 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार में छत्तीसगढ़ को आदिवासी समाज से मुख्यमंत्री दिया जिसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा का आदिवासी समाज आभार करती है आज आदिवासी अंचल की समस्याओं को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय समझ रहे है जिसका परिणाम आप लोगो के सामने वर्षो पुरानी मांग पर ग्राम दर्रा टोला राजस्व ग्राम बन गया सभा को मिथलेश नरेटी जनपद सदस्य संजय बैस ने भी संबोधित किया और विष्णु देव साय सरकार की कार्यो की सराहना किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से बलवंत साहू, ललिता पोर्ते, अनिल सुथार, बोरकर, पवन बाई देव प्रसाद, खेदूराम, अंजोरी राम सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एव आदिवासी समाज के सदस्य उपस्थित थे।


**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

No.15-06/S&P/P/W/TN-120/24/2396 Marwa, dtd. 20-8-2024

**NOTICE INVITING E-TENDER NO TN-120/2024 :-**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced firms for Supply/works as mentioned below for ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa

| S. No | Tender Specification No. | Rfx No. (E-Tender No.) | Particulars | Last Date/Time of submission of bid. | Tender Fee (Rs.) | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 15-06/ S&P/ EE-IV/P/ T-185/24 | 8100038699 | Supply of "Bull Clamping Ring (4 SEG/SET) &Air Seal Ring of XRP 1003 Mill at 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 13.09.2024 15:30 Hrs | Rs. 590/- (500 + GST @18%) | Rs. 14,550/- |
| 02. | 15-06/ S&P/ EE-IV/W/ T-186/24 | 8100038705 | Deployment of skilled labours to assist in Operation activities of Unit#1 and Unit#2 round the clock in three shift daily at 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 13.09.2024 15:30 Hrs | Rs. 590/- (500 + GST @18%) | Rs. 11,250/- |
| 03. | 15-06/ S&P/ EE-IV/P/ T-187/24 | 8100038759 | Supply of complete Submersible Pump and Booster Pump with Motor & control panel for feeding water to RCC overhead tank from surface sump at colony premises at 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 13.09.2024 15:30 Hrs | Rs. 590/- (500 + GST @18%) | Rs. 14,590/- |

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/Ebidding/Ebidding web portal. Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.

SAVE ELECTRICITY

Superintending Engineer (Contract)
O/o The Addl. Chief Engineer (S&P)ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa

Samvad-41202/1